सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 21.2
न्यूनतम : 11.4

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-222 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 01 फरवरी 2026
12 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# टीएमसी की विदाई का समय आ गया

■ पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी पर बरसे अमित शाह



**उत्तर 24 परगना।** पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस कड़ी में अब शनिवार को उत्तर 24 परगना में दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि अब टीएमसी की विदाई का समय आ गया है। इसी के गृहमंत्री अमित शाह ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है। इसी के साथ गृहमंत्री ने ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर वंदे मातरम के अपमान का भी आरोप लगाया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, इस साल वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है। पीएम मोदी की सरकार ने पूरे देश में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाने का फैसला किया है, लेकिन विडंबना देखिए। जब बंगाल में जन्मे और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम पर संसद में चर्चा हुई, तो ममता बनर्जी के सांसदों ने चर्चा का विरोध किया। क्या बंगाल की धरती वंदे मातरम के इस विरोध को बर्दाश्त कर सकती है? हमें यह संदेश बंगाल के हर व्यक्ति, हर वोटर, हर नागरिक तक पहुंचाना है कि ममता बनर्जी और टीएमसी वोट बैंक की राजनीति और घुसपैठियों को खुश करने के लिए वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, वंदे मातरम का विरोध करके ममता बनर्जी नरेंद्र मोदी का विरोध नहीं कर रही हैं, बल्कि वह बंगाल की पहचान और भारत के गौरव का विरोध कर रही हैं। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि अगले चुनावों में बंगाल की पहचान का विरोध करने वाली टीएमसी को पूरी तरह से उखाड़ फेंकें और यहां देशभक्तों की सरकार लाएं।

वहीं आनंदपुर अग्निकांड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आनंदपुर में लगी आग कोई हादसा नहीं है। 25 लोगों की जान चली गई है, और 27 लोग लापता हैं। यह घटना क्यों हुई? इस मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा है? मोमो फैक्ट्री के मालिक कौन हैं? मोमो फैक्ट्री के मालिक किसके साथ फ्लाइट से विदेश गए हैं? और मोमो फैक्ट्री के मालिक को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? अगर ये घुसपैठिए (मृतक) होते तो क्या ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती? बंगाली नागरिकों की हत्या हुई है। इस मामले में आप वोट बैंक की राजनीति क्यों कर रही हैं? ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए।

### आनंदपुर अग्निकांड मामले की न्यायिक जांच की मांग

अमित शाह ने कहा, मैं मांग करता हूं कि बंगाल की मुख्यमंत्री इस घटना की निष्पक्ष, न्यायिक जांच कराएं, और जो लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें जेल भेजा जाए। सुवेंदु अधिकारी और सामिक भट्टाचार्य पीड़ितों के परिवारों से मिलने गए थे। हमारे कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, और पुलिस ने उन पर बर्बरता की। ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार का भ्रष्टाचार अब छिपा नहीं रह सकता। आनंदपुर गोदाम में लगी आग चिल्ला-चिल्लाकर कह रही है कि इसमें ममता बनर्जी के लोग शामिल हैं।

### ईरान में लगातार दो धमाके, 5 लोगों की मौत

■ इजरायल ने कहा हमारा हाथ नहीं

**तेहरान।** ईरान में शनिवार को दो अलग-अलग धमाकों में कम से कम पांच लोग मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए। सरकारी तेहरान टाइम्स ने शहर के फायर डिपार्टमेंट के प्रमुख के हवाले से बताया कि दक्षिण-पश्चिमी शहर अहवाज में एक गैस धमाके से एक रिहायशी इमारत ढह गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई।

एक स्थानीय अधिकारी ने न्यूज एजेंसियों को बताया कि एक अलग घटना में दक्षिणी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में एक धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। दो इजरायली अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने इन धमाकों में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने होर्मोजगान प्रांत में संकट प्रबंधन के डायरेक्टर जनरल मेहरदाद हसनजादेह के हवाले से बताया कि धमाके की वजह की जांच की जा रही है।

# सुनेत्रा पवार बनीं महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दिवंगत नेता अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने शनिवार शाम यहां महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। वह राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनी हैं। सुनेत्रा पवार को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राजभवन में आयोजित संक्षिप्त समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके साथ ही वह अपने पति दिवंगत अजित पवार के स्थान पर फडणवीस मंत्रिमंडल में शामिल हो गयीं। अजित पवार, राज्य मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री थे। उनका 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। उपमुख्यमंत्री रहते हुए श्री पवार के पास वित्त, खेल, आबकारी जैसे मंत्रालय थे।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, राकांपा के वरिष्ठ प्रफुल्ल पटेल समेत पार्टी के कई नेता तथा कार्यकर्ता और कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इससे पहले शनिवार दोपहर में सुनेत्रा पवार को राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया था। वह इस समय राज्यसभा की सांसद हैं। सुनेत्रा पवार ने 2010 में भारतीय पर्यावरण मंच नाम के गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) बनाया। इस एनजीओ ने देश में इको-विलेज मॉडल की अवधारणा को सशक्त बनाया है। उन्होंने जैव-विविधता के संरक्षण और जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में बहुत काम किया है। इसके अलावा उन्होंने महाराष्ट्र के 86 गांवों में निर्मल ग्राम आंदोलन नाम के एक स्वयं-सहायता समूह की अगुवाई भी की।

### मिले तीन विभाग

सुनेत्रा पवार को राज्य उत्पाद शुल्क, खेल एवं युवा कल्याण, अल्पसंख्यक विकास व वक्फ विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। माना जा रहा है कि ये विभाग प्रशासनिक रूप से महत्वपूर्ण तो हैं, लेकिन वित्त मंत्रालय जितने प्रभावशाली नहीं माने जाते।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनेत्रा पवार को बधाई देते हुए कहा कि राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम के रूप में वह जनता के कल्याण के लिए निरंतर काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा पवार के विजन को आगे बढ़ाएंगी। उनके इस संदेश को राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस पर सुनेत्रा ने कहा कि आपने जो आशीर्वाद दिया है, वह मेरे लिए प्रेरणादायक है। जैसे ही मैं महाराष्ट्र की सेवा के लिए नई जिम्मेदारी शुरू कर रही हूं, आपके शब्दों ने लोक कल्याण के काम के लिए मेरा आत्मविश्वास बढ़ा दिया है।

# पहली बार रविवार के दिन पेश होगा बजट

■ वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विकास और राजकोषीय अनुशासन में संतुलन बिठाना चुनौती



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगी। साल 2017 से बजट एक फरवरी को ही पेश किया जाता है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में केंद्रीय बजट पहली बार रविवार को पेश किया जायेगा। साथ ही निर्मला सीतारमण लगातार नौ बार बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जायेंगी जिसमें एक अंतरिम बजट भी शामिल है।

इससे पहले सुबह 10.15 बजे केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक होगी जिसमें आम बजट को मंजूरी प्रदान की जायेगी। इसके बाद वित्त मंत्री राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को बजट पेश किये जाने की जानकारी देंगी। बजट 11 बजे लोकसभा में पेश किया जायेगा। लोकसभा में पूरा बजट भाषण पढ़ने के कुछ देर बाद बजट को राज्यसभा के पटल पर रखा जायेगा।

परोक्ष करों की दरों में फेरबदल का अधिकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद को दिये जाने के बाद से बजट का मुख्य आकर्षण नयी योजनाएं, परियोजनाएं और आयकर को लेकर की गयी घोषणाएं रह गयी हैं। बढती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच पेश किये जाने वाले बजट में सरकार के सामने मुख्य चुनौती आर्थिक वृद्धि की गति और विकास की प्राथमिकताओं, राजकोषीय अनुशासन व जरूरतमंदों के रोजगार तथा कल्याण को सुरक्षित रखने के बीच संतुलन बिठाने की है।

### प्रदेश में छह आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शनिवार को छह आईएएस अफसरों के ट्रांसफर कर दिए हैं। इनमें यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप को आगरा का कमिश्नर बनाया गया है। मऊ के मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर को फिरोजाबाद के नगर आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। मऊ के मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर को नगर आयुक्त, फिरोजाबाद एवं उपाध्यक्ष, फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के उपसचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव को मऊ का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे आद्योगिक विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है।

# उत्तर प्रदेश में छह को रिलीज होगी फिल्म गोदान

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले निर्माता-निर्देशक



**लखनऊ।** फिल्म गोदान उत्तर प्रदेश के सिनेमाघरों में छह फरवरी को रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक विनोद चौधरी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। फिल्म गोदान का ट्रेलर आज मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया।

गोदान फिल्म के निर्माता-निर्देशक विनोद चौधरी ने शनिवार को अपनी टीम के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट की। यह फिल्म गो संरक्षण और भारतीय संस्कृति में गौ माता की भूमिका पर आधारित है। डॉ. कपिल त्यागी ने गोदान फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। फिल्म की प्रीमियर नोएडा में हुआ था और देश भर के सिनेमाघरों में फिल्म छह फरवरी को रिलीज होगी। बुलंदशहर के स्याना के डॉ. कपिल त्यागी ने फिल्म में गो अनुसंधान केंद्र, फरह, मथुरा के निदेशक का किरदार निभाया है। 40 करोड़ रुपये की लागत से बनी फिल्म 'गोदान' की शूटिंग उत्तराखंड में भी हुई है। फिल्म 'गोदान' की भव्यता को दर्शाने के लिए इसकी शूटिंग उत्तराखंड की वादियों, नोएडा, मथुरा और मुंबई के विभिन्न स्थानों पर की गई है।

# तंबाकू-पान मसाला अब और महंगे हो जाएंगे

■ एक फरवरी से लगेगा एक्स्ट्रा उत्पाद शुल्क और स्वास्थ्य उपकर



**नई दिल्ली।** सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जाएगा। यह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की उच्चतम 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाएगा। ये उपकर और उत्पाद शुल्क इन हानिकारक वस्तुओं पर एक जुलाई 2017 से लागू 28 प्रतिशत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे।

इसके अलावा, एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा युक्त सुगंधित तंबाकू और गुटखा) के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) आधारित मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत जीएसटी का निर्धारण पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर किया जाएगा। पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा। ऐसे उत्पादों के निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करने वाली एक कार्यशील सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और इसकी फुटेज को कम से कम 24 महीनों तक सुरक्षित रखना होगा। उन्हें उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी भी देनी होगी।

यदि कोई मशीन लगातार कम से कम 15 दिनों तक बंद रहती है, तो वे उत्पाद शुल्क में छूट का दावा कर सकते हैं। एक फरवरी से प्रभावी केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधन कर सिगरेट की लंबाई के आधार पर 2.05 रुपये से 8.50 रुपये प्रति स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून पान मसाला इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर उपकर लगाता है। इसके तहत 40 प्रतिशत जीएसटी को शामिल करने के बाद पान मसाला पर कुल कर का भार मौजूदा स्तर यानी 88 प्रतिशत पर ही बरकरार रखा गया है।

## अरब देशों के विदेश मंत्रियों ने पीएम मोदी से की मुलाकात

# सीमा पार आतंकवाद स्वीकार्य नहीं : जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सीमा पार आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ बिल्कुल भी समझौता नहीं होना चाहिए और यह नियम पूरी दुनिया में एक जैसा लागू होना चाहिए। ऐसे में भारतीय विदेश मंत्री के इस बयान को पाकिस्तान को चेतावनी और मिडिल ईस्ट के देशों से इस खतरे के खिलाफ एकजुट होने के आह्वान के रूप में देख जा रहा है।

अरब विदेश मंत्रियों प्रधानमंत्री मोदी से भारत मंडपम में मुलाकात की। शनिवार को हुई इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने भारत और अरब दुनिया के बीच गहरे और ऐतिहासिक लोगों के बीच संबंधों पर जोर दिया। जयशंकर ने मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल पर बात करते हुए कहा कि यह मध्य पूर्व में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, क्योंकि पिछले वर्ष में इस क्षेत्र की स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से हम सभी को प्रभावित करता है और निकटवर्ती क्षेत्र होने के कारण भारत के लिए यह भी अहम है। काफी हद तक, इसके परिणाम भारत और अरब देशों के संबंधों के लिए भी प्रासंगिक हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम एशिया में कई अहम घटनाएं हुई हैं और इनमें से कई का असर क्षेत्र से बाहर भी देखा गया। उन्होंने गाजा व सूडान में संघर्ष, यमन, सीरिया और लीबिया की स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों के मद्देनजर हमारा साझा हित स्थिरता, शांति और समृद्धि वाली ताकत को मजबूत करना है।

### अरब देशों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान

अरब लीग के देशों से आतंकवाद के खिलाफ आह्वान करते हुए जयशंकर ने कहा, आतंकवाद से निशाना बनाए गए समाजों को अपना बचाव करने का अधिकार है और वे स्वाभाविक रूप से इसका इस्तेमाल करेंगे। यह जरूरी है कि हम इस वैश्विक बुराई से लड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करें। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस एक बिना समझौता वाला सार्वभौमिक कानून होना चाहिए।



## डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का निरीक्षण, बूथ पर पहुंचकर खुद परखी हकीकत

## 02 फरवरी भी विशेष अभियान तिथि, बूथों पर मिलेंगे बीएलओ



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मतदाता सूची को दुरुस्त करने की मुहिम ने शनिवार को जिले भर में रफ्तार पकड़ ली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष अभियान दिवस में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वयं मैदान में उतरकर बूथों का औचक निरीक्षण किया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डिप्टी डीईओ नरेंद्र बहादुर सिंह और ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ क्रमशः मतदान स्थल स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज (भाग संख्या 300-305) और धर्म सभा इंटर कॉलेज (भाग संख्या 236-249) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम सीधे बीएलओ के हेल्प डेस्क पर पहुंचीं, जहां उन्होंने प्राप्त फॉर्म-6 व फॉर्म-8, संलग्न दस्तावेज और निस्तारण की स्थिति को स्वयं देखा। डीएम ने बीएलओ से दो टूक कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके एक भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर आवेदन की मौके पर जांच कर सही मार्गदर्शन दिया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम ने अभियान की प्रगति पूछते हुए बीएलओ को सक्रिय संपर्क, डोर-टू-डोर जागरूकता और समयबद्ध निस्तारण पर खास जोर दिया निरीक्षण के दौरान डीएम ने आमजन से भी संवाद किया और उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित विशेष अभियान तिथियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को दें या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें, जबकि त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क करने की अपील की डिप्टी डीईओ/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 02 फरवरी को भी विशेष अभियान दिवस आयोजित होगा, जिसमें सभी मतदेय स्थलों पर पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक बीएलओ मौजूद रहेंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी संत गुरू रविदास की जयंती



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका श्रद्धालुओं ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। आज पठानपुरा, बस्ती जाटव नगर, मकबरा शिवपुरी इंदिरा कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी खलासी लाइन, मानक मऊ से अलग-अलग भव्य शोभा यात्रा आरंभ हुई। शोभा यात्रा में संत रविदास महाराज के जीवन से जुड़ी झांकियां प्रदर्शित की गई, जो सभी के लिए आकर्षण केंद्र बने हुए थी। शोभा यात्रा में नगर के प्रमुख बैंड धार्मिक धुनों से वातावरण को भक्तिमय बनाये हुए थे। सभी शोभा यात्राएं चौक घंटाघर, भगत सिंह मार्ग, राम चौक, प्रताप मार्केट, पुल जोगियान, चकरौता रोड से होते हुए जेल चुंगी से गढ़ी मलूक नंबर एक में एकत्रित हुई। पठानपुरा से आरंभ हुई शोभा यात्रा का उद्घाटन नगर विधायक राजीव गुम्बर, क्षेत्रीय पार्षद राजीव कुमार व अनु जयप्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। गुरू रविदास की जयंती के अवसर पर बिजेंद्र ने दीप प्रज्जवलित किया तथा संदीप कुमार ने केक काटा। शोभा यात्रा में प्रदर्शित झाकियों में राहुल, सुनील कुमार, मुकेश, विजय, रामकुमार रथ के सारथी रहे। शोभा यात्रा में अध्यक्ष रविंद्र पिंटू, उपाध्यक्ष दीपक जाटव, महामंत्री अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष वीर सिंह, बीनू कुमार, संगठन मंत्री प्रमोद कुमार, प्रचार मंत्री मोहन लाल, एडिटर राहुल कुमार, प्रबंधक ओमकार कपल शामिल रहे। शोभा यात्रा का संचालन शुभम कुमार ने किया।

## सीडीओ के निरीक्षण से बीडीओ कार्यालय में हड़कंप

## अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोका



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** खंड विकास कार्यालय लखीमपुर में शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार के औचक निरीक्षण ने हड़कंप मचा दिया। 29 अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच में 6 लोग अनुपस्थित पाए गए, जिससे संबंधित कर्मचारियों का वेतन और मानदेय तुरंत रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया।सीडीओ ने कार्यालय में लापरवाही और अभिलेखों की अनियमितता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की निरीक्षण के दौरान पीएम एवं सीएम आवास योजना के मास्टर रजिस्टर अद्यतन न पाए जाने और वित्तीय वर्षवार आवंटन की जानकारी उपलब्ध न होने पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जताई। मनरेगा कार्यों की समीक्षा में ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे कार्यों की फोटोग्राफ उपलब्ध न होने पर एपीओ को कड़ी फटकार लगाई गई। सभी मनरेगा कार्यों की जियो-टैग फोटो व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, स्थापना और लेखा अनुभाग में सर्विस बुक, अवकाश प्रविष्टि, जीपीएफ, बिल भुगतान और ग्रांट रजिस्टर की समीक्षा कर सभी अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। समूह सखियों द्वारा लोकोस ऐप पर प्रोफाइल और समूह फीडिंग की जानकारी प्राप्त करने के बाद, अधिकारियों को सक्रियता बढ़ाने के भी निर्देश मिले सीडीओ ने एडीओ पंचायत को कहा कि सभी पंचायत सहायकों को क्रॉप सर्वे कार्य में सक्रिय रूप से लगाएं और शेष कार्य शीघ्र पूरा कराएं। बीडीओ को भी निर्देश दिए गए कि अधिकारी व कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहें, परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करें और दीवारों में व्याप्त सीलन को दूर कराएं निरीक्षण के समय सीडीओ के साथ पीडी शोभनाथ चौरसिया, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवक ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर की हत्या, मौके पर पहुंची पुलिस युवक को लिया हिरासत में

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सदर कोतवाली क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी में शनिवार को युवक ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना के समय उसकी 13 वर्षीय पुत्री घर में मौजूद थी। मां को लहूलुहान हालत में देखकर उसने कॉलोनी वालों से मदद मांगी लेकिन मदद के लिए कोई भी नहीं पहुंचा। बाद में सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक महिला का किसी युवक के साथ प्रेम-प्रसंग था। इसकी जानकारी आरोपी को थी। इसी के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया कांशीराम कॉलोनी निवासी अंशुल श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी खुशबू (32 वर्ष) की चाकू मारकर हत्या कर दी। खुशबू का मायका और ससुराल कॉलोनी की ब्लाक नंबर 27 में ही है। कॉलोनी की चौथी मंजिल पर मायका है और ब्लॉक के नीचे ससुराल है। पोस्टमॉर्टम हाउस पर मौजूद मृतका की पुत्री ने बताया कि उसकी मां का किसी के साथ प्रेम प्रसंग था। इसकी जानकारी पिता को हुई तो कई बार दोनों के बीच विवाद भी हुआ। बताया कि मां के फोन में पिता ने कुछ फोटो भी देखी थी, जिससे दोनों के बीच मनमुटाव हो गया था। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे पिता अंशुल उसकी मां को नानी के कमरे से अपने साथ ले जाने की बात कर रहे थे, लेकिन मां उनके साथ आने को तैयार नहीं थी। इससे गुस्साए पिता ने उसके सामने ही मां के गले पर चाकू मार दिया। दूसरा वार उसके गाल पर किया। चाकू के प्रहार से खुशबू लहूलुहान हो गई चश्मदीद पुत्री के मुताबिक उसने कॉलोनी के लोगों से मदद मांगी, लेकिन कोई भी मदद के लिए आगे नहीं आया। पुत्री ने बताया कि विवाद के कारण मम्मी और पापा के बीच तलाक होने वाला था। तलाक होता इससे पहले ही पापा ने मम्मी को मार डाला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल खुशबू को जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी अंशुल के पास से आलाकत्ल बरामद करते हुए उसे हिरासत में ले लिया गढ़ी रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी अंशुल ने खुशबू के साथ करीब 13 साल पहले प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ साल के बाद दोनों को एक बेटी और बेटा हुआ। सब कुछ सामान्य चल रहा था। इस बीच खुशबू का संबंध एक युवक के साथ हो गया। परिजनों के मुताबिक अंशुल को शक था कि उसका राघव नाम के युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी के चलते उसने घटना को अंजाम दिया। बेटी कक्षा सात की छात्रा है, वहीं बेटा कक्षा तीन का छात्र है। पुत्री के मुताबिक चाकू मारने के दौरान घायल हुई खुशबू की चीख पुकार सुनकर मृतका की सरहज प्रीती दौड़ कर आई। लेकिन वह खुशबू को बचाने में नाकाम रही।

## आपातकाल इतिहास का काला अध्यायः राजीव गुंबर

### लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या था आपातकालः हर्षवर्धन

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** महाराज सिंह कॉलेज के सभागार में आयोजित विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम मे 'आपातकाल के 50 वर्ष, लोकतंत्र के लिए सबक' पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और आपातकाल को इतिहास का काला अध्याय बताया गया। एनएसएस एवं एमवाई भारत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक राजीव गुंबर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विधायक द्वारा आपातकाल को इतिहास का काला अध्याय बताया गया। विधायक का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार द्वारा एक मोमेंटो भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में डॉ.रामकुमार, डॉ.अरुण कुमार त्यागी, जिला युवा अधिकारी कुश कुमार, जहीर आलम, राम प्रकाश उपस्थित रहे। फातिमा ने आपातकाल के ऋणात्मक प्रभावों के बारे में चर्चा की। हर्षवर्धन ने आपातकाल को लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या बताया। शाकिर ने आपातकाल के पक्ष एवं विपक्ष पर चर्चा की। आर्यव्रत ने प्रसिद्ध इतिहासकार नाथ राघवन इंदिरा गांधी किताब पर चर्चा की। प्रियांशु ने आपातकाल को लोकतंत्र की हत्या बताया। आकांक्षा ने बताया कि संविधान केवल नियमों की किताब नहीं, नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच है। जो भारत माता को हमेशा जीवित रखता है। रुद्राक्ष ने आपातकाल को लोकतंत्र से अधिनायक तंत्र का पलायन बताया। सावन ने 'सत्ता ने चाहा था आवाज दबा दे जोर से, पर सच का रिश्ता होता नहीं कभी शोर से' इन पंक्तियों से संवाद की शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रथम 10 विजेता फातिमा, छवि, आर्यव्रत, मिलन, गुंजन, आकांक्षा, सावन, ज़ाकिर, दिया, हर्षवर्धन रहे। कार्यक्रम में महाराज सिंह कॉलेज के एनएसएस अधिकारी सचिन कुमार, अभिमन्यु कुमार एवं निधि यादव उपस्थित रहे। मंच का संचालन खुशी ने किया।

## दुष्कर्म में वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार विगत् 30 जनवरी को वादी की तहरीर पर मोनू पुत्र सुभाष शर्मा निवासी ग्राम अम्बेहटी थाना नकुड़ के खिलाफ वादी की बहन के साथ घर में घुसकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना नकुड़ प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व महिला उपनिरीक्षक श्रीमती मनवीरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमें में वांछित आरोपी मोनू पुत्र सुभाष शर्मा निवासी ग्राम अम्बेहटी थाना नकुड़ को ग्राम अम्बेहटी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## भूगर्भ जल के प्रबंधन हेतु जल की सुरक्षा, संरक्षण, नियंत्रण को अधिनियम अधिसूचित

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने बताया कि राज्य के संकट ग्रस्ट ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में दोनों परिमाणात्मक व गुणात्मक भूगर्भ जल का अविरल प्रबन्धन सुनिश्चित करने हेतु भू-गर्भ जल की सुरक्षा, संरक्षण, नियंत्रण तथा विनियमन और उससे संबंधित या आनुषांगिक विषयों का उपलब्ध करने के लिए उत्तर प्रदेश शासन के विधायी अनुभाग द्वारा उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल प्रबंधन और विनियम अधिनियम अधिसूचित किया जा चुका है।

श्री बंसल ने बताया कि अधिनियम में किए गये प्राविधानों के अन्तर्गत घरेलू भूजल उपभोक्ताओं का पंजीकरण, कृषि भूजल उपभोक्ताओं का पंजीकरण, गैर अधिसूचित क्षेत्रों में अधिनियम के लागू होने से पूर्व के व्यवसायिक, औद्योगिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं भूजल उपभोक्ताओं को भेजल निकास हेतु अनापत्ति निर्गत कराने तथा ड्रिलिंग एजेन्सियों का पंजीकरण कराया जाना बाध्यकारी है। मनीष बंसल ने कहा कि जनपद के अन्तर्गत समस्त भूजल उपभोक्ताओं को अधिनियम में किए गये प्राविधानों के अनुसार पंजीकरण एवं अनापत्ति निर्गत कराना तथा ड्रिलिंग एजेन्सियों का पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है, जिसके नोटिस के 15 दिनों के अंदर अनुपालन न हो पाने की दशा में अधिनियम के अध्याय-8 के प्राविधानों के अन्तर्गत दण्ड की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## कुश्ती प्रतियोगिता मे जनपद के खिलाड़ियों ने जीते 3 पदक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुरादाबाद (उ.प्र.) में 28 से 30 जनवरी तक आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता मे सहारनपुर के खिलाड़ी वरदान कुमार ने ग्रीको रोमन में 87 किग्रा. में स्वर्ण पदक, सुशील कुमार ने ग्रीको रोमन में 55 किग्रा. में रजत पदक व फ्री स्टाइल में अभिषेक कुमार ने 57 किग्रा. में कांस्य पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहरा दिया। प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे पहलवानो का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित स्वागत समारोह में क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने पदक विजेता तीनो पहलवानो को सम्मानित किया। उन्होंने आशा जतायी कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगे। कुश्ती प्रशिक्षक आदेश कुमार ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर यह साबित कर दिया है कि यहाँ प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि तीनो खिलाड़ी उनकी देखरेख मे कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त करते है। प्रतियोगिता में पदक जीतने पर विजेता खिलाड़ियों का क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा, सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीण कुमार, कुश्ती प्रशिक्षक आदेश, लाल धर्मेंद्र प्रताप, जयेंन्द्र कुमार, पुनीत आर्य, बृजेश कुमार, अश्वनी श्रीवास्तव, पोपिन, अभिषेक चौधरी, दीपक शर्मा, वारिश, अमित गुप्ता, दीपक दिनकर, सुमित, सुप्रिया, सन्नी आदि ने स्वागत कर हर्ष जताया।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म में वांछित आरोपी भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना गंगोह प्रभारी संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 30 जनवरी वादी की तहरीर पर आरोपी आजम पुत्र साजिद निवासी ग्राम खानपुर गुर्जर थाना गंगोह के खिलाफवादी के घर में घुसकर वादिया की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने तथा किसी को बताने पर डरा धमकाकर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना गंगोह पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री कुमार ने बताया कि विवेचना से मुकदमें में धारा 64 (2) (उ) बीएनएस का विलोपन कर धारा 333/65(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक दीपक राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी आजम को मुखबिर की सूचना पर गंगोह सहारनपुर रोड पर निर्माणाधीन हाईवे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## फेयरवेल पार्टी में नृत्य, गीतों की प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने मचाया धमाल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पाइनवुड विद्यालय में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भावनाओं, उल्लास और यादगार पलों से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका श्रीमती संतोष गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात् कनिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के प्रति सम्मान, स्नेह एवं शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए नृत्य, गीत, नाटक तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों की प्रस्तुतियाँ दीं।

फेयरवेल के दौरान कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने रैम्प वॉक कर सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल के निर्णय के आधार पर हर्षिता कपूर को मिस पाइनवुड एवं वेदांत पुंडीर को मिस्टर पाइनवुड चुना गया। वहीं ऐशला अनंत को मिस सेंसशनल एवं अविरल कुमार को मिस्टर सेंसशनल का खिताब मिला। इसके अतिरिक्त सिदरा को मिस शो स्टॉपर तथा मौ.उमर को मिस्टर शो स्टॉपर घोषित किया गया। विशेष श्रेणियों में रुद्रांश को अभिनय का उभरता सितारा, धैर्य को भविष्य का खिलाड़ी, वेदांत को राष्ट्र सेवक, अविरल को प्रशासनिक सेवक तथा हर्षिता को वित्त जगत का सितारा सम्मान प्रदान किया गया। वहीं अनुशासन एवं नियमित उपस्थिति के लिए वंशिका, आर्यन, हार्दिक, स्नेहा, जन्नत, ऐशला, तनिष्क एवं वैष्णवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को आत्म विश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन इशमीत, आरव, तनिष्क एवं जगजीत द्वारा किया गया।

## अवैध खनन परिवहन में शामिल ट्रैक्टर-ट्राली सीज



**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने अवैध खनन परिवहन करने वाले एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज किया है।

थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में थाना चिलकाना पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन सामग्री के परिवहन की रोकथाम हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। श्री कुमार ने बताया कि आज चैकिंग के दौरान पठेड चैक पोस्ट पर एक वाहन ट्रैक्टर-ट्राली को पकडा गया। उन्होंने बताया कि वाहन चालक अर्जुन द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली मे बिना किसी खनिज परिपत्र के ओवरलोड खनन सामग्री भरकर परिवहन किया जा रहा था। इसलिए ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया। सीज करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह, हैड कांस्टेबल मोहित शर्मा व संग्रह अमीन अशोक कुमार तहसील सदर शामिल रहे।

## रक्तवीर स्व.पार्थ के जन्मदिन पर किया रक्तदान शिविर आयोजित

## एफबीडी के रक्तदान शिविर में 38 ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** फैमिली ऑफ़ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा आज स्वर्गीय पार्थ माहेश्वरी के जन्मदिन के अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 38 लोगों ने रक्तदान किया।



गोपाल मंदिर, गोपाल नगर, नुमाइश कैम्प में आयोजित रक्तदान शिविर का संयोजन ब्लड डोनेशन विंग के अध्यक्ष अंकित तनेजा द्वारा किया गया। शिविर में कुल 38 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में पार्थ के भाई राघव माहेश्वरी ने भी रक्तदान किया और माता अंजना माहेश्वरी ने रक्तदाताओ का उत्साहवर्धन प्रमाण पत्र देकर किया। ट्रस्ट के वरिष्ठ संरक्षक अश्वनी कुमार मित्तल एवं नीरू सिंह ने कहा कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का मिशन समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को निरंतर बढ़ावा देना है। पार्थ माहेश्वरी जैसे युवाओं का योगदान इस मिशन को दिशा और प्रेरणा देता है। मोटिवेशन विंग उपाध्यक्ष योगेश पंवार और महिला विंग उपाध्यक्ष नंदिनी बठला ने कहा कि रक्तदाताओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि समाज पार्थ माहेश्वरी के विचारों और सेवा भाव को आगे बढ़ा रहा है। युवाओं और महिलाओं की भागीदारी ऐसे आयोजनों को और अधिक सार्थक बनाती है।

संगठन विंग के अध्यक्ष पंकज कुमार पाँचाल एवं महासचिव अभयराज चौधरी ने कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है। यह ऐसा महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिलता है। पार्थ माहेश्वरी ने अपने जीवन में रक्तदान को सेवा का माध्यम बनाया और आज उनका जन्म दिन उसी भावना के साथ मनाया गया। ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य तरुण भोला ने कहा कि पार्थ माहेश्वरी केवल एक रक्तदाता नहीं थे, बल्कि वे एफबीडी परिवार की आत्मा थे। उनकी सक्रियता, अनुशासन और सेवा भाव आज भी टीम के लिए प्रेरणास्त्रोत है। रक्तदान शिविर में पंकज जुनेजा, कुसुम लता, नितिन बजाज, लविश, सुमन कालरा आदि कई लोगों ने भाग लिया।

## सेवानिवृत्त बलबीर सिंह का सम्मान कर दी भावभीनी विदाई



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने सेवानिवृत्त बलबीर सिंह का विदाई समारोह आयोजित कर उनके द्वारा किए गए कार्यो को सराहा।

संघ कार्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में संगठन के जिला संरक्षक एवं जिला सलाहकार नरेंद्र चौधरी ने शॉल भेंटकर बलवीर का सम्मान किया। इस मौके पर अवर अभियंता रवि प्रकाश और अवर अभियंता अजय कुमार ने भी बलवीर को भेंट स्वरूप शिव महापुराण देकर सम्मान किया। उन्होंने बलवीर द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की व देय भुगतान अति शीघ्र भुगतान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला संरक्षक साधु राम अंबेडकर, नरेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष राजेश भाटला, अशोक कुमार लक्ष्मी चंद्र, सरोज सैनी, अनुराग, प्रमोद कुमार, आनंद त्यागी, प्रवेश त्यागी एवं संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साधु राम अंबेडकर ने तथा संचालन नरेंद्र त्यागी ने किया।

# 1 से 31 जनवरी तक चलाए गए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का डीएम ने किया समापन

**समापन अवसर पर स्कूली छात्राओं ने कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति, प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** 1 से 31 जनवरी तक चलाए गए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शनिवार को ज्ञानस्थलीय पब्लिक स्कूल में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने समापन किया। समापन अवसर पर स्कूली छात्राओं ने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सहायक संभागीय परिवहन विभाग के तत्वावधान में एक माह तक चलाए गए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़कों चौराहो और मुख्य मार्गों पर परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा वाहनों की चेकिंग करने के साथ साथ वाहन चालकों को सील्ट बेल्ट और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा के नियमों के बावत जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने सडक सुरक्षा नियमो की जानकारी देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के छात्र छात्राएं वाहन न चालाए। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन हेल्मेट पहनकर ही चलाएं। विशिष्ठ अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने की अपील की।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर, बस यूनियन के अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, ट्रक यूनियन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, आल्हा परिषद के अध्यक्ष दाऊ तिवारी, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रामजी, समाजसेवी नेहा चंसौरिया, नियाज मोहम्मद प्राइवेट स्कूल एशोसियेशन अध्यक्ष सुबोध बिन्दुआ सहित विद्यालय के छात्र, छात्राओं और ज्ञानस्थलीय स्कूल के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर सडक सुरक्षा जागरूकता के प्रति उपस्थित लोगों को शपथ ग्रहण कराई राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत हुए कार्यकमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को दी गई भावुक विदाई

**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दिए जाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारजनों की गरिमामयी उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों द्वारा अपने दीर्घकालीन सेवाकाल में निभाई गई कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी एवं निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में दी गई सेवाएं समाज की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगी।

# युवती का प्राइवेट वीडियो वायरल करने का आरोप, फरार सेक्स रैकेट संचालक और माता-पिता पर मुकदमा दर्ज

**खजुरी स्थित आजाद नगर कॉलोनी मे चलता था अवैध देह व्यापार का गोरख धंधा**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** वाराणसी में लगातार सेक्स रैकेट के मामले का खुलासा और तर पकड़ पुलिस द्वारा किया जा रहा है। अवैध देव व्यापार के एक मामले में युवती ने फरार सेक्स रैकेट संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया।बताया गया कि, फरार सेक्स रैकेट संचालक पर एक युवती ने उसका निजी वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने और परिवार के सदस्यों द्वारा धमकी देने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी और उसके माता-पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला बीते दिन पहले कैंट थाना क्षेत्र के खजुरी स्थित आजाद नगर कॉलोनी में पकड़े गए सेक्स रैकेट से जुड़ा है, जहां पुलिस ने छापेमारी कर एक महिला को गिरफ्तार किया था, जबकि मुख्य आरोपी फरार हो गया था। कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले कैंट पुलिस ने खजुरी इलाके में सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई में आरोपी समीर सिद्दीकी की पत्नी तरन्नुम को गिरफ्तार किया गया था, जबकि समीर मौके से फरार हो गया था। युवती का आरोप है कि इस पुलिस कार्रवाई के बाद से समीर का परिवार उसे ही मुखबिर बताकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

इस मामले में पीड़िता ने आरोप लगाया कि फरार आरोपी समीर सिद्दीकी ने उसके कई निजी वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिए हैं, जिससे उसकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचा है और वह गंभीर मानसिक तनाव में है। ज्योति ने पुलिस को बताया कि,आरोपी के माता-पिता दाऊद सिद्दीकी और शबनम बानो लगातार उसे बदनाम करने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि उससे कहा जा रहा है कि उसी की वजह से पुलिस ने उनके घर पर रेड की थी। वहीं पुलिस इस मामले पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी दया शंकर सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर धारा 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आज श्री काशी विश्वनाथ धाम के सफाई कर्मियों को वितरण किया जाएगा शादी का सिक्का

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर धाम के ज्ञानवापी परिसर पर आयोजित राम राज्याभिषेक धूमधाम से आज रविवार को मनाया जाएगा। पीएम मोदी के फोटो का बना चांदी का सिक्का विश्वनाथ मंदिर धाम के सफाई कर्मियों को वितरण किया जाएगा।

श्री काशी सत्संग मंडल के तत्वाधान में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाहन पारायण ज्ञान महायज्ञ में श्री राम कथा के नौवे दिन आज 1 फरवरी रविवार को प्रातः 9ः00 बजे राम राज्याभिषेक मनाया जाएगा। वही शाम 6ः00 श्रृंगार गौरी माता पर दीपदान का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम मे समस्तीपुर, आरा, भभुआ वाराणसी, अररिया,गाजीपुर एवं विभिन्न जनपदों से जिला जज अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश अपने परिवार के साथ राज्याभिषेक में शामिल होंगे। इसके अलावाप्रयाग बिहार से कई संत बाबा के भी पहुंचने की उम्मीद है। श्री पाठक ने बताया कि,विश्वनाथ मंदिर धाम के सफाई कर्मियों को मोदी जी के फोटो का बना चांदी का सिक्का भी वितरण किया जाएगा।इस अवसर पर दूर-दूर से इस कार्यक्रम को देखने के लिए श्रद्धालु आएंगे। यह जानकारी डॉ देवेंद्र कुमार पाठक एवं मीडिया प्रभारी डॉ प्रकाश पांडे ने दी है।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तीन को आऐंगे काशी

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल तीन फरवरी को वाराणसी आऐंगे। इस संबंध में सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ÷विश्वकर्मा÷ ने बताया कि, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तीन फरवरी को प्रातः लखनऊ से सड़क मार्ग से दोपहर वाराणसी पहुंचेगे। सर्किट हाउस मे कार्यकर्ताओ एवं नेताओ से मुलाकात के बाद सायं 4 बजे सपा जिलाध्यक्ष सुजित यादव ÷लक्कड÷ के लोहता स्थित ग्राम भट्टी निजी आवास पहुंचकर सपा जिलाध्यक्ष के सुपुत्री स्वाती यादव को आशीर्वाद प्रदान करेगे । सपा जिलाध्यक्ष सुजित यादव ÷लक्कड÷ के सुपुत्री का विवाह पॉच फरवरी को हरहुआ स्थित एक्वालैंड वॉटर पार्क मे आयोजित है।वैवाहिक समारोह मे विभिन्न राजनीतिक दल के लोगो के साथ वी0 वी0 आई0 पी0 अतिथीगण भी सम्मलित होगे।

# कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में चलाया जा रहा मनरेगा बचाओ अभियान

**कांग्रेसियों ने ब्लाक श्रीनगर के करहराकला गांव में चौपाल का किया आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में ग्रामीण स्तर पर चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं मनरेगा बचाओ संग्राम के कोआर्डिनेटर तुलसीदास लोधी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने ब्लाक श्रीनगर के करहराकला गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में कांग्रेसियों ने ग्रामीणों, मजदूरों और महिलाओं को भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर कर धीरे धीरे समाप्त करने की कथित साजिश के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों से मनरेगा बचाओ अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम की शुरूआत कांग्रेसी पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की 78वीं पुन्यतिथि के मौके पर राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। इसके बाद चौपाल को संबोधित करते हुए मनरेगा बचाओ के कोआर्डिनेटर ने कहा कि मनरेगा योजना अब सरकार की मर्जी से बांटी जाने वाली योजना बनती जा रही है, जिसमें यह तय किया जाएगा कि किस ग्राम पंचायत को काम मिलेगा और किसे नहीं। कहा कि पहले मनरेगा का अधिकांश खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी और राज्यों पर मात्र 10 प्रतिशत का भार था, लेकिन अब यह बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे कर्ज में डूबी राज्य सरकारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

निवर्तमान प्रदेश सचिव ब्रजराज सिंह ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों की आलोचना करते बताया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम हटाकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजी रामजी) रखा गया है. जबकि 2005 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 90 प्रतिशत केंद्र व राज्य सरकार से 10 प्रतिशत मनरेगा योजना में दी जा रही थी, लेकिन जबसे वीबीजी रामजी योजना का नाम रखा गया है तो भारत सरकार ने राज्य सरकार पर तीस प्रतिशत योजना में देने की बाध्यता कर दिया। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीणो अपने अपने जॉबकार्ड दिखाते हुए मनरेगा बचाओ का समर्थन किया। चौपाल दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रमोद निरंजन, जिला सचिव राम मनोहर सिंह, मानसिंह राजपूत, नंदराम, अजय कोली, देवीदीन अहिरवार, लक्ष्मण, करन, कल्लू राजपूत, मूलचंद पासवान, छत्रपाल अहिरवार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 27 वर्षों की निष्पक्ष पत्रकारिता को मिला भावनात्मक सम्मान

**न्यूज 18 के सीनियर वीडियो जर्नलिस्ट अखिलेश पाण्डेय के सेवानिवृत होने पर संकुल भवन पर भव्य समारोह**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** न्यूज 18 (ईटीवी) के सीनियर वीडियो जर्नलिस्ट, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के आजीवन सदस्य एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार अखिलेश कुमार पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की ओर से संकुल भवन में एक भव्य, गरिमामय और भावनात्मक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक विदाई कार्यक्रम नहीं, बल्कि गोरखपुर की पत्रकारिता को दशकों तक दिशा देने वाले एक संवेदनशील, कर्मठ और निर्विवाद पत्रकार के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर था।

अखिलेश कुमार पाण्डेय वर्ष 1997 से पत्रकारिता जगत से जुड़े रहे और उन्होंने लगातार 25 वर्षों तक न्यूज 18 / ईटीवी की सेवा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ की। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने कभी भी पत्रकारिता की गरिमा से समझौता नहीं किया। वे खबरों की प्रस्तुति, निष्पक्षता और मानवीय दृष्टिकोण के लिए जाने जाते रहे। इसी कारण वे पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों और आमजन—तीनों के बीच समान रूप से सम्मानित रहे।

समारोह की शुरुआत श्री पाण्डेय के स्वागत से हुई। उपस्थित पत्रकारों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर माला पहनाकर गुलाब स्टिक देकर गर्मजोशी से सम्मानित किया। इसके बाद गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष रितेश मिश्रा, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष अरविंद राय, वरिष्ठ फोटोग्राफर शिवहर्ष द्विवेदी, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के मंत्री सतीश पांडेय, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, मंत्री पंकज श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव (गणेश), राधेश्याम प्रजापति, राजेंद्र श्रीवास्तव (राज), सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव, न्यूज 18 के ब्यूरो चीफ राम गोपाल जी, चुनाव अधिकारी वागीश चंद श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ पत्रकारों ने अंगवस्त्र, शूट केस एवं घड़ी भेंट कर श्री पाण्डेय को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष अरविंद राय, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र श्रीवास्तव (राज), गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब अध्यक्ष रितेश मिश्रा, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति मंत्री सतीश पांडेय, मान्यता प्राप्त समिति उपाध्यक्ष गजेन्द्र त्रिपाठी तथा नीरज श्रीवास्तव ओमकार धर द्विवेदी मनोज यादव ने विशेष रूप से संबोधन दिया। अरविंद राय ने कहा कि अखिलेश कुमार पाण्डेय जैसे पत्रकार संस्थाओं की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कभी पद, प्रतिष्ठा या दबाव को अपने काम पर हावी नहीं होने दिया। उनका अनुभव और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ी के पत्रकारों के लिए धरोहर है।

राजेंद्र श्रीवास्तव (राज) ने अपने संबोधन में कहा कि ÷अखिलेश जी के साथ काम करने का अनुभव अपने आप में सीख देने वाला रहा है। वे कम बोलते थे, लेकिन उनका काम बहुत कुछ कहता था। उनकी सबसे बड़ी पूंजी उनका व्यवहार और भरोसा है।÷

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्र त्रिपाठी ने अपने संस्थान में श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय को संपादक के पद पर कार्य करने का ऑफर दिया, जिसे उपस्थित पत्रकारों ने तालियों के साथ सराहा। यह प्रस्ताव इस बात का प्रमाण रहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी श्री पाण्डेय की पत्रकारिता यात्रा समाप्त नहीं हुई है, बल्कि एक नए रूप में आगे बढ़ेगी। न्यूज 18 के ब्यूरो चीफ राम गोपाल ने भावुक शब्दों में कहा कि मैंने अखिलेश पाण्डेय के साथ करीब दस वर्षों तक काम किया। अगर किसी को सबसे अधिक समय, भरोसा और जिम्मेदारी दी गई, तो वह अखिलेश जी थे। वे टीम के ऐसे स्तंभ रहे, जिन पर हर कोई भरोसा करता था।

मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के मंत्री सतीश पांडेय ने कहा कि अखिलेश पाण्डेय से मेरा रिश्ता दोहरा है—एक हमारे मूल गांव का और दूसरा पत्रकारिता का। खबरों की समीक्षा में वे बेहद संतुलित और दूरदर्शी रहे, जिससे युवा पत्रकारों को हमेशा सीख मिली। गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष रितेश मिश्रा ने कहा कि अखिलेश जी से सभी पत्रकारों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कभी विवादों में रहकर पहचान नहीं बनाई, बल्कि अपने काम की गुणवत्ता से सम्मान अर्जित किया।

गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह ने कहा कि आप सिर्फ पत्रकार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए संरक्षक की भूमिका निभाएंगे। अखिलेश पाण्डेय कभी नाराज नहीं रहते थे, उनका स्वभाव मृदुल और व्यवहार सौम्य रहा। आप कल भी पत्रकार थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे।

सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि जिस कुर्सी पर आप बैठते थे, वह कुर्सी आपकी पहचान बन चुकी है। आप जहां भी रहेंगे, आपकी उपस्थिति हमेशा महसूस की जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद ओमकार धर द्विवेदी ने कहा कि अखिलेश पाण्डेय जैसे लोग कभी रिटायर नहीं होते। उनके साथ आत्मीय संबंध शब्दों में नहीं बांधे जा सकते। मनोज यादव ने कहा कि अखिलेश भैया से हमारा रिश्ता वर्षों पुराना है। वे हमेशा सभी को साथ लेकर चले। समारोह में टीपी शाही, सुभाष गुप्ता, तनवीर, मुकेश पांडेय, आशीष शुक्ला, भूपेन्द्र द्विवेदी, रामचंद्र शाही, सुशील कुमार, निखिल सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, अजीत सिंह, रशाद लारी, प्रदीप पाल, रमाशंकर यादव,अशोक राव आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधि0/कर्म0 गण को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दी विदाई

**अलीगढ़।** पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में जनपद अलीगढ़ से अधिवर्षता आयु पूर्ण होने वाले पुलिस अधि0/कर्म0 गण को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर एवं माल्यार्पण कर उनके खुशहाल जीवन की कामना करते हुए विदाई दी गयी । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम मयंक पाठक, स0पु0अ0 सम्यक चौधरी, प्रतिसार निरीक्षक अनुभव त्रिपाठी एवं सेवानिवृत्त हुए अधि0/कर्म0गण के परिजन उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी गई।

## डीएम एसपी द्वारा माघ पूर्णिमा के मौके पर होने वाले स्नान की तैयारियो को लेकर समीक्षा की गई



**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा संयुक्त रूप से ढाई घाट मेला पहुँचकर माघ पूर्णिमा के अवसर पर होने बाले स्नान की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ट्रैफिक पर विशेष ध्यान रखा जाये, जाम न लगने पाये, पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था रहे, घाट पर नाव व गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी न्यायिक कायमगंज, क्षेत्राधिकारी कायमगंज व संवंधित उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया

**बिरहा गायन बतिया मान हमरे भइया, अपने लेन में चला के बल पर झूम उठे दर्शक**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह का आयोजन वाराणसी के बाबतपुर स्थित एक विद्यालय में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज वर्मा (आरटीओ प्रवर्तन) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेन्द्र सिंह (आरटीओ प्रशासन) तथा मनोज प्रसाद वर्मा (एआरटीओ प्रशासन) उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में प्रवीन कुमार (एसीपी ट्रैफिक), सुधांशु रंजन (एआरटीओ प्रवर्तन, वाराणसी), सुप्रसिद्ध बिरहा लोकगायक डॉ. मन्नू यादव,अ खिलेश पांडेय (पीटीओ, वाराणसी) तथा प्रमेन्द्र संतप्त (आरआई वाराणसी) सम्मिलित रहे। विद्यालय की ओर से अध्यक्ष (वाराणसी) दीपक कुमार बजाज, निदेशक अनिल जाजोदिया एवं प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने कार्यक्रम का आयोजन एवं आतिथ्य किया। शुरुआत विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कोयर (समूहगान) से हुई। इसके पश्चात सुधांशु रंजन ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा पावर-पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से भारत में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन औसतन लगभग 460 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु हो जाती है तथा आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार लगभग 78 प्रतिशत मामलों में दुर्घटना का कारण चालक पक्ष की त्रुटि होती है। कार्यक्रम में राघवेन्द्र सिंह ने छात्रों से संवाद कर उन्हें अपने परिवारजनों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए प्रेरित किया तथा उनसे इसका संकल्प भी दिलवाया। विद्यालय की ओर से दीपक कुमार बजाज ने संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान सड़क सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देता रहेगा।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना तथा भविष्य में दुर्घटनाओं को न्यूनतम करना रहा। सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु डॉ.राजेश श्रीवास्तव (वेस इंडिया),अजय रौशन (मंचदूतम),डॉ. मन्नू यादव तथा शैलेश कुमार दुबे को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

# डीएम की कलेक्ट्रेट विभागों पर कब होगी कार्यवाही

**अलीगढ़।** कलेक्ट्रेट विभागों पर जिलाधिकारी का दौरा कब होगा। कलेक्ट्रेट में मौजूद अन्य विभागों के कर्मचारी अपने पटल पर नहीं देखे जा सकते। नतीजा अलीगढ़ के जिला अधिकारी संजीव रंजन उन पर नजर नहीं रख पाते। जिसका फायदा उठाते हुए फूड विभाग, खाद एवं रसद विभाग तथा अन्य विभागों के कर्मी समय से नहीं आते हैं। प्राय देखा गया कि फूड विभाग के एफएसओ चार चार दिन तक अनुउपस्तिथित होने के बाद आने पर चार दिन की उपस्थिति दर्ज कर देते है। यही नहीं 12 बजे तक अपने कार्यालय नहीं आते इससे साफ है कि जिला अधिकारी की इन पर दया बनी है। यही हाल खाद एवं रसद विभाग के कर्म चारियों का यह वह भी समय पर नहीं आते। देखा गया है कि जिला अधिकारी खुद अपने कार्यालय पर 10 बजे पहुंच जाते हैं। लेकिन अन्य विभागों के कर्मचारी नदारद रहते हैं। आखिर जिला अधिकारी का इन विभागों पर कब कार्यवाही होगी जिससे कर्मचारी समय पर आएंगे और जनता मायूस नहीं लौटेगी।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

**राजकीय बालिका इ0कालेज फतेहगढ़ में छात्राओं को किया गया जागरूक**

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**फर्रुखाबाद।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक किया गया है तथा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह का आयोजन आज दिनांक 31-01-2026 को राजकीय बालिका इ0कालेज फतेहगढ़ में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह के द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा एआरटीओ-प्रवर्तन श्री सुभाष राजपूत एवं एआरटीओ-प्रशासन श्री कृष्ण कुमार यादव व राजकीय बालिका इ0कालेज फतेहगढ़ की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपिका राजपूत उपस्थित रहीं।

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के द्वारा बताया गया कि माह दिसम्बर 2025 तक जनपद फर्रूखाबाद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद फर्रूखाबाद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। जनपद में घटित लगभग 65 प्रतिशत दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है तथा मृतकों की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत दो पहिया वाहन सवार है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा 25 ड्राइविंग लाईसेन्स निलम्बित किये गये तथा रू0 18 लाख जुर्माना वसूल किया गया।

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत के द्वारा यह भी बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं के फलस्वरूप सबसे अधिक हानि महिलाओं को होती है हालांकि दुर्घटना में घायल अधिकतर व्यक्ति पुरूष होते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति किसी महिला का भाई, पिता अथवा पति होता है। दुर्घटना के फलस्वरूप परिवार की आय का स्त्रोत प्रभावित होता है और बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित होती है। सभी छात्रायें यह प्रण करें कि वह किसी भी स्थिति में अपने परिवार के सदस्य को बिना हेल्मेट एव सीटबेल्ट का प्रयोग किये वाहन नहीं चलाने देगीं तथा अपने परिवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगीं।

एआरटीओ-प्रशासन द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा लॉन्च किये गये ''नेक्स्ट जेन एम परिवहन'' तथा ''डिजीलॉकर'' एप को मोबाइल में डाउन लोड कर वाहन एवं लाइसेन्स प्रपत्रों को एप में इलेक्ट्रोनिक रूप में रख सकते हैं जो की मान्य होंगे एवं वाहन के साथ वाहन सम्बन्धी व लाइसेन्स सम्बन्धी मूल प्रपत्र रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इस एप का उपयोग कर अपने वाहन के चालान की स्थिति जान सकते हैं एवं ऑनलाइन पोर्टल लिंक पर जाकर चालान का भुगतान ऑनलाइन कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करें कि आपके वाहन के बीमे की वैधता एप पर प्रदर्शित हो रही हो। ऐसा करने से आप किसी छल/धोखे से बच सकते हैं। अपने वाहन का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र ऑनलाइन ही बनवायें तथा उसकी वैधता एप पर जाँचते रहें। ऑनलाइन प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र ही मान्य है। व्यक्तित्व विकास पर बल देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समयबद्धता, कर्त्तव्यनिष्ठा और सहयोग जैसे गुणों को अपनी जीवन शैली में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अच्छे गुणों का समावेश न केवल व्यक्ति के विकास के लिए, अपितु समाज की उन्नति के लिए भी आवश्यक है।

अवधनामा



# कपड़े के झोले के प्रयोग से कम होगा प्लास्टिक कचराः महापौर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चित्रगुप्त वार्ड में डस्टबिन एवं कपड़े के झोले वितरण कार्यक्रम का आयोजन रायबरेली रोड स्थित मंगलम गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप ने एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई कंजर्व तथा नगर निगम के सहयोग से किया।

मुख्य अतिथि महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि कपड़े के झोलों का उपयोग न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यवहारिक समाधान भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने रंग आधारित डस्टबिन प्रणाली पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गीला कचरा हरे डस्टबिन तथा सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालने से कचरा प्रबंधन की पूरी श्रृंखला सरल, वैज्ञानिक और प्रभावी बनती है।

महापौर ने कहा कि स्रोत पर कचरा पृथककरण से ही अयोध्या को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ नगर के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस कार्य में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव एवं अभिषेक सिंह टोनू ने भी स्वच्छता अभियानों को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएम शुक्ल ने बताया कि कचरा पृथककरण से बीमारियों की रोकथाम में सहायता मिलती है। प्रभारी अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन गुरु प्रसाद पांडेय ने कहा कि यह पहल स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की मूल भावना, व्यवहार परिवर्तन और नागरिक सहभागिता को ज़मीन पर उतारने का सशक्त उदाहरण है।

चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप की ओर से आलोक सिंह राना एवं एकता भटनागर ने कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय किया। संस्थान की टीम से विमल कुमार, सुलभ मिश्र, आदर्श, नेहा एवं सुंदरी कुमारी की सक्रिय भागीदारी रही।

# एसएसवी स्कूल के शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष बने आशुतोष



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** एसएसवी इंटर कॉलेज में शनिवार को आयोजित शिक्षक अभिभावक संघ की द्वितीय आमसभा बैठक में सर्वसम्मति से जीएसटी विभाग में कार्यरत आशुतोष मिश्र को संघ का अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया। योगेश कुमार यादव को संघ का नया कोषाध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्षता संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. घनश्याम यादव ने की। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बैठक का संचालन करते हुए नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मौजूद अभिभावकों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया है। अभिभावक जयशंकर प्रसाद, पिंकी मौर्या और सुमन तिवारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है जबकि संघ के सभी पूर्व अध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में संघ में शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी विद्यालय के उन्नयन और शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाए रखने में सहयोग प्रदान करेगी। बैठक के आरंभ में शिक्षक अरुण कुमार दुबे ने सदन के समक्ष पिछली कार्यवाही को रखा। जिसका सभी सदस्यों ने पूर्वजोर अनुमोदन किया। आय-व्यय की समीक्षा के बाद अभिभावक अमीरुन निशा और आशुतोष मिश्रा सहित कई अभिभावकों व शिक्षक महेश नारायण यादव, डॉ.देवेंद्र मिश्रा, वारिज नयन शर्मा, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, जग प्रसाद मौर्य, नंद किशोर उपाध्याय, श्रुति मिश्रा व आशीष द्विवेदी ने अपने- अपने विचार रखे। बैठक को पूर्व अध्यक्ष रमाकांत पाण्डेय और जयसराज वर्मा ने भी संबोधित किया।

# कैशलेस चिकित्सीय सुविधा का शिक्षक संघ ने किया स्वागत, पर व्यवस्था को बताया अस्पष्ट

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय शिक्षकों को प्रदान की गई कैशलेस चिकित्सीय सुविधा का स्वागत करते हुए इसे अस्पष्ट एवं अव्यवहारिक करार दिया है। संगठन की बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न माध्यमों से यह प्रचारित किया गया कि शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों के समान चिकित्सीय सुविधा दी गई है, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने बताया कि राज्य कर्मचारियों को पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य योजना से आच्छादित किया गया है, वहीं बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत रखा गया है। डॉ. सिंह ने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ आम नागरिकों को भी मिलता है, लेकिन इसके अंतर्गत आकस्मिक परिस्थितियों में लाभार्थियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत बूथों का निर्वाचन अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावली को अद्यतन किए जाने हेतु जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को फार्म-6, फार्म-6क, फार्म-7 एवं फार्म-8, घोषणा पत्र तथा ए0एस0डी0डी0 सूची के साथ उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली में युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने, अपमार्जन एवं संशोधन के निर्देश दिए गए हैं।उक्त निर्देशों के अनुपालन एवं कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 275-अयोध्या के विभिन्न मतदेय स्थलों पर किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विमला देवी श्यामलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज अयोध्या के मतदेय स्थल संख्या 34, 35, 36, 37, 38, 39, बापू बालिका इंटर कॉलेज अयोध्या के मतदेय स्थल संख्या 121, 122, 123, 124, 125, 126 तथा साहिबदीन राम सीता राम बालिका विद्यालय, अमानीगंज के मतदेय स्थल संख्या 136, 137, 138, 139, 140, 141 का निरीक्षण किया।

# फाल्गुनी मेले का एसपी ने किया निरक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** महाभारत कालीन सुप्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा मे लगने वाले फाल्गुनी मेले को लेकर आज शनिवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा भीड़ नियंत्रण शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पूरा मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अभरण सरोवर लोधेश्वर महादेव मुख्य द्वार रेन बसेरा बोहनिया तालाब ऑडिटोरियम सहित पूरे मेला क्षेत्र का बारीकी से जायजा लिया इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे को निर्देश दिए कि फाल्गुनी मेले की सुरक्षा व्यवस्था की मुख्य जिम्मेदारी आपको संभालती होगी हालांकि जनपद स्तर से भी भारी संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा मेले में सब इंस्पेक्टर हेड कांस्टेबल सहित पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके पूरा मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरौ की निगरानी में रहेगा महिला श्रद्धालुओं बुजुर्ग एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की जाएगी यातायात को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस भी रहेगी। इस मौके पर तहसीलदार विपुल कुमार सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत प्रधान महादेवा अजय तिवारी लेखपाल संतोष कुमार सहित क्षेत्रीय संभ्रांत जन मौजूद रहे।

## गरीबो को जल्द मिलेगा प्रधानमंत्री आवास, खिले चेहरे

**जैदपुर बाराबंकी।** प्रधानमंत्री का सपना हर गरीब के सर के ऊपर होगी छत इस योजना के अंतर्गत नगर पंचायत जैदपुर में भारी संख्या में गरीबों की पहली किस्त खाते मे आने पर जहां एक तरफ लोगों खुशी का माहौल बना हुआ है ,वहीं आज गरीबों को आवास दिलाने हेतु सभासद नसीम, शाहरुख के साथ लेखपाल पंकज मिश्रा जांच करते नजर आये। बताते चलें कि नगर पंचायत जैदपुर में 292 गरीब लोगों को पहली किस्त में एक एक लाख रूपए आने पर लोगों के चेहरे की चमक बढ गयी है वहीं आवास की आस लगायें बैठे लोगों को आवास दिलाने हेतु नगर पंचायत जैदपुर के सभासदों ने कमर कस ली है जिसे लेकर शनिवार को सभासद नसीम शाहरुख लेखपाल पंकज मिश्रा लेखपाल शिवम् शर्मा के साथ जांच करते नजर आये जबकि सभासद ताहिर सुफियान, राम सिंह, शाहे आलम, अबसार अलताब अंसारी कलीम आलम, निजामुद्दीन सहित अन्य सभासद भी गरीबो को आवास दिलाने हेतु लगातार प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

# बेखौफ बदमाशों ने दोबारा नाबालिग पीड़िता का अपहरण किया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुखिया अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए है. लेकिन अपराधियों पर इसका कोई असर नही दिख रहा है और बेखौफ होकर घटनाओ को अंजाम देते है। ऐसा ही एक मामला बाराबंकी जनपद के थाना घुंघटेर क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। यहां 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ पहले अपहरण और सामूहिक दुराचार की घटना के बाद, आरोपियों द्वारा उसे दोबारा अपहरण किए जाने का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद घटना के सहआरोपितो पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता के पिता के अनुसार, 20 दिसंबर 2025 को गांव के ही रहने वाले अजीम, उसके साथी नदीम और पप्पू ने उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण किया था। आरोप है कि इसके बाद किशोरी के साथ एक फर्नीचर की दुकान में सामूहिक दुराचार किया गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए मुख्य आरोपी अजीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, लेकिन घटना में शामिल उसके दोनों साथियों के खिलाफ उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपी नदीम और पप्पू खुलेआम उन्हें और उनकी बेटी को धमकाते रहे।

## एसआईआर नोटिस को लेकर ग्रामीण परेशान ताहिर ने की मदद

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** एसआईआर (स्पेशल आइडेंटिफिकेशन रजिस्ट्रेशन) प्रक्रिया को लेकर आम जनता बीते कई महीनों से दर दर भटक रही है। आवश्यक कागज़ात और सत्यापन को लेकर लोग लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। हालात उस समय और गंभीर हो गए जब स्क्रुक्रसूची जारी होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों के घरों पर नोटिस पहुंचने लगी। नोटिस मिलने के बाद खासकर कम पढ़े-लिखे लोग काफी असमंजस में नजर आए। नोटिस में लिखी औपचारिक भाषा और प्रक्रिया को समझना उनके लिए मुश्किल साबित हुआ। लोगों में डर और चिंता का माहौल बन गया कि कहीं उनके दस्तावेज़ अधूरे होने के कारण कोई समस्या न खड़ी हो जाए। ऐसे कठिन समय में जनप्रतिनिधियों ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए उनकी मदद के लिए आगे आना शुरू किया। इसी क्रम में वार्ड रईस कटरा व वार्ड बड़ापूरा के बहुचर्चित सभासद ताहिर अंसारी अबू सुफियान अंसारी ने सराहनीय पहल करते हुए अपने अपने वार्डों के साथ-साथ जैदपुर के अन्य वार्डों के सैकड़ों लोगों को लेकर हरख ब्लॉक कार्यालय का रुख किया। हरख ब्लॉक पहुंचने पर सभासदो ने स्वयं मौजूद रहकर जनता की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा और एक-एक कर लोगों के मामलों के निस्तारण में सहयोग किया।

## दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** निचलौल पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप दहेज उत्पीड़न के एक गंभीर मामले में आरोपी को कठोर सजा दिलाई गई है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देशन में महत्वपूर्ण मुकदमों में प्रभावी पैरवी की जा रही है। इसी क्रम में थाना निचलौल पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 256/2017, धारा 498ए, 306 भादवि से संबंधित मामले में अभियोजन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सशक्त पैरवी की गई। मामले में अभियुक्त द्वारा दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने तथा मिट्टी का तेल डालकर जलाकर मारने की कोशिश की गई थी। माननीय जिला एवं सत्र न्यायालय, महराजगंज द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2026 को आरोपी को 10 वर्ष के कारावास एवं 15,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड न देने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह सजा पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में पुलिस की सशक्त कार्रवाई का परिणाम मानी जा रही है।

## नीलगाय और छुट्टा पशु फसल को कर रहे बर्बाद

**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** मिठौरा क्षेत्र के लेदवा और पिपरा कल्याण गांवों के बीच नीलगाय और लावारिस पशुओं का आतंक किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। गेहूं की फसल को चरते और रौंदते नीलगायों तथा छुट्टा पशुओं से किसान बेहद परेशान हैं। पलक झपकते ही ये पशु खेतों में घुसकर फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों को कड़ाके की ठंड और घने कोहरे में भी रात-दिन फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि दिन में लावारिस पशु चना, मटर और गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जबकि शाम ढलते ही नीलगायों के झुंड खेतों में घुसकर फसलों को चरने के साथ-साथ रौंदकर नष्ट कर देते हैं। इससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ब्लॉक क्षेत्र के लेदवा, पिपरा कल्याण, सोनवल, पनेवा, बौलिया राजा, रामपुमीर और पतरेगवा सहित कई गांवों में नीलगायों का आतंक चरम पर है। कुछ गांवों में लावारिस पशुओं की संख्या भी अधिक है, जिनसे किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं। लेदवा गांव के लालबहादुर साहनी ने बताया कि नीलगाय रात के अंधेरे में झुंड बनाकर खेतों में घुस जाती हैं और फसलों को चरने के बाद रौंदकर पूरी तरह नष्ट कर देती हैं। वहीं किसान श्याम बिहार दूबे का कहना है कि जानवरों द्वारा नष्ट की गई फसलों का बीमा क्लेम मिलना चाहिए, ताकि किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके और खून-पसीने से तैयार फसल के नष्ट होने पर कुछ राहत मिल पाए।

## निर्माण स्थल पर खराब ईट देखकर डीएम नाराज

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा आज फरेन्दा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गोपलापुर शाह और पिपरा विशंभरपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले गोपलापुर में पानी निकासी हेतु निर्मित हो रही पक्की नाली के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में प्रयुक्त ईंटों की गुणवत्ता प्रथम दृष्ट्या संतोषजनक न होने पर तत्काल कार्यस्थल से हटवाने और उत्तम गुणवत्ता का ईंट लगवाने का निर्देश दिया। टीए द्वारा बताया गया कि पक्की नाली का निर्माण ग्रामीण प्रकाश के घर से हनुमान मंदिर तक लगभग 3 लाख 98 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्वीकृत लागत का परीक्षण कराने हेतु उपयुक्त, श्रम रोजगार को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय कार्यस्थल पर 13 मनरेगा मजदूर कार्यरत पाए गए, किन्तु जॉब कार्डों पर उपस्थित सहित अन्य विवरण अंकित न अंकन न होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत पिपरा विसम्भरपुर में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण किया। भवन का निर्माण लगभग 8 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। मौके पर 12 मजदूर कार्यरत पाए गए। निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 20 दिनों से कार्य चल रहा है तथा दो कमरों एवं बरामदे का निर्माण छत स्तर तक पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## सड़क हादसे में घायल सिक्योरिटी गार्ड की इलाज के दौरान मौत

**बरेली।** थाना मीरगंज क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का एक दर्दनाक मामला सामने आया है। गांव पैगा नगरिया उर्फ नगरीया भगत निवासी 30 वर्षीय तेजेंद्र पाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के अनुसार तेजेंद्र पाल पुत्र लालता प्रसाद एसआईएस कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत था। उसकी ड्यूटी रामपुर स्थित एक शराब फैक्ट्री में लगी हुई थी। 17 जनवरी की रात ड्यूटी पूरी करने के बाद वह रोडवेज बस से अपने गांव लौट रहा था। गांव के पास बस से उतरते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजन उसे तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा था। हालत में सुधार न होने पर 31 जनवरी को उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# खुलेआम बिक रहा नशा, बढ़ रहा अपराध

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली जिले का रिठौरा कस्बा इन दिनों नशे के बढ़ते कारोबार की गिरफ्त में आता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि गली-मोहल्लों में खुलेआम नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त हो रही है और इसकी चपेट में सबसे ज्यादा युवा वर्ग आ रहा है। नशे की लत ने न केवल युवाओं का भविष्य अंधेरे में धकेल दिया है, बल्कि कस्बे की कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। ताजा मामला रिठौरा से सामने आया है, जहां नशे के असर में धुत कुछ युवकों ने एक मासूम नौजवान पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक को मामूली बात पर घेर लिया गया और उस पर ताबड़तोड़ वार किए गए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है और वह जिंदगी-मौत से जूझ रहा है। डॉक्टरों के अनुसार पीड़ित के शरीर पर कई गहरे घाव हैं और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण स्थिति नाजुक हो गई थी। फिलहाल उसका इलाज जारी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का कहना है कि युवक सामान्य काम से घर से निकला था, लेकिन नशे में डूबे लोगों की हिंसा का शिकार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। रिठौरा और आसपास के क्षेत्रों में नशीले पदार्थों का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है।

## त्रिवतीनाथ मंदिर नीलामी विवाद पर नगर निगम का यू-टर्न, जारी किया आधिकारिक स्पष्टीकरण

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** त्रिवतीनाथ मंदिर को नीलाम किए जाने से जुड़ी खबरों के बाद बरेली नगर निगम को बैकफुट पर आना पड़ा है। मीडिया और सोशल मीडिया में मामला तूल पकड़ने के बाद नगर निगम ने शुक्रवार को एक आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी कर स्थिति स्पष्ट की। निगम ने कहा कि जारी किया गया नोटिस मंदिर के लिए नहीं, बल्कि मंदिर परिसर में स्थित व्यावसायिक दुकानों और भारतीय स्टेट बैंक की इमारत के लिए था, जिन पर संपत्तिकर बकाया है। नगर निगम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में साफ शब्दों में कहा गया है कि किसी भी धार्मिक स्थल पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कर निर्धारण और वसूली की प्रक्रिया केवल उन व्यावसायिक संपत्तियों पर लागू की गई है, जो धार्मिक परिसरों के भीतर संचालित हो रही हैं और जिन पर नियमों के अनुसार टैक्स देय है। नगर आयुक्त संजीव मौर्य द्वारा जारी स्पष्टीकरण में यह भी उल्लेख किया गया है कि शहर में अन्य कई आवासीय और व्यावसायिक भवनों पर भी संपत्तिकर बकाया है। इसी क्रम में विदेश मंत्रालय से संबंधित पासपोर्ट कार्यालय के आवासीय व्यावसायिक भवनों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। निगम का कहना है कि कार्रवाई पूरी तरह नियमानुसार और कर वसूली के उद्देश्य से की जा रही है। दरअसल, नगर निगम द्वारा जारी की गई एक सूची में त्रिवतीनाथ मंदिर का नाम सामने आने के बाद शहर में आक्रोश फैल गया था।

## पंडीत धिरेंद्र शास्त्री का इस्लाम धर्म के खिलाफ बयान नाकाबिले बर्दाश्तः शहाबुद्दीन

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** बागेश्वर धाम के बाबा पंडीत धिरेंद्र शास्त्री जी ने इस्लाम धर्म के खिलाफ अपशब्द बातें कही, जिसपर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंडीत धिरेंद्र शास्त्री जी एक धार्मिक व्यक्ति हैं, उनको किसी भी दूसरे धर्म के खिलाफ नहीं बोलना चाहिए, भाषा की मरियादा का ध्यान रखना भी जरूरी है। उन्होंने इस्लाम धर्म और उसके वसूलों पर जैसे निकाह, तलाक, और शादी आदि चीजों पर आपत्ति जताते हुए, इस्लाम धर्म का मज़ाक़ उड़ाया है। हम उनका धर्म गुरु के नाते सम्मान करते हैं, मगर इस्लाम धर्म के खिलाफ की गई उनकी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं कर सकते।

मौलाना ने कहा कि इस्लाम धर्म किसी दूसरे धर्म के खिलाफ बातें करने की इजाजत नहीं देता है, यहीं वजह है कि मुसलमान किसी धर्म के खिलाफ नहीं बोलता और न ही दूसरे धर्मो के धार्मिक कार्य पर कोई आपत्ति करता है। पंडीत धिरेंद्र शास्त्री जी पहले मुसलमानो को निशाना बनाते थे, कभी टोपी वाले सुधर जाओ कह कर मुसलमानो को धमकाते थे, और अब सिधे सिधे इस्लाम मजहब पर हमला कर रहे हैं। भारत के करोड़ों मुसलमान उनकी इस टिप्पणी से बहुत आहात है। मौलाना ने कहा इतिहास गवाह है, जब जब इस्लाम को दबाया जाता है, तब तब इस्लाम एक नई ऊर्जा और एक नई ताकत के साथ उभर कर सामने आता है। मुसलमान अपने ऊपर किए गए आपत्तियो को बर्दाश्त कर सकते हैं, मगर धर्म पर किए गए हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकतें हैं। पंडीत जी की इस तरह की बातें सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की बातों को हेट स्पीच माना है। दरासल बांदा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- एक दूसरा धर्म है हरिउल्लाह वाला हैं, 3 बार बोलने पर तलाक होता है।हमारे यहां 20-25 पेशी में भी नहीं हैं, 'हिंदू एक बात नोट कर लें। मुसलमानों को गाली देकर भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा।

## सड़क सुरक्षा माह का समापन, निर्माण एजेंसियों पर सख्ती



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की समाप्ति के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की प्रमुख सड़कों की स्थिति, दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) के निस्तारण तथा यातायात नियमों के सख्त अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने महराजगंज-ठूठीबारी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ा असंतोष जताया। उन्होंने एनएच पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली को असंतोषजनक बताते हुए लंबित और अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिशासी अभियंता के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश भी दिए गए। इसके साथ ही गोरखपुर-सोनौली मार्ग की धीमी प्रगति पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। महराजगंज-परतावल मार्ग पर सड़क किनारे व्हाइट पेंटिंग कराने तथा परतावल-पनियरा मार्ग पर गड्ढों की तत्काल भराई के निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद विधायकों ने सड़क सुरक्षा को गंभीर विषय बताते हुए यातायात नियमों के कठोर अनुपालन पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालयों में 18 वर्ष से कम आयु के छात्रों द्वारा वाहन लाने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और संबंधित विद्यालय प्रबंधन इसकी निगरानी सुनिश्चित करें।

# सिसवा में राष्ट्रप्रेम का विराट उत्सव

## 900 मीटर लंबे तिरंगे संग निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*



**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा बाजार में शनिवार को देशभक्ति, एकता और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब सिसवा युवा संगठन की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा में 900 मीटर लंबा तिरंगा लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखने के लिए नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा के दौरान पूरा कस्बा वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर तिरंगे को सलामी दी और यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्यूनियन कार्यालय परिसर में हुआ, जहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता रघुवेंद्र प्रताप उर्फ अंकित सिंह तथा आरपीआईसी स्कूल के निदेशक डॉ. पंकज तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संगठन के नवीन तिवारी और रितेश सोनी ने मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत आरपीआईसी स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल, प्रेमलाल सिंघानिया कन्या इंटर कॉलेज, चौखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज, रामकिशन मेमोरियल स्कूल, कलाकृति डांस स्कूल, केडीएस इंटरनेशनल स्कूल, जेपी पब्लिक स्कूल, आईडियल एसएस पब्लिक स्कूल, सिटी पब्लिक स्कूल, एनटी पब्लिक स्कूल सहित दर्जनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और युवाओं ने 900 मीटर लंबे तिरंगे के साथ यात्रा प्रारंभ की। तिरंगा यात्रा अमरपुरवा, श्रीरामजानकी मंदिर रोड, ईस्टेट चौक, सब्जी मंडी, प्रेमचित्र मंदिर रोड, सायर देवी स्थान रोड, फलमंडी, श्रीश्याम मंदिर एवं रेलवे स्टेशन रोड से होते हुए गोपाल नगर तिराहे पर जाकर संपन्न हुई।

यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों, राष्ट्रप्रेरक नारों और लघु एकांकी प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया। कार्यक्रम में देवेंद्र शुक्ला, विवेक चौरसिया, जितेंद्र वर्मा, उमाशंकर जायसवाल, प्रमोद मद्धेशिया, अंकित लाठ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, युवा और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से भड़की आग ने उजाड़ा आशियाना, घरेलू सामान जलकर खाक

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव चुरई दलपतपुर में रविवार को एक मकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखा कीमती घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।

आग की चपेट में आकर इनवर्टर-बैटरी, कूलर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन समेत अन्य जरूरी उपकरण पूरी तरह जल गए। पीड़ित परिवार के अनुसार इस हादसे में उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

घटना के वक्त घर में मौजूद परिवार के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

# क्षेत्राधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** क्षेत्राधिकारी निचलौल/लाइन शिव प्रताप सिंह के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेंद्र मीणा की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा शिव प्रताप सिंह के सफल एवं सराहनीय कार्यकाल की प्रशंसा की गई। उन्होंने स्मृतिचिन्ह भेंट कर उन्हें ससम्मान विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल, सुखमय भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सिंह ने अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए विभाग की गरिमा बढ़ाई है। उनका अनुभव एवं योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारी कार्यालय अनुरुद्ध पटेल सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चोरी व जानलेवा हमला करने के 2 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा ।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-104/2026, धारा 109 (1), 303 (2), 115 (2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 आरोपी अभियुक्तों रमेश उर्फ मुन्ना पुत्र बिहारी, निवासी पटेल नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा, 2. आदिल पुत्र शादाब, निवासी आसरा आवास, सिविल लाइन, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा को आसरा आवास कालोनी सिविल लाइन से गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 29.01.2026 को समय करीब 12.00 बजे अपर तहसीलदार न्यायालय, कलेक्ट्रेट परिसर गोण्डा में वादी राजाबाबू एडवोकेट की जेब से भीड़ का लाभ उठाकर रमेश उर्फ मुन्ना, सहबान व आदिल द्वारा मोबाइल चोरी किया गया। वादी द्वारा विरोध करने पर अभियुक्तों ने वादी पर चाकू से जानलेवा हमला किया। सूचना पर पुलिस के आने पर अभियुक्त स्वयं पर ब्लेड से वार करते हुए भीड़ का लाभ लेकर मौके से फरार हो गए थे।

# कुष्ठ रोग उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** शनिवार को नौगढ़ तहसील स्थित सभागार कक्ष में विश्व कुष्ठ दिवस के मौके पर तहसील विधिक साक्षरता शिविर के तत्वावधान में कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तहसीलदार सदर देवेन्द्र मणि त्रिपाठी (सचिव) की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएलवी राजकुमार, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव तथा सिद्धार्थ कुमार आदि वक्ताओं ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजन के पीछे निहित मंशा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुष्ठ रोग बैक्टीरिया से होता है, यह कोई पूर्व जन्म का पाप, श्राप या देवीय प्रकोप नहीं है। यह चर्मरोग नहीं, बल्कि नसों का रोग है जो त्वचा को प्रभावित करता है। इलाज शुरू होने के बाद यह नहीं फैलता है।कुष्ठ रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है, यह छुआछूत की बीमारी नहीं है, और इसका मुफ्त इलाज सभी सरकारी केंद्रों पर उपलब्ध है। मुख्य जोर इसके शुरुआती लक्षणों को पहचानने और सामाजिक कलंक को मिटाने पर होना चाहिए।

इस मौके पर मानव संसाधन विकास समिति से संदर्भित व्यक्ति के रूप में राम शंकर , जय प्रकाश गुप्ता आदि ने भी लोगो को कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए जागरूक होने की अपील करते हुए कहा कि यह छुआछूत या किसी पाप के कारण होने वाला रोग नहीं है, बल्कि बैक्टीरियाजनित है। कहा कि कुष्ठ रोग छूने, साथ बैठने या हाथ मिलाने से नहीं फैलता है।उन्होंने इसके लक्षण त्वचा पर हल्का या तांबे के रंग का दाग, जिस पर सुन्नपन को प्रमुख पहचान बताया और कहा कि इसके इलाज हेतु एमटीडी दवाइयां सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पूरी तरह से मुफ्त उपलब्ध हैं।यदि समय पर इलाज हो, तो विकलांगता को पूरी तरह से रोका जा सकता है।

## जानलेवा हमला करने के 2 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**गोण्डा ।** सुशील पुत्र स्व0 परमेश्वर प्रसाद शुक्ला नि0 काजीदेवर थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना मोतीगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 10.09.2012 को विपक्षी निर्मल श्रीवास्तव व त्रियुगीनारायण गुप्ता द्वारा उनके भाई गौरव शुक्ल के ऊपर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर दिया था। जिससे उनके भाई को चोटे आयी है। जिनका ईलाज जिला अस्पताल गोण्डा में चल रहा है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना मोतीगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें मोतीगंज पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। थाना स्थानीय पर तत्कालीन विवेचक द्वारा आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# एसटीएफ लखनऊ व कोतवाली कर्नलगंज पुलिस की टीम द्वारा 50,000 के इनामिया अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** थाना कर्नलगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0- 09/25, धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 से सम्बन्धित 50,000/- रू0 के इनामिया अभियुक्त मोहम्मद अबू हंजाला उर्फ सादिक पुत्र सरफराज अंसारी निवासी ग्राम पटाइला थाना खुटहन जनपद जौनपुर को कठौवा पुल मोहम्मदपुर गढवार के पास से गिरफ्तार कर लिय गया।

दिनांक 12.01.2025 को थाना कर्नलगंज क्षेत्रान्तर्गत जहांगीरवा क्रासिंग के पास कर्नलगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ट्रक संख्या यू0पी0 50 ए0टी0 1255 कर्नलगंज की ओर से तेज गति में आता दिखाई दिया। पुलिस बल को देखकर चालक द्वारा वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर मौके पर ही पलट गया। अंधेरा एवं रात्रि का लाभ उठाकर चालक, सहायक एवं अन्य अज्ञात व्यक्ति मौके से फरार हो गये। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें रस्सियों से क्रूरतापूर्वक बांधे गये कुल 19 गोवंशीय बैल बरामद हुए, जिनमें 14 बैल जीवित तथा 05 बैल मृत अवस्था में पाये गये। मौके पर बुलाये गये पशु चिकित्सक द्वारा परीक्षण उपरान्त मृत बैलों का विधिवत पोस्टमार्टम कराकर दफन कराया गया तथा जीवित बैलों को नजदीकी गौशाला को सुपुर्द किया गया। ट्रक से सम्बन्धित कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने के कारण धारा 207 एमवी एक्ट की कार्यवाही की गई। प्रकरण में वाहन स्वामी, चालक व अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 3/5।/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त मोहम्मद अबू हंजाला उर्फ सादिक गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार चल रहा था। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा अभियुक्त मोहम्मद अबू हंजाला उर्फ सादिक की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु 50,000/-का ईनाम घोषित किया गया था। जिसमें आज दिनांक 31.01.2026 को एस0टी0एफ0 लखनऊ व को0 कर्नलगंज की संयुक्त टीम द्वारा 50,000/- रू0 के इनामिया अभियुक्त मो0 अबू हंजाला उर्फ सादिक पुत्र सरफराज अंसारी निवासी ग्राम पटाइला थाना खुटहन जनपद जौनपुर को कठौवा पुल मोहम्मदपुर गढवार के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली कर्नलगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने पर भारत माता चौक में भव्य आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा अपने स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत माता चौक पर शनिवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत माता का विधिवत पूजन किया गया तथा सेविका बहनों द्वारा घोष वादन प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र को राभक्ति के भाव से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह-संपर्क प्रमुख राष्ट्र सेविका समिति की सीता अक्का, पूर्वी उत्तर प्रदेश की क्षेत्र प्रचारिका आदरणीय शशि विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अपने उद्बोधन में शशि जी ने कहा कि राष्ट्र सेविका समिति बीते 90 वर्षों से नारी शक्ति को संगठित कर समाज, संस्कृति और राष्ट्र सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। क्षेत्र प्रचारिका के रूप में उनका दायित्व है कि संगठन की विचारधारा, कार्य योजना और प्रशिक्षण को क्षेत्र के प्रत्येक जिले तक पहुँचाया जाए तथा सेविकाओं में नेतृत्व, सेवा और संस्कार के भाव को सुदृढ़ किया जाए। विभाग कार्यवाही की उमा सिंह एवं कार्यक्रम की मुख्य शिक्षिका बहन शुभ्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सेविका बहनों को सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह अविनाश, दुर्गा भारती के प्रांत योग प्रमुख श्रीमान महेश जी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं सेविका बहनें उपस्थित रहीं। सभी ने राष्ट्र सेविका समिति के सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही और यह कार्यक्रम प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# वजीरगंज में पांच दिवसीय सहायक अध्यापकों के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** कस्बे के श्री दयानंद आर्य वैदिक इंटर कॉलेज में परिषदीय विद्यालय के 40 सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षक ओ एन सिंह ने दिव्यांग बच्चों को बढ़ावा देने के लिए समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से व्यावहारिक ज्ञान के बारे में जानकारी दी ।

योग तथा प्रार्थना सभा में बच्चों को पाठ्यचर्या के सिद्धांत , यथासंभव पाठ वस्तु अनुकूलित स्वरूप में रूपांतरित करने तथा यदि किसी वस्तु का रूपांतरण संभव न हो तो उसमें उचित परिवर्तन लाने के बारे में जानकारी दें। यदि विषय वस्तु में उचित परिवर्तन न होने पर वस्त्र को प्रतिस्थापित करने समेत विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देते हुए कहा कि आप लोग बच्चों को व्यवहार विज्ञान के बारे में जानकारी दें। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक संदीप कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश पाण्डेय , अशोक मौर्य , चंद्रेश , बजरंग बहादुर सिंह , अंजू यादव , श्रेया द्विवेदी , अनुपम यादव , किरन यादव , गंगेश मिश्र समेत सहायक अध्यापक मौजूद रहे।

## बिना तलाक दिये पति ने कर ली दूसरी शादी

**गोण्डा।** थाना कौड़ियां क्षेत्रांतर्गत रहने वाली पीड़िता हीना पुत्री मसीउद्दीन ने जुनैद अहमद पुत्र स्वर्गीय ताज मोहम्मद से लगभग तीन साल पूर्व निकाह किया था पीड़िता हीना का आरोप है कि शादी के बाद से ही मेरे मां - बाप से सोने-चांदी के जेवरात, वा चार पहिया वाहन तथा कीमती कपड़े और 2 लाख रुपये की नगदी भी माँग रखी थी डिमांड ना पूरी हो पाने के कारण मुझे व मेरे बेटे सऊद उम्र करीब तीन साल मार - पीटा और पहले भी आये दिन मार पीट करना और जान से मार देने की धमकी लगा - तार देते रहे है 14 मई 2024 को घर से बाहर निकल दिया मेरे ससुराल वालों ने एक राय होकर बिना तलाक दिये मेरे पति जुनैद अहमद पुत्र स्वर्गीय ताज मोहम्मद ने निकाह रसीद पुत्र स्व0 हनीफ, साकिन-मरौठी, थाना कैसरगंज, जिला बहराइच से किया मुझे बिना कुछ बताये अपने कुछ रिश्तेदारों और घर वालों से साठगांठ करके दूसरी शादी करली है और वहीं पीड़िता ने इसकी सूचना कुछ दिन पूर्व स्थानीय थाना पे दी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## सरदार पटेल स्मारक इण्टर कॉलेज लारपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** सिकंदरपुर बाज़ार में स्थित सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज, लारपुर में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि यहाँ पूरे वर्ष खेलकूद की गतिविधियाँ निरंतर संचालित होती हैं, जिससे विद्यार्थियों के भीतर अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम-स्पिरिट का विकास होता है। बृजराज चौधरी एवं राम सिंगार जैसे समर्पित शिक्षक क्रिकेट, वॉलीबॉल, दौड़, कूद, डिस्कस थ्रो, खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों में बच्चों को नियमित प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखार रहे हैं।

वार्षिक खेल गतिविधियों के आधार पर आज जिन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन्हें मेडल, प्रशस्ति-पत्र और शैक्षिक सामग्री देकर सम्मानित किया गया। उप-प्रधानाचार्य डॉ. अजय वर्मा ने गर्व के साथ बताया कि इस विद्यालय के विद्यार्थी जनपद, मंडल ही नहीं बल्कि राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का परचम लहरा चुके हैं।

जब विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य और शिक्षकों के हाथों से सम्मान प्राप्त किया, तो उनके चेहरों की मुस्कान बता रही थी कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। यह पहल केवल पुरस्कार देने तक सीमित नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देती है कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त पाठशाला है। विद्यालय का यह प्रयास सचमुच सराहनीय और अनुकरणीय है।

# धानी रोड पर दर्दनाक हादसा : खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी- धानी रोड पर कस्बे से सटे कुदारन गांव के निकट शुक्रवार की रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से बाइक की तेज टक्कर हो जाने से यह हादसा हुआ।

तिवारीपुर गांव निवासी 25 वर्षीय अमित तिवारी पुत्र लालजी तिवारी बांसी कस्बे में एक कपड़े की दुकान में काम करते थे। शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर वह बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह धानी रोड पर कंपोजिट शराब की दुकान से लगभग पचास कदम पहले पहुंचे, सड़क पर खड़े ट्रेलर में उनकी बाइक पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का अधिकांश हिस्सा ट्रक के अंदर तक घुस गया।

हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच सकी। इसी बीच परिजन अमित को पचास शैय्या युक्त संयुक्त अस्पताल बांसी ले गए, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. आर.के. सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमित तिवारी अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे और अविवाहित थे। बेटे की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर संदिग्धावस्था में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**गोंडा।** जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर गोड़वा गांव के पास शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सड़क किनारे शव देखे जाने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान राजेश तिवारी द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जनपद मुख्यालय भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। इस घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों के बीच दुर्घटना, बीमारी या किसी आपराधिक घटना की आशंका को लेकर चर्चाएं हो रही हैं।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों की बैठक ब्लाक सभागार में सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**योजनाओं के बारे में बारी बारी से बीडीओ ने दी जानकारी**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन सभागार में विकास कार्य को गति देने के लिए अगामी बजट को लेकर लोटन बाजार के ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों की बैठक शनिवार को हुई। जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास, राज्य बित्त/केन्द्रीय बित्त आयोग, पशूपालन, कृषि विभाग, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, खराब हैंडपंप की रिबोर हेतु, स्वच्जता निशुल्क बोरिंग पेंशन से सम्बंधित आदि विभागों के बारे मे विचार व चर्चा कर 2025/26के कार्ययोजना प्रस्ताव रखकर बजट स्वीकृत किया गया।जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अशीष सिंह ने किया।खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन ने सदन को बिस्तार से बताया कि पिछले वर्ष मे कहाँ कितना कार्य हुवा व उस पर कितना खर्च हुवा है ।

मनरेगा योजना से वर्ष 2024-25 के बजट के अनुमोदन पर चर्चा किया।पिछले बजट 2024-25के अनुमोदित बजट पर चर्चा करते हुए लगभग 60 लाख 72हजार रुपये द्वारा किये कार्यो को पढ कर सुनाया गया। आगामी 2025-26के संसोधित विभिन्न कार्यो को कराने के लिए ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत के लिए 1 करोड75लाख रुपये का लगभग बजट बैठक मे पास हुआ। ब्लाक प्रमुख ने कहाँ कि सभी प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य विकास कार्यो पर विशेष ध्यान दें ताकी क्षेत्र में विकास हो सके।बैठक में एडीओ पंचायत सदानन्द वर्मा,लेखाकार राज किशोर एपीओ सत्यप्रकाश,वरिष्ठ लिपिक उमेश चन्द राय,सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, ईश्वर देव, दिलीप पटेल, देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, केशभान यादव, सुमन पटेल, आशीष कुमार, विजय पाल, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी, रिंकू पाण्डेय, पंकज वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य मुसे सिंह,राकेश त्रिपाठी, अरबाज चौधरी, राजेश यादव, सुनील सिंह,गंगा राम यादव, चन्द्रबली यादव, सलामुद्दीन, रहमान खान , धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, निरंजन चौरसिया, पदुमपंथ मिश्रा, जिला पंचायत प्रतिनिधि लक्ष्मी राम सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

## माडर्न हायर सेकंडरी स्कूल के बूथों पर लगा विशेष कैंप



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मार्डन हायर सेकंडरी स्कूल स्थित मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। नए नाम जोड़ने और सुधार पर रहा जोर बूथ संख्या 180, 181, 182 और 183 पर आयोजित इस कैंप में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान मुख्य रूप से दो प्रकार के कार्य किए गए। जिसमे फॉर्म 6~उन युवाओं के नाम जोड़ने के लिए जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और फॉर्म 8~मतदाता पहचान पत्र में नाम, पता या अन्य त्रुटियों को सुधारने के लिए। कैंप को सफल बनाने के लिए बी.एल.ओ. और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर बी एल ओ तिलक राम और अमृत लाल ने लोगों के आवेदनों की जांच कर उन्हें जमा किया। इस प्रक्रिया में शकील अहमद और सैफ रिजवी ने आये हुए लोगो की सहायता की और उन्हें मतदाता पुनरीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया। कैंप के दौरान बी.एल.ओ. ने बताया कि मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाना उनकी प्राथमिकता है ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर मनाया गया राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 78 वी पुण्यतिथि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी में राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अविनाश चौधरी द्वारा कुष्ठ संदेश पढ़ा गया एवं कुष्ठ रोग से बचाव एवं इलाज के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि कुष्ठ रोग साध्य रोग है जो नियमित उपचार से ठीक हो सकता है। किसी भी व्यक्ति के शरीर पर कही भी सुन्न दाग धब्बे पाए जाते हैं तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। इस अवसर पर ओमप्रकाश त्रिपाठी (नॉन मेडिकल सुपरवाइजर ), राम सहाय वर्मा, मकसूदन यादव, अमृता पांडेय सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## नीलगायों का आतंक से किसान जागने पर परेशान

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** क्षेत्र में नीलगायों का आतंक किसानों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। नीलगायों के झुंड इस समय खेतों में खड़ी दलहन, तिलहन एवं गेहूं की फसलों को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान त्रस्त हैं। हरपुर, इब्राहिमपुर, कहरा , सुलेमपुर, परस कटुई, भौसिमपुर, मजीसा, कटात, असमानपट्टी, दयालपुर सहित अन्य गांवों में भी नीलगायों का झुंड खुलेआम खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहा है। दिन-रात कड़ी मेहनत से फसल तैयार करने वाले किसानों को अब अपनी ही फसल बचाने के लिए रात-रात भर खेतों में जागकर पहरा देना पड़ रहा है। इससे किसानों की नींद और सुकून दोनों छिन गए हैं। स्थानीय किसान पवन सिंह, नीरज विश्वकर्मा, छोटू सिंह, पप्पू वर्मा, ओम प्रकाश, विजय कुमार, संग्राम यादव आदि का कहना है कि नीलगायों के झुंड लगातार फसलों को रौंद रहे हैं, लेकिन उनके नियंत्रण को लेकर कृषि विभाग या वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री अहमद हसन व उनकी पत्नी की बरसी पर आयोजित हुई शोकसभा

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी की सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहे स्वर्गीय अहमद हसन तथा उनकी पत्नी स्वर्गीय नजमा बेगम की पांचवीं बरसी के अवसर पर शुक्रवार को नगर के मोहल्ला दलालटोला स्थित उनके पैतृक आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसकी अध्यक्षता स्वर्गीय अहमद हसन के पुत्र हामिद अंसारी ने की।

इस अवसर पर मदरसा निदाए हक में क़ुरआन ख़्वानी, फ़ातिहा ख़्वानी एवं महफ़िल-ए-ईसाल-ए-सवाब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क़ुरआन ख़्वानी से हुई, जिसके बाद नात-ए-पाक एवं मनक़बत पढ़कर दिवंगत आत्माओं को ख़िराज-ए-अकीदत पेश की गई। कार्यक्रम के समापन पर मजार पर गुलपोशी की गई।

इस मौके पर मदरसा निदाए हक के प्रिंसिपल अल्लामा हबीबुर रहमान नूरी ने स्वर्गीय अहमद हसन एवं स्वर्गीय नजमा बेगम के जीवन, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय अहमद हसन ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में जनसेवा, सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा।

शोक सभा में उलमा-ए-कराम में मौलाना मुहम्मद हसन, मौलाना अब्दुल ग़फ़्फ़ार, हाफ़िज़ मुहम्मद रिज़वान, क़ारी मुहम्मद तारिक़,कारी जसीमुद्दीन, मौलाना अबरार अहमद, मोहम्मद अहमद मंडी परिषद लखनऊ मौलाना मुहम्मद आरिफ़, मौलाना मुहम्मद सादिक़ क़ादरी, हाफ़िज़ नसीर अहमद, क़ारी मुहम्मद इमरान एवं हाफ़िज़ मुहम्मद आक़िब शामिल रहे।

इसके अलावा पूर्व विधायक अज़ीम-उल-हक पहलवान के पुत्र मुसाब अज़ीम, समाजवादी पार्टी के महासचिव अनीसुर्रहमान कार्यकर्ता एवं अकीदतमंद मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# हिन्दू के संगठित होने से ही बचेगी देश की एकता : विजय प्रताप सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हिंदू समाज का संगठित होना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जातिवाद और वर्गभेद समाज को कमजोर करते हैं, जिनका लाभ बाहरी और विघटनकारी शक्तियां उठाती हैं। उक्त बातें शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह ने पंडित महावीर प्रसाद आईटीआई कॉलेज, सुरेंद्रनगर हजपुरा में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदू समाज में स्व-जागरण, स्वधर्म, स्वभाषा, स्वरोजगार और स्वदेशी की भावना को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने सनातन हिंदू धर्म की प्राचीनता का उल्लेख करते हुए कहा कि अनेक आक्रमणों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह धर्म आज भी अपनी जड़ों पर मजबूती से खड़ा है, यही इसकी शक्ति और जीवंतता का प्रमाण है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष हृदय मणि मिश्र ने जातिवाद और आपसी भेदभाव को त्यागकर हिंदू समाज को एक सूत्र में बंधने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में समाज सेवा की भावना के तहत 100 असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप पांडेय, संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, राम आशीष मिश्र, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राम प्रकाश यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा, रमेश मिश्र, पूर्व प्रधान रामशरण राजभर, रमेश प्रजापति, पुजारी लाल साहू सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समता के बहाने असमानता का कानूनी जंजाल

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नए नियम तो उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव दूर करने की दृष्टि से बनाए थे, लेकिन इनके अधिसूचित होते ही असमानता के भेद उजागर हो गए। फलस्वरूप समूचे देश की सवर्ण जातियां आक्रोशित होकर आंदोलन पर उतर आईं। क्योंकि सवर्ण समाज को इसके दुरुपयोग की इस बात को लेकर आशंकाएं हैं कि इन्हें सवर्ण जातियों को परेशान करने के लिए एक कारगर हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। जैसा कि एससी-एसटी कानून के तहत सवर्णों को झूठे मुकदमों में फंसाने का काम किया जाता है। विडंबना है कि अब इन नए नियमों में पिछड़े वर्ग को भी जोड़ दिया गया है। साथ ही कानून में इन वर्गों के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी भी शामिल कर दिए हैं। नए कानून में नस्ल, पंथ, क्षेत्र, लिंग और दिव्यांग्ता के आधार पर भी भेदभाव बरते जाने की शिकायत की जा सकती है। हालांकि इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। फिर भी चिंगारी अभी बाकी है। इस आधार पर किसी भी जाति के छात्र की शिकायत की जा सकती है। यानी छात्रों को परेशान करने का दायरा इस कानून के तहत विस्तृत कर दिया गया है, जबकि 2012 के इसी कानून में ऐसा नहीं था। इसीलिए इस कानून का विरोध केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ दल के भाजपा नेता, सांसद और विधायक भी कर रहे हैं। क्योंकि कानून में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि शिकायतकर्ता की शिकायत यदि झूठी पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही का कोई प्रविधान नहीं है। समता के बहाने लाए गए ऐसे कानून शिक्षा संस्थानों में जातीय वर्ग संघर्ष के हालात पैदा करने के अलावा समता के कोई उपाय नहीं कर पाएंगे। इस कानून के अधिसूचित होते ही इसके विरोध में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने त्यागपत्र दे दिया है। यह कानून आ बैल मुझे मार कहावत को चरितार्थ करने वाला है। जातिगत कटुता बढ़ाने के इस कानून के आते ही देशभर में सवर्ण समाज के आंदोलन को देख केंद्र सरकार की चिंताएं बढ़ गई हैं।

सरकार इसका रास्ता ढूंढने में भी जुट गई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद यूजीसी ने 2012 में लाए गए समानता के नियमों में बदलाव किया है। 2012 में भी न्यायालय के आदेश पर यह कानून बना था। लेकिन इस बार यह बदलाव व्यापक असंतोष का कारण बन गया है। इन नियमों के अंतर्गत प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान में अनिवार्य रूप से समानता समीतियों (इक्विटी कमेटी) का गठन होगा। नियमों का पालन नहीं करने पर संस्थान को डिग्री या कार्यक्रम देने पर यूजीसी ने दंड के प्रावधान किए हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नजरिए से इस कानून को 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित भी कर दिया है। अर्थात ये कानून प्रभावशील हो गए हैं। हालांकि पिछले साल फरवरी 2025 में यूजीसी ने जब नए नियमों का प्रारूप सुझावों के लिए जारी किया था, तब इसमें पिछड़ा वर्ग को जाति आधारित भेदभाव से अलग रखा गया था। इस प्रारूप में यह भी प्रस्ताव था कि यदि भेदभाव की शिकायतें झूठी पाई जाती हैं तो ऐसे शिकायत कर्ताओं को हतोत्साहित करने के साथ जुर्माने का प्रावधान भी था, जिसे वे भविष्य में झूठी शिकायतें न करें। लेकिन जब यह कानून अधिसूचित होने के बाद सार्वजनिक हुआ तो इसमें पिछड़ा वर्ग को शामिल करने के साथ झूठी शिकायतों से संबंधित प्रावधान भी विलोपित कर दिया गया। साथ ही भेदभाव का दायरा बढ़ा दिया गया।

## आद्रभूमि स्थलों को संरक्षित करने का संकल्प

2 फरवरी को प्रत्येक वर्ष विश्व वेटलैंड दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों और हमारे ग्रह के लिए वेटलैंड्स की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में वैश्विक जागरूकता बनाई जा सके। वेटलैंड्स (आर्द्रभूमि) पारिस्थितिक तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वास्तव में यह सबसे महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र है जो पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक तंत्र का संतुलन, ऑक्सीजन उत्पादन, कार्बन अवशोषक ,मत्स्य पालन, सिंचाई, प्रवासी पक्षियों का निवास, और गैर इमारती लकड़ी उत्पाद, आश्रित जीवों हेतु खाद्य, जलापूर्ति, बाढ़ रोकथाम एवं जैव विविधता में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। यही कारण है कि इन्हें संरक्षित करने हेतु रामसर संधि को लागू किया गया है।


ओम प्रकाश 'सुमन'

इसी दृष्टिकोण से 2 फरवरी 1971 को ईरान के कैस्पियन समुद्र के किनारे बसे रैम्सर शहर में दुनिया के विभिन्न देशों के मध्य अंतर्राष्ट्रीय संधि की गई थी। यह संधि, सम्मेलन 1971 में यूनेस्को द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संधि है इसके तहत पर्यावरण संरक्षण है दुनिया के विभिन्न आद्रभूमि स्थलों को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया था इस समझौते को रैम्सर समझौता के नाम से भी जाना जाता है यह सम्मेलन आद्र भूमिओं की सुरक्षा व संरक्षण के लिए ही किया गया था। रामसर (रैम्सर), समझौते से संबंधित देशों को 21 दिसंबर 1975 तक लागू करना था भारत द्वारा 1 फरवरी 1982 को इस पर हस्ताक्षर किए गए थे किसी भी भूमि के रामसर स्थल में शामिल होने पर संबंधित भूमि के संरक्षण की जिम्मेदारी आईयूसीएन द्वारा की जाती है। राम सर की पहचान में वित्तीय सहायता के अतिरिक्त अन्य प्रकार से भी सहायता की जाती है। पर यह समझौते, संधि 1997 से रामसर सम्मेलन मेंआधिकारिक होने के बाद इसे पूर्ण रूप से लागू किया गया है।

रामसर स्थल के बारे में जानने से पहले यह जानना भी जरूरी है आर्द्रभूमि क्षेत्र या वेटलैंड के धरती पर उन स्थलों को कहा जाता है कि जो जल से ढके या अंशतः घिरे होते हैं । इसे हम कह सकते हैं कि जल से घिरे दलदली इन स्थलों को आद्र भूमि कहा जाता है इसमें तालाब, जलाशय, झीलें नदी-डेल्टा ,डेल्टा क्षेत्र, पंक भूमि बाढ़ के मैदान, दलदली भूमि, चावल के खेत बैराज भूमि और समुद्र के किनारे भी शामिल हैं। मुख्य रूप से जल एवं जल स्थल के दलदली भाग के संक्रमण क्षेत्र या जल से घिरी दलदली भूमि पंक को आद्र भूमि का दर्जा दिया जाता है। आईयूसीएन की परिभाषा के अनुसार इसमें प्राकृतिक एवं कृत्रिम स्थैतिक एवं बहते जल तथा स्थाई या अस्थाई आद्र भूमि को शामिल किया गया है। विश्व में अनेक देशों में रामसर स्थल है विश्व की सबसे अधिक आर्द्रभूमि वाला बड़ा क्षेत्र ब्राजील का बोलीविया है जिसमें लगभग 148000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में आद्र भूमि है पर सबसे अधिक साइटवाला देश यूनाइटेड किंगडम है इसमें 176 रामसर स्थल या वेटलैंड साइट है। दूसरे नंबर पर मेक्सिको देश है जहां पर 144 रामसर स्थल है अब हम भारत की बात करते हैं तो भारत के सबसे बड़ा रामसर स्थल पश्चिम बंगाल में सुंदरवन वेटलैंड है। जिसका क्षेत्रफल 423000 हेक्टेयर है। भारत में सबसे छोटा रामसर स्थल हिमाचल प्रदेश में रेणुका स्थित है इसका क्षेत्रफल 0.2 वर्ग किलोमीटर है। भारत में रामसर स्थल या वेटलैंड की संख्या वर्तमान में 96 हो गई है। वर्तमान में भारत में आंध्र देश में 01, असम में 01 बिहार में 06 छत्तीसगढ़ में 01, गोवा में 01 हरियाणा में 02 हिमाचल प्रदेश में -3 जम्मू एवं कश्मीर में -5 झारखंड में-1 कर्नाटक में -4 केरल में -3 लद्दाख में -2 मध्य प्रदेश में -5 महाराष्ट्र में -3 मणिपुर में -1 मिजोरम -1ओडिशा में -6 पंजाब में 6 राजस्थान में-5 सिक्किम में -1तमिलनाडु में-20 त्रिपुरा में -1उत्तर प्रदेश में- 10 उत्तराखंड में-1 पश्चिम बंगाल में -2 हैं। जिनमें कुछ मुख्य में चिल्का झील उड़ीसा, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान, लोकटक झील मणिपुर, वुलर झील जम्मू कश्मीर, हरिके झील पंजाब, सांभर झील राजस्थान, कंजली झील पंजाब रोपड़ वेटलैंड पंजाब ,कोलोरू झील आंध्र प्रदेश, दीपोर झील असम, पोंग बांध झील हिमाचल प्रदेश,त्सो मोरीरी झील लद्दाख़, अष्टमुडी झील, केरल, सस्थम कोट्टा झील केरल, सरसई नावर झील उत्तर प्रदेश में हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में इम्पोर्ट होने वाली यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया जाएगा। इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150 फीसदी टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20-30 फीसदी किया जाएगा। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि ईयू दूसरी सबसे बड़ी।**

# भारत और यूरोपीय संघ ने रचा इतिहास

भारत और यूरोपीय संघ यानी ईयू ने बीती 27 जनवरी को एक बड़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया। राजधानी दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुए 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों पक्षों ने अपने इतिहास के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए पर आधिकारिक तौर पर हस्ताक्षर कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समझौते को भारत के व्यापारिक इतिहास का सबसे बड़ा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह डील सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत-ईयू रिश्तों को एक नई दिशा देने वाली है। यूरोपियन यूनियन मुख्य रूप से यूरोप में स्थित 27 सदस्य देशों का एक अद्वितीय राजनीतिक और आर्थिक संघ है। इसका उद्देश्य शांति, समृद्धि, मानवाधिकारों की रक्षा और अपने सदस्य देशों के बीच स्थिरता को बढ़ावा देना है।


डॉ. ओपी त्रिपाठी

लगभग दो दशक की माथापच्ची, उधेड़बुन, असमंजस, सवाल समाप्त हुए और दोनों लोकतांत्रिक शक्तियां 'मदर डील' पर सहमत हुईं। आपस में हस्ताक्षर कर दिए गए और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर ने इस सर्वाधिक व्यापक 'मुक्त व्यापार समझौते' (एफटीए) की घोषणा कर नई विश्व-व्यवस्था की बुनियाद रख दी। व्यापक और विश्व व्यवस्था परिवर्तनकारी इसलिए माना जा सकता है, क्योंकि पहली बार 193 करोड़ से अधिक की आबादी एक एफटीए के दायरे में होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में इम्पोर्ट होने वाली यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया जाएगा। इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150 फीसदी टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20-30 फीसदी किया जाएगा। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि ईयू दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का करीब 25 फीसदी और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं। जिसे 2032 तक 40 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। यूरोपीय संघ विश्व की दूसरी और भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा यह 'मदर डील' ही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस समझौते को सिर्फ एक व्यापारिक डील नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट बताया। उन्होंने कहा कि यह एग्रीमेंट ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत करेगा और इनोवेशन के नए रास्ते खोलेगा। पीएम मोदी ने इसे 'पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल गुड' करार दिया। इस समझौते से भारत और 27 यूरोपीय देशों के बीच व्यापार, निवेश और इनोवेशन को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। इस एफटीए से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की 'टैरिफ दादागीरी' का बड़ा रचनात्मक और शालीन जवाब दिया गया है। इसके अलावा, चीन के समानांतर भारत को 'इनोवेशन एंड मैन्यूफैक्चरिंग हब' बनाने का लक्ष्य तय कर चीनी वर्चस्व को भी चुनौती दी गई है, लिहाजा वाकई यह 'मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स' है। चीन में करीब 1700 यूरोपीय कंपनियां सक्रिय हैं। क्या अब वे भारत शिफ्ट हो सकती हैं? इसकी प्रबल संभावना बन गई है। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि जब 2027 में यह एफटीए यूरोप के सभी 27 देशों में लागू हो जाएगा, तब भारत के 99 फीसदी से अधिक उत्पाद, सामान या तो 'टैरिफ-मुक्त' होंगे अथवा रियायती शुल्क ही देना पड़ेगा। मसलन-जैतून का तेल, वनस्पति तेल, ऑप्टिकल उपकरण, मशीनरी, रासायनिक एवं सर्जिकल



उपकरण, फार्मा (खासकर जेनेरिक दवाएं), वस्त्र, रत्न-आभूषण, चमड़ा एवं जूते-चप्पल, चॉकलेट, पास्ता आदि लंबी सूची है। अधिकतर उत्पादों और उपकरणों को 'टैरिफ-मुक्त' तय किया गया है। करीब 2 ट्रिलियन डॉलर के यूरोपीय बाजार में 2030 तक भारतीय उत्पादों का निर्यात 300 अरब डॉलर तक ले जाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इससे महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कानपुर, आगरा के सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसएमई) का व्यापारिक लाभ काफी बढ़ सकता है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर ने खुलासा किया है कि 4 अरब यूरो से अधिक के टैक्स खत्म करने का फैसला किया गया है। इससे दो तरफा व्यापार बढ़ेगा, लाखों नौकरियां पैदा होंगी, दोनों पक्षों की प्रतिभाएं, छात्र, शोधार्थी और पेशेवर एक-दूसरे के देशों में सहजता से आ-जा सकेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, 8 लाख से अधिक भारतीय इस समय यूरोप के देशों में बसे हैं और काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस व्यापार समझौते को 'साझा समृद्धि का ब्लू प्रिंट' करार दिया है। गौरतलब यह भी है कि भारत की करीब 1500 कंपनियां फिलहाल यूरोप में सक्रिय हैं। एफटीए के बाद नीदरलैंड से प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण होगा, लिहाजा 2030 तक भारत विश्व के शीर्ष 5 सेमीकंडक्टर हब में आ सकता है। फ्रांस, जर्मनी, इटली सरीखे देश भारत में रक्षा-फैक्ट्रियां स्थापित कर सकेंगे। अभी यूरोपीय कारें भारत में बहुत महंगी पड़ती हैं, क्योंकि उन पर 110 फीसदी टैक्स है।

अब आगामी पांच साल में, चरणबद्ध तरीके से, यह टैक्स मात्र 10 फीसदी तक लाया जाएगा। जो लोग ऑडी, मर्सिडीज, फॉक्सवैगन, पोर्शे, बीएमडब्ल्यू सरीखी यूरोपीय कारों के शौकीन हैं, उनके लिए यह एफटीए भारी बचत की खबर लाया है। अब यूरोपीय बीयर पर टैरिफ 50 फीसदी कम किया गया है और शराब पर 40 फीसदी ही टैक्स लगेगा, जबकि अभी यह टैक्स 150 फीसदी तक है। भारत-यूरोप की यह 'मदर डील' बहुआयामी है, क्योंकि यह बहुपक्षीय गठबंधन की पक्षधर है। दुनिया के देश किसी एक-दो देशों की धमकियों के दबाव में कांपते और डरते न रहें, लिहाजा ऐसी डील कर जवाब दिया गया है।

भारत और ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौता होने से पहले ही अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिर्ची लग गई है। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि भारत के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करके यूरोप अपने ही खिलाफ रूसी जंग को फंडिंग दे रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव (वित्त मंत्री) स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यूरोप ने भले रूस के साथ अपने तेल खरीद को महत्वपूर्ण रूप से समाप्त कर दिया है, लेकिन अब वो भारत में रिफाइन हो रहे रूसी तेल उत्पादों को खरीदने की तैयारी में है और इस तरह अप्रत्यक्ष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्त पोषित (फंडिंग) कर रहे हैं।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणियां इस पूरे विवाद की आत्मा को उजागर करती हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उत्पीड़न एक बड़ी बुराई है और इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि क्या नियम केवल जाति आधारित अपमान तक ही सीमित रहेंगे। यदि किसी छात्र को उसकी भाषा, क्षेत्र या सांस्कृतिक पहचान के कारण नीचा दिखाया जाए तो क्या वह भेदभाव नहीं है।**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने से जुड़े नए नियमों पर अंतरिम रोक लगाना केवल एक कानूनी आदेश नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज, संविधान और शिक्षा व्यवस्था के भविष्य से जुड़ा एक गहरा संकेत है। यह फैसला उस समय आया है जब देश लगातार यह प्रश्न पूछ रहा है कि क्या हम सचमुच समानता की ओर बढ़ रहे हैं या फिर समानता के नाम पर नई दीवारें खड़ी कर रहे हैं। न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया कि सामाजिक न्याय की भावना तभी सार्थक हो सकती है जब वह सबके लिए हो, न कि किसी एक वर्ग को केंद्र में रखकर शेष समाज को हाशिए पर डाल दे। उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव एक कड़वी सच्चाई रही है और इसे नकारा नहीं जा सकता। अनेक घटनाएं, आत्महत्याएं और शिकायतें इस बात की गवाही देती हैं कि कमजोर और वंचित वर्गों को आज भी अपमान, उपेक्षा और मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में समानता को बढ़ावा देने वाले नए नियम बनाए गए थे, जिनका उद्देश्य था कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिले। मंशा निस्संदेह सही थी, लेकिन न्यायालय का कहना है कि मंशा के साथ-साथ मार्ग भी सही होना चाहिए।


महेन्द्र तिवारी

न्यायालय के समक्ष यह प्रश्न प्रमुख रूप से उभरा कि क्या कोई नियम केवल कुछ वर्गों को ही पीड़ित मानकर चल सकता है। संविधान की मूल भावना यह कहती है कि कानून की नजर में सभी समान हैं। यदि कोई नियम यह मानकर बनाया जाए कि भेदभाव केवल एक ही दिशा में संभव है, तो वह समानता के सिद्धांत को कमजोर करता है। न्यायालय ने इसी बिंदु पर चिंता जताई कि नए नियम सामान्य वर्ग के छात्रों को पूरी तरह नजरअंदाज करते हैं और उन्हें किसी भी प्रकार के भेदभाव से संरक्षण देने की बात ही नहीं करते। इससे यह संदेश जाता है कि कुछ छात्रों का अपमान, उत्पीड़न या मानसिक शोषण कानून की दृष्टि में महत्वहीन है, जो कि स्वीकार्य नहीं हो सकता।




एक और गंभीर चिंता नियमों की अस्पष्टता को लेकर सामने आई। भेदभाव, उत्पीड़न और रैगिंग जैसे शब्दों की स्पष्ट सीमा तय न होने से यह आशंका पैदा होती है कि उनका दुरुपयोग हो सकता है। न्यायालय ने संकेत दिया कि यदि परिभाषाएं धुंधली होंगी तो शिकायत और अपराध के बीच की रेखा मिट जाएगी। इससे न केवल निर्दोष छात्रों के फंसने का खतरा बढ़ेगा, बल्कि शिक्षा संस्थानों का वातावरण भी भय और अविश्वास से भर जाएगा। शिक्षा का उद्देश्य संवाद, प्रश्न और विचारों का आदान प्रदान है, लेकिन जब हर शब्द और हर व्यवहार पर कानूनी तलवार लटकती हो तो यह उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता।

मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणियां इस पूरे विवाद की आत्मा को उजागर करती हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उत्पीड़न एक बड़ी बुराई है और इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि क्या नियम केवल जाति आधारित अपमान तक ही सीमित रहेंगे। यदि किसी छात्र को उसकी भाषा, क्षेत्र या सांस्कृतिक पहचान के कारण नीचा दिखाया जाए तो क्या वह भेदभाव नहीं है। इस प्रश्न के माध्यम से न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि भेदभाव के रूप अनेक हैं और उन्हें केवल जाति के चश्मे से देखना वास्तविकता को अधूरा समझना है।

न्यायालय ने यह भी विचार किया कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी यदि हर नीति जाति की पहचान को और गहरा करती जाए तो क्या हम सच में एक जातिविहीन समाज की ओर बढ़ रहे हैं। आज के विश्वविद्यालयों में छात्र एक साथ रहते हैं, पढ़ते हैं और सपने देखते हैं। अंतरजातीय विवाह बढ़ रहे हैं और नई पीढ़ी कई मामलों में पुरानी दीवारों को तोड़ रही है। ऐसे समय में यदि संस्थागत नीतियां फिर से कठोर वर्गीकरण पर आधारित होंगी तो यह सामाजिक एकता के लिए खतरा बन सकती हैं।

एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी रही कि आरक्षित वर्गों के भीतर भी असमानता मौजूद है। हर अनुसूचित या पिछड़ा छात्र समान परिस्थितियों से नहीं आता। कुछ के पास संसाधन हैं, कुछ के पास नहीं। यदि नीतियां इस आंतरिक विविधता को नजरअंदाज करेंगी तो वे वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाएंगी। इससे सामाजिक न्याय का उद्देश्य कमजोर होगा और नए प्रकार का असंतोष जन्म लेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने नए नियमों को पूरी तरह खारिज नहीं किया, बल्कि उन्हें फिलहाल रोककर पुराने नियमों को लागू रहने दिया। यह एक संतुलित कदम है। न्यायालय ने न तो भेदभाव की समस्या से इनकार किया और न ही सामाजिक न्याय की आवश्यकता को नकारा। उसने केवल यह कहा कि नियम ऐसे होने चाहिए जो न्याय, समानता और एकता तीनों को साथ लेकर चलें। केंद्र सरकार और संबंधित संस्थाओं से जवाब मांगकर न्यायालय ने यह अवसर दिया है कि वे नियमों की समीक्षा करें, उन्हें अधिक स्पष्ट, समावेशी और संतुलित बनाएं।

यह फैसला आरक्षण और समानता की बहस को एक नई दिशा देता है। अब सवाल केवल यह नहीं है कि किसे संरक्षण मिले, बल्कि यह भी है कि संरक्षण कैसे दिया जाए। क्या हम ऐसी व्यवस्था बना सकते हैं जिसमें हर छात्र, चाहे वह किसी भी वर्ग से हो, अपमान और उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षित महसूस करे। क्या हम ऐसी नीतियां बना सकते हैं जो शिकायत करने वाले को न्याय दें और झूठे आरोपों से निर्दोष को बचाएं। यही वे प्रश्न हैं जिनका उत्तर आने वाले समय में तलाशना होगा।

शिक्षा संस्थान समाज का दर्पण होते हैं। वहां जो मूल्य पनपते हैं, वही भविष्य के समाज की नींव रखते हैं। यदि वहां भय, अविश्वास और वर्ग विभाजन का माहौल बनेगा तो उसका असर पूरे देश पर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि समानता केवल कानून से नहीं आती, बल्कि दृष्टि और संवेदनशीलता से आती है। नियम आवश्यक हैं, लेकिन उनसे अधिक आवश्यक है यह समझ कि हर छात्र एक इंसान है, जिसकी गरिमा समान है। अंततः यह निर्णय हमें एक चेतावनी और एक अवसर दोनों देता है। चेतावनी इस बात की कि अच्छे इरादे भी गलत ढांचे में अन्याय पैदा कर सकते हैं, और अवसर इस बात का कि हम ऐसी नीतियां गढ़ें जो सचमुच समावेशी हों। यदि इस फैसले से यह संवाद शुरू होता है कि सामाजिक न्याय और समानता को कैसे संतुलित किया जाए, तो यह केवल एक अदालती आदेश नहीं रहेगा, बल्कि एक ऐतिहासिक मोड़ साबित होगा।

# 'तकल्लुफ़' के अन्तर्गत समाज में बरती जाने वाली आपसी नैतिकता

**'तकल्लुफ़' की प्रक्रिया के अन्तर्गत किसी को खुश करने हेतु' उसकी इच्छानुसार अपनी ओर से समायिक समर्थन, प्रस्तावितक करने की अनावश्यक चेष्टा भी निहित रहती है। 'तकल्लुफ़' करने वाला शख्स जब सामने वाले का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है, तो भले ही इसमें उसे असहजता का समाना क्यों न हो, मगर उसका उददेश्य दुसरे से व्यवहार करते समय, कुछ ऐसा दर्शाना जो वास्तव में सच न हो।**

एक जमाना था जब लखनऊ में 'तकल्लुफ़' का चलन आम हुआ करता था। एक दूसरे के साथ व्यवहार बरतते समय बात-बात पर 'तकल्लुफ़' बरतना, लखनवी तहजीब से जुड़ी अनिवार्य शालीनता मानी जाती थी, इस तरह पेश आना लखनऊवासी होने को चिन्हांकित करता था। व्यक्तिगत स्तर पर, चाहते न चाहते हुए भी, ऐसी सलिनता को अपने व्यवहार में, अनिवार्य रूप से साम्मलित रखना, समाज में सभ्यता का परियाचक समझा जाता था।


मुहम्मद क़मर ख़ाँ

'तकल्लुफ़' मूलतः अरबी का शब्द है, जिसका अर्थ होता है विनम्र संकोच अति शिष्टाचार युक्त व्यवहार एक दूसरे को परोसना। एक ऐसी ख़सलत जो एक शख़्स किसी दूसरे शख्स के साथ किये जाने वाले व्यवहार के दौरान प्रदर्शित कर रहा हो। किसी के साथ पेश आने के ऐसे सलीके़ को प्रदर्शित करते समय यर्थाथ का आभाव भले ही अनुभव हो, मगर सामने वाले को आघात का अहसास न होने पाये। 'तकल्लुफ़' की प्रक्रिया के अन्तर्गत किसी को खुश करने हेतु' उसकी इच्छानुसार अपनी ओर से समायिक समर्थन, प्रस्तावितक करने की अनावश्यक चेष्टा भी निहित रहती है। 'तकल्लुफ़' करने वाला शख्स जब सामने वाले का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है, तो भले ही इसमें उसे असहजता का समाना क्यों न हो, मगर उसका उददेश्य दुसरे से व्यवहार करते समय, कुछ ऐसा दर्शाना जो वास्तव में सच न हो। आइये तकल्लुफ में निहित उसकी मूल आत्मा को टटोलकर कुछ और निष्कर्ष तलाशने का प्रयास करते हैं-



**औपचारिकता:-** शिष्टाचार या विनम्रता, नदामत के नाम पर किये जाने वाले ऐसे व्यवहार में प्रायः वास्तविक भावना का अभाव होता है। तात्पर्य यह कि ऐसी बात दिखाना जो अपने आप में वास्तविकता से परे हो।

**दिखावा/बनावट:-** इसका उपयोग कृत्रिम दिखावे अथवा किसी व्यक्ति के दिखावटी व्यवहार हेतु किया जा रहा हो।

**पसोपेष/संकोच:-** इसका उपयोग किसी व्यक्ति की किसी तरह की झिझक या हिचकिचाहट हेतु भी किया जाता है।

**अनावश्यक प्रयास:-** तात्पर्य यह कि किसी की खुशी के लिए अथवा किसी परिपाटी का पालन करने के लिए, भले ही अपने स्तर पर कष्ट भोगते हुए किसी अनावश्यक प्रयास से जूमना।

आईये अब तकल्लुफ़शब्द को चरित्रार्थ करते हुए, इस शब्द के भावार्थ को उजागर करते, कुछ उदाहरण देखे जाये:- 'आप प्लीज बैठे रहे, उठने का तकल्लुफ़ न करे'' अर्थ यह हुआ कि आप को उठने की औपचारिकता बरतने की जरूरत नहीं। क्या अच्छा होगा अगर 'तकल्लुफ़' की औपचारिकता को 'शायरी' में विलीन कर इस मिश्रित रूप से भाव विभोर हुआ जाये- 'क्या 'तकल्लुफ़' करे यह कहने में जो भी खुश है हम उस से जलते है''-जान एलिया 'यह लम्हा लम्हा 'तकल्लुफ़'के टूटते रिश्ते न इतने पास मेरे आ की तू पुराना लेगे''- जुबैर रिज़्वी

'ऐ जौक तकुल्लुफ में है तकलीफ सरासर आराम में है वह जा 'तकल्लुफ़' नही करता''- शेख इब्राहिम जौक़

'जरूरी क्या हर एक महफ़िल में बैठे 'तकल्लुफ़' की रवादारी से बचिये''-निदा फाज़ली

'मैं अपने जिस्म में रहती हूँ इस 'तकल्लुफ़' से कि जैसे और किसी दूसरे के घर में हूँ'- अजीज बानों दराब वफ़ा

'मयकदे में क्या 'तकल्लुफ़' मैकशों में क्या हिजाब बज़्म-ए-साकी में अदब-अदाब मत देखा करो''- अहमद फराज़

'तकल्लुफ़' छोड़कर मेरे बराबर बैठ जायेगा तसब्वुर में अभी वो पास आकर बैठ जाये- शुजा ख़ावर

'तकल्लुफ़' है मुराद-ए-दिल का 'दिल' पर बार हो जाना मोहब्बत क्या है मरने के लिए तैयार हो जाना''- साक़िब लखनवी

यह थी 'शायरी' के माध्यम से 'तकल्लुफ़' की व्याख्या को समझने की एक कोशिश। आशा है इस कोशिश ने आप सबके ज़ेहनों में न सिर्फ 'तकल्लुफ़' के भावार्थ को स्पष्ट कर दिया होगा वरन इस शब्द का कब कहॉ कैसे सटीक प्रयोग किया जाये यह स्थिति भी सार्थक रूप से स्पष्ट हो गयी होगी। जब कि इसके विपरीत 'बे तकल्लुफ़' का अर्थ होता है दिखावटी शिष्टाचार या औपचारिकता से दूर सीधा, सरल एवं निष्कपट व्यवहार। यह ऐसा व्यवहार है जो सहज, बेधड़क व निःसंकोच बरता जाये और जिसमें कोई बनावट न झलक रही हो बा 'तकल्लुफ़'लोगों की मानसिकता के विपरीत 'तकल्लुफ़' लोगों के स्वभाव और मानसिकता में:-

**सरलता और सहजता:-** इस प्रकार की मानसिकता वाले लोग दिखावे मे विश्वास नही करते बल्कि अपनी बात को सीधे और सरल ढंग से कह दिया करते हैं।

**निःसंकोच:-** ऐसी मानसिकता वाले लोग बिना हिचकिचाहट व बगैर किसी झिझक के खुलकर अपनी बात रख देते हैं। सत्य तो यह है कि तकलीफ का अर्थ है 'जहमत हुआ करता है और जहमत सीधा जुड़ाव औपचारिकता से है, परन्तु वर्तमान दौर मे बसने वाले लखनऊ में इस शब्द में निहित पर्याय कुछ इस हद तक बढ़ गया है कि बोझ बनता नजर आने लगा है। इस प्रकार धीर-धीर 'तकल्लुफ़'अब बस औपचारिकता ही बन कर रह गया है। अब किसी भोज-समारोह के पूर्व हाथ धोने, वाश बेसिन पर दो लोग एकत्र होते है, जो चाह कर अथवा अनचाहे में 'पहले आप पहले आप' कहते हुए, एक दूसरे को प्रस्तावित किया करते है, तब तक तीसरा व्यक्ति हाथ धोकर खाली सीट पर जाकर बैठ जाता है। इस क्रम में डायनिग टेबिल पर खाना लग जाने के पश्चात, डिश से व्यंजन अपनी प्लेट में पहले कौन निकाले, यहाँ भी पहले आप पहले आप वाले अभ्यास शुरू होना, लोगों को काफी अखरने लगा है। बाद में भोजन की समाप्ति के पश्चात वाश बेसिन तक पहुँच कर 'तकल्लुफ़' के तहत पहल आप पहले आप ''वाला अभ्यास शुरू करते हुए, समय नष्ट करना अब जनसाधारण को भी अखरने लगा है। यहाँ तक कि लोगो को इस प्रकार किये जाने वाले 'तकल्लुफ़' से अब परहेज बरतना शुरू कर दिया है। अन्त में समाज से विनम्र आग्रह यही है, कि इस शब्द में निहित तमाम औपचारिकताओं को वक्त के तकाजे के तहत नजर अंदाज़ किया जाना समयानुकूल होगा।

# डंपर की चपेट में आने से घायल दो युवकों की इलाज के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर पुलिस चौकी के समीप डंपर की चपेट में आने से मेडिकल स्टोर संचालक समेत दो युवकों की स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे के बाद दोनों मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना शुक्रवार रात की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कौंधियारा थाना क्षेत्र के बड़गोहना निवासी दीपक पटेल 25 पुत्र ब्रह्मानंद पटेल और नौगवां सलैया गांव के रहने वाले इंद्रपाल 35 पुत्र सूर्यदीप पाल शुक्रवार की रात बाइक से प्रयागराज जा रहे थे। वह दोनों रामपुर पुलिस चौकी के पास पहुंचे तभी हॉट मिक्स प्लांट के समीप तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची औद्योगिक पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद वहां से दोनों को स्वरूप रानी अस्पताल रेफर किया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

दीपक पटेल मेडिकल स्टोर चलाता था, जबकि इंद्रपाल एक प्राइवेट कंपनी में कलेक्शन का कार्य करता था। इंद्रपाल के दो बच्चे हैं जबकि दीपक पटेल अविवाहित था। घटना के बाद दोनों परिवार में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

■ दोनों मृतकों के परिवार में मचा कोहराम

मृतक दीपक पटेल सेहरा बाजार में मेडिकल स्टोर चलाते थे। वे सिविल लाइन स्थित बालसन चौराहा से दवाइयां लेकर वापस घर लौट रहे थे। दीपक चार भाइयों में सबसे छोटे थे और अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वहीं इंद्रपाल एक निजी कंपनी में फाइनेंसर के रूप में कार्यरत थे। वे अपने पिता की इकलौती संतान थे। इंद्रपाल की मृत्यु से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन बदहवास हैं और घर में मातम पसरा हुआ है।

# अपने बूथ और वार्ड को अजेय अभेद्य बनाएं- त्रयंबक त्रिपाठी



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एसआईआर के प्रदेश संयोजक त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि 2027 को लेकर पार्टी कार्यकर्ता अपने अपने अपने बूथ और वार्ड को अजेय व अभेद्य बनाएं। पूरी सक्रियता से फार्म 6 भरवाने में लगे रहें। त्र्यंबक त्रिपाठी ने शनिवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में एसआईआर व फार्म 6 को लेकर पार्टी की ओर से बनाए गए वॉर रूम के कार्यकर्ताओं के साथ आहुत बैठक को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो ए व बी श्रेणी के बूथ हैं उनमें विशेष तौर पर ड्राफ्ट मतदाता सूची का वाचन अवश्य कर लें। सी व डी श्रेणी बूथों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

बूथ अध्यक्ष बीएलए 2 व एक वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ घर घर जाकर फार्म 6 भरवाने का प्रयास करें। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 फार्म 6 भरवाना अनिवार्य है। बचे हुए दिनों में कार्यकर्ता पूरी मेहनत से अभियान में लगे रहें। एसआईआर के जिला संयोजक कुंज बिहारी मिश्रा, प्रमोद मोदी, राघवेंद्र कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, दीप द्विवेदी, शुभम सिंह, मंजेश श्रीवास्तव, आनंद दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिका राजन द्वारा आज जिला कारागार, आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। आज की तिथि में जिला कारागार में 1336 बन्दी निरूद्ध है, जिसमें 54 महिला बन्दी तथा 1215 पुरूष बन्दी निरूद्ध है। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर में साफ-सफाई का उचित प्रबन्ध पाया गया। जेल लीगल एड क्लीनिक में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व कुर्सी, मेज का उचित प्रबन्ध पाया गया। पंजिका में अद्यतन स्थिति दर्ज पायी गयी। निरीक्षण के समय कारागार में कार्यरत 04 जेल पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा बताया गया कि जिन बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है, उनका प्रार्थना पत्र लिखकर व जेल अधीक्षक द्वारा सत्यापित कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किया जाता है। पाकशाला निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि पाकशाला में प्रतिदिन का मेनू अंकित किया जाता है, जिसमें आज रोटी, चावल, अरहर दाल, पत्ता गोभी व मूली की मिक्स सब्जी बनी थी। पाकशाला में सफाई व हाइजीन की व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था पायी गयी। निरीक्षण के समय बन्दियों के हिस्ट्रीटिकट में सभी प्रविष्टियां दर्ज पायी गयी। कारागार में मुलाकातियों के बैठने हेतु शेड व बैठने की व्यवस्था पायी गयी। जेल में स्थित चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जेल अधिकारी द्वारा बताया गया कि जेल में बन्दियों के स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण हेतु मण्डलीय चिकित्सालय से दो चिकित्सक नामित किये गये है।

■ सभी बन्दियों के टिकट पर वकीलों के नाम दर्ज कराने के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों के टिकट पर प्राइवेट अथवा सरकारी अधिवक्ता का नाम दर्ज कराये जिससे कि बन्दी के मुकदमें की पैरवी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सके। महिला बैरक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि महिला बन्दियों के मुकदमें में पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित है। महिला हेतु बनाये गये पाकशाला में साफ-सफाई उचित पायी गयी। निरीक्षण के दौरान महिला अस्पताल में कोई भी महिला बन्दी भर्ती नहीं पायी गयी। इस मौके पर जेलर अनिल सिंह, डिप्टी जेलर वीरेश्वर प्रताप सिंह, डिप्टी जेलर गौरव सिंह, डिप्टी जेलर अजय कुमार, जेल के पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का वाचन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को अपने नाम, विवरण एवं संभावित त्रुटियों के सुधार के प्रति जागरूक करना रहा।

मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, जिसे सुनने हेतु बड़ी संख्या में नागरिकगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। साथ ही मौके पर ही नागरिकों की सुविधा हेतु फॉर्म-6 (नया पंजीकरण), फॉर्म-7 (नाम विलोपन) एवं फॉर्म-8 (संशोधन) पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए गए, जिससे पात्र व्यक्तियों को त्वरित आवेदन की सुविधा प्राप्त हुई। कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी एवं अनुश्रवण के लिए सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहे।

# फंदे से लटका मिला प्रतियोगी छात्रा का शव

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र के मधवापुर में रहकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी रही प्रतिमा कौशल (28) का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कीडगंज थाना पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलरूप से मिर्जापुर के थाना सिटी के घुरहू पट्टी गांव निवासी श्याम लाल कौशल की बेटी प्रतिमा ने वर्ष 2025 में आईआईटी की परीक्षा पास की थी। वर्तमान में वह कीडगंज के मधवापुर में किराये पर कमरा लेकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे बगल के कमरे में रहने वाली उसकी सहेलियों ने उसे फोन लगाया लेकिन फोन उठा नहीं। काफी देर इंतजार के बाद जब कोई फोन नहीं आया तो उसने दरवाजा खटखटाया जो अंदर से बंद था। दरवाजा न खुलने पर उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। मकान मालिक ने पहुंचकर कीडगंज पुलिस को सूचना दी।

# आगामी चुनाव में होगी भाजपा की ऐतिहासिक जीत : संजय राय

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री और अवध प्रदेश के प्रभारी संजय राय का जन्म दिन मुग़लसराय स्थित भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद के आवास पर सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री शुक्रवार को वाराणसी में संगठन की मजबूती व एसआईआर के पुनरीक्षण कार्यक्रम में आये हुए थे। इस दौरान भाजपा के सांसद डॉ विनोद बिंद को पता चला कि आज प्रदेश महामंत्री का जन्म दिन है तो उन्होंने संजय राय से मोबाइल द्वारा अनुरोध किया कि आपका जन्म दिन मुग़लसराय स्थित अपने आवास पर आपके साथ मनाना चाहता हूं। अनुरोध को स्वीकार कर सांसद के आवास पर ढोल नगाड़े के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया गया।

इस अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश महामंत्री ने कहा कि एसआईआर का कार्य चुनाव आयोग का है। हमलोग केवल सहयोग कर रहे है और संगठन की मजबूती पर बल दे रहे है। कहा कि एसआईआर केवल मतदाता सूची का काम नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने बताया कि पार्टी का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और बोगस मतदाताओं को सूची से बाहर किया जाए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए एसआईआर अभियान अत्यंत आवश्यक है।

■ एसआईआर पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव के साथ-साथ 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को एक बार फिर ऐतिहासिक और बंपर जीत मिलेगी। इस अवसर पर रीना बिंद, राणा सिंह, अवधेश सिंह, धर्मेन्द्र यादव, रवि, राहुल पटेल, निखिल, अजय राय, संजय बिंद, आदित्य मौर्य, राजू , प्रदीप सिंह, वीरू चौहान जायसवाल, सोनू सिंह, रंजीत निगम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल विवाह के खिलाफ धर्म गुरुओं ने ली शपथ



**सम्भल (अवधनामा संवाददाता)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था प्रयत्न ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर कैलादेवी मंदिर के प्रांगण में एक प्रभावशाली गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी में धर्मगुरु, पंडित, मौलवी, ग्राम प्रधान और अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया और बाल विवाह न कराने तथा इसमें किसी भी रूप में सहयोग न देने की शपथ ली। यह शपथ बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक मजबूत संकल्प का प्रतीक बनी। बाल विवाह के खिलाफ कानूनी प्रावधान और दुष्परिणाम बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह कराने, उसमें भाग लेने या सहयोग करने वालों को 2 वर्ष तक की कैद और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### बीबी सकीना की यौमे पैदाइश पर हुई मनकबती महफ़िल



**अमरोहा (अवधनामा संवाददाता)।** हर साल की तरह इस साल भी हजरत हुसैन की बेटी बीबी सकीना की यौमे विलादत के मौके पर एक मनकबती महफ़िल अज़ाख़ाना चाहग़ौरी में मौलाना सैयद सफदर रज़ा ईमामी साहब क़िब्ला की सदारत में सजाई गई। महफ़िल का आग़ाज़ तिलावत ए कलाम ए पाक से सै शहरयार इमरान ने किया और नाते पाक का नज़राना सै अहमद अली ने पेश किया निजामत डॉ लाडले रहबर अमरोहवी ने की। मसनद पर नौशा अमरोहवी, वाहिद अमरोहवी, लियाक़त अमरोही, वसीम अमरोहवी जलवा अफ़रोज़ रहे। शानदार अमरोहवी, फुरकान अमरोही, हुमायूं हैदर, मो. अली, नाजिम हुसैन आरिफ, जिया काजमी, नयाब मुजतबा शानदार मुजतबा अमरोहवी आदि आदि शायरों ने कलाम पेश किया।

### गोली चलाकर दहशत फैलाने वाला नकली दरोगा गिरफ्तार

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)।** करैली थाने की पुलिस ने नकली दरोगा के नाम से मशहूर चकिया के जीशान ज़ाकिर को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया हैं। दरअसल देर रात करैली के अकबरपुर मे दो पक्षों मे झगड़ा हुआ था जिसमे एक पक्ष की तरफ से जीशान भी पहुंचा था और तमंचा लहरा कर लोगो क़ो धमका रहा था। तभी किसी ने करेली थाने के प्रभारी आशीष सिंह क़ो सूचना दी। पुलिस ने घेर कर जीशान को पकड़ लिया। तलाशी मे उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। जीशान पर इससे पहले भी फायरिंग और बमबाज़ी के कई केस दर्ज हैं। एसीपी राजकुमार मीणा नें बताया इस मामले मे कई लोगो से पूछ ताछ की जा रही हैं जो भी शामिल होगा पुलिस उस पर कार्रवाई करेगी।

### राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य की जनसुनवाई कल

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली की सदस्य ममता कुमारी द्वारा 2 फरवरी को जनपद आजमगढ़ में प्रस्तावित जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के द्वारा जनसुनवाई के अन्तर्गत जिले की महिलाओं से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाना है। उन्होंने सूचित किया है कि 2 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार जनपद आजमगढ़ में समय सुबह 10.00 बजे आप अपने प्रार्थना पत्र के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# बच्चों को संस्कारवान बनाने दिलाएं संस्कारित शिक्षा : जिला जज

अवधनामा ब्यूरो



**गाजीपुर।** पूर्वांचल में तीर्थस्थल का रूप ले चुके सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति जी महाराज की रामहित यात्रा का समापन शनिवार को मनिहारी क्षेत्र के मनिहारी गांव स्थित पवित्र मां काली धाम प्रांगण में हुआ। गत नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह से आरंभ अपनी धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा के दौरान महामंडलेश्वर द्वारा स्वजनपद के साथ ही आजमगढ़ और बलिया जनपद के अनेकों गांवों में प्रवास करते हुए पूजन-प्रवचन और गुरु दीक्षा के माध्यम से शिष्य श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश दिया गया।

रामहित यात्रा के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जज गाज़ीपुर धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय ने महाराज श्री का अभिनन्दन करते हुए उपस्थित लोगों से अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी रोगी को चिकित्सा की जरूरत होती है तो वह चिकित्सक के पास जाता है, यदि कानूनी सलाह की जरूरत पड़ती है तो वे एडवोकेट के यहां जाते हैं। ठीक वैसे ही अध्यात्म की जरूरत को पूरा करने के लिए व्यक्ति को संत महात्मा की शरण में जाना पड़ता है, जहां व्यक्ति में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है और उसे सद्मार्ग पर चलने की शिक्षा मिलती है। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने पीठाधिपति के साथ मन्दिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अपने उद्बोधन में महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति ने कहा कि आज लोगों का जीवन काफी अस्त व्यस्तम हो गया है। उन्होंने राम और कृष्ण के आदर्शों की चर्चा करते हुए उनके अनुरूप आचरण करने की आवश्यकता पर बल दिया। कर्म की चर्चा करते हुए कहा कि सभी सुख सुविधा होने के बावजूद पापकर्म के भगवान को उसका बध करना पड़ा तो वहीं पुण्य कर्म के कारण गरीब भिलनी शवरी को उसके आश्रम जाकर दर्शन देना पड़ा। इसलिए हमें समय निकालकर भगवान की पूजा आराधना अवश्य करनी चाहिए। मानव जीवन में पूजन-अर्चन का काफी महत्व है। ईश्वर वंदना से व्यक्ति के मन का शुद्धिकरण और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। संत और सत्संग के सानिध्य में रहने से अच्छे विचारों का सृजन होने की बात कहते हुए बताया कि मनुष्य के अंदर प्रेम, भक्ति और श्रद्धा के प्रति समर्पण की भावना होना जरूरी है।

■ रामहित यात्रा के समापन पर दी गुरु दीक्षा

# मजिस्ट्रेट चेकिंग में 138 यात्रियों का चालान, 1.45 लाख जुर्माना वसूला

**प्रयागराज।** टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने, बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा यात्रियों को रेल नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रयागराज मंडल द्वारा चोला स्टेशन पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

यह अभियान मंडल यातायात प्रबंधक, टूंडला पूर्वी गर्ग एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक, टूंडला ए.के. सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। चेकिंग के दौरान रेलवे मजिस्ट्रेट शिवांक सिंह के समक्ष 138 यात्रियों का ट्रायल किया गया। इसके अतिरिक्त चोला स्टेशन पर 04 ट्रेनों में व्यापक रूप से टिकट जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 247 मामलों में 1,45,565/- रुपये का जुर्माना वसूला गया। इनमें बिना टिकट यात्रा के 82 मामलों से 28,670/-, अनियमित टिकट के 26 मामलों से 9,975/- तथा गंदगी फैलाने के 01 मामले में 100/- का जुर्माना शामिल है।

# श्री वारांही देवी मेला में जादूगर अजय राय का शानदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** श्रीबाराहीं देवी मेला और विकास प्रदर्शनी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जादूगर अजय कुमार राय द्वारा जादू के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में मेले के आयोजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। मेला परिसर में आयोजित हुए जादू के कार्यक्रम में बरेली निवासी जादूगर अजय कुमार राय और उनकी सहयोगी टीम द्वारा एक से बढ़कर एक जादू का प्रदर्शन किया गया। जादू के इस रंगारंग कार्यक्रम ने मेला परिसर में मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कभी हवा में वस्तुओं का गायब हो जाना तो कभी पलक झपकते ही उनका दोबारा प्रकट हो जाना दर्शकों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा। हर करतब के सफल प्रदर्शन पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठता रहा। विशेष रूप से बच्चों में जादू के कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बच्चे पूरे समय मंच के सामने खड़े रहकर जादू के हर प्रयोग को ध्यान से देखते रहे। जादू के मनोरंजक करतबों के साथ-साथ सामाजिक चेतना से जुड़े प्रयोग भी प्रस्तुत किए गए। जादूगर ने नशा मुक्ति, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से संबंधित संदेशों को अपने करतबों के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया, जिसे लोगों ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में दर्शकों ने कलाकारों की जमकर प्रशंसा की और ऐसे आयोजनों को मेले की पहचान बताया।

# सालाना फ़ातिहा पर मना जश्न-ए-ख्वाजा ग़रीब नवाज़



अवधनामा संवाददाता

**मंझनपुर।** खानक़ाह-ए-एहसानिया मंझनपुर में हज़रत क़ारी सैयद गुफ़रान मियां साहब क़िबला अलैहिर्रहमा की सालाना फ़ातिहा के अवसर पर जश्न-ए-ख्वाजा ग़रीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस पाक मौक़े पर कार्यक्रम की सरपरस्ती शाहज़ादा-ए-गुफ़रान मिल्लत, अल्लामा हज़रत सैयद ज़ियाउल मुस्तफ़ा साहब क़िबला, नायब सज्जादा खानक़ाह-ए-एहसानिया मंझनपुर ने फरमाई। इस रूहानी महफ़िल में ख़ास तौर पर नवासा-ए-हुज़ूर असहाब-ए-मिल्लत, मौलाना आमिर मियां सफ़वी मिस्बाही साहब क़िबला (पुरख़ास शरीफ़), अमेठी से मुफ़्ती मंज़ूर साहब क़िबला मिस्बाही, इलाहाबाद से मौलाना यूनुस रज़ा साहब क़िबला अमजदी समेत मंझनपुर और आसपास के तमाम उलमा और शोअरा मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों और औलिया-ए-किराम के चाहने वालों ने शिरकत की। महफ़िल की शुरुआत नात-ए-पाक से हुई, जिसके बाद उलमा-ए-किराम ने अपने बयान में आपसी भाईचारे, अमन-शांति और इंसानियत का पैग़ाम दिया। अंत में मौलाना इक़बाल अहमद साहब एहसानी (प्रिंसिपल, दारुल उलूम एहसानिया) ने तमाम लोगों के लिए दुआ-ए-ख़ैर की। यह पूरा कार्यक्रम जनाब सज्जाद खान साहब और मो. ज़ाहिद साहब की निगरानी में बेहद कामयाबी और अदबो-एहतराम के साथ संपन्न हुआ।

# यूजीसी कानून की वापसी को लेकर सवर्ण समाज की बैठक

**उरई (जालौन)।** नगर के एक गेस्ट हाउस में यूजीसी कानून को लेकर सवर्ण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक ब्राह्मण एकता मंच के तत्वावधान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण कुमार द्विवेदी ने की, जबकि संचालन सतीश सेंगर 'दादा' द्वारा किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. बी.के. द्विवेदी ने कहा कि यूजीसी कानून पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक का सवर्ण समाज हृदय से स्वागत करता है, लेकिन न्यायालय ने अगली सुनवाई तक ही फैसला सुरक्षित रखा है, जिसकी तिथि 19 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि 19 मार्च के बाद फैसला सवर्ण समाज के पक्ष में नहीं आता है तो इस काले कानून का जोरदार विरोध किया जाएगा। संचालक सतीश सेंगर ने कहा कि सरकार में बैठे बड़े-बड़े नेता यदि इस कानून को लेकर सवर्ण समाज के साथ खड़े नहीं होते हैं तो ऐसे नेताओं का भी खुलकर विरोध किया जाएगा।

# आधी रात को गांव में चोर-चोर का मचा शोर दो ग्रामीणों पर हमला

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** जिले के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव शयाम सिंह भूड़ी में रात की तीसरे पहर में चोर-चोर का शोर मचा और ग्रामीण घरों से निकलकर खेतों में एकत्र हो गए। इस दौरान ड्यूटी करने जा रहे दो ग्रामीणों को चोरी के शक में ग्रामीणों ने बुरी तरह पीट दिया। ग्रामीणों को भीड़ से बचा रहे पुलिस कर्मियों के साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ खेतों में कांबिंग करते हुए दो गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

बिलारी थाना क्षेत्र के देवरी के पास गांव शयाम सिंह भूड़ी में बीती रात करीब चार बजे खेतों में चोर होने की अफवाह फैलने से ग्रामीण चोर-चोर का शोर करते हुए घरों से लाठी-डंडे लेकर निकल आए। बड़ी संख्या में ग्रामीण खेतों की ओर दौड़ पड़े और शक के आधार पर दो ग्रामीणों को पकड़कर उनकी पिटाई शुरू कर दी। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पिट रहे लोगों को बचाने पहुंची पुलिस टीम को भी गुस्साई भीड़ का सामना करना पड़ा जिसमें कुछ पुलिसकर्मी चोटिल हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार देर शाम गांव के पास खेतों में कुछ संदिग्ध लोगों के घूमने की खबर फैली थी। किसी ने चोर होने की आशंका जताई तो देखते ही देखते यह बात पूरे इलाके में फैल गई और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर खेतों की ओर निकल पड़े। इसी दौरान गांव के दो युवकों को बिना सच्चाई जाने पकड़ा और पिटाई शुरू कर दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे। भीड़ लोगों को छोड़ने को तैयार नहीं थी और पुलिस को उन्हें छुड़ाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ के गुस्से को देखते हुए आसपास के दो और थानों की पुलिस फोर्स मौके पर बुलाई गई। भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचने के बाद स्थिति पर धीरे-धीरे काबू पाया जा सका। हंगामे के बाद पुलिस ने पूरे इलाके में तालाशी ऑपरेशन चलाया। खेतों, मेड़ों और आसपास के रास्तों पर संदिग्धों की तलाश की गई।

■ सिपाहियों से मारपीट, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, गांव में पुलिस बल तैनात

पुलिस ने पिटाई का शिकार हुए लोगों को थाने लाकर पूछताछ की तो सामने आया कि गांव का सुरेंद्र पुत्र चंद्रपाल अपने चचेरे भाई नेत्रपाल के साथ सम्भल स्थित फैक्ट्री में ड्यूटी करने के लिए घर से निकले थे। हंगामा होने पर उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया था। आरोप है कि भूड़ी के रहने वाले वीरेंद्र सिंह ने चोरी की अफवाह फैलाई थी और भीड़ में कुछ लोग तमंचे हाथों में लिए थे। उनके वीडियो बनाने पर वह भड़क गए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को दी श्रृद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शहीद दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस दौरान चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया और देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले ज्ञात व अज्ञात शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि शहीद दिवस केवल महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन सभी वीर सपूतों को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज का दिन हमें शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का संकल्प लेने की सीख देता है। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के त्याग और संघर्ष को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने एक स्वर में शहीदों के आदर्शों पर चलने और देश सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# दीनी शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी ग्रहण करें



■ रजाये मुस्तफा कॉन्फ्रेंस में हुआ दस्तारबंदी का भव्य आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित मदरसा अलजामेअतुल रज़बिया मजहरुल उलूम का सालाना जलसा शुक्रवार की देर रात्रि में रजाए मुस्तफा कॉन्फ्रेंस में दस्तारबंदी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए उलेमा-ए-किराम, हाफिज, कारी तथा बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस अवसर पर इस्लामी तालीमात, अखलाक और भाईचारे पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

बीतीशाम अत्यधिक सर्दी होने के बावजूद भी उपरोक्त जलसे के कार्यक्रम मे जन सैलाब उमड़ पड़ा। कॉन्फ्रेंस के दौरान मदरसा अलजामेअतुल रज़बिया मजहरुल उलूम मे पढ़ने वाले उन छात्रों की दस्तारबंदी की गई जिन्होंने हिफ्ज या आलिमत की तालीम को मुकम्मल कर लिया। मंचासीन यूके से अल्हाज डा. फरोगुल कादरी, मध्य प्रदेश से सैयद आदिल मियां, प्रतापगढ से डा. आसिफ रजा सैफी, कानपुर से इसराईल अख्तर, मसऊदी दिल्ली से महबूब जफर, झारखण्ड से शमीम फैजी, शायरे इस्लाम नईम अख्तर फिरोजाबादी ने अपने हाथों से दस्तार बांधकर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की दुआ की। वक्ताओं ने कहा कि दस्तारबंदी केवल एक रस्म नहीं बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है, जो समाज को सही दिशा देने और नई पीढ़ी को नैतिक मूल्यों से जोड़ने का संदेश देती है। उन्होंने नौजवानों से दीनी शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर समाज और देश की तरक्की में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई गई। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक बजीरूददीन, पूर्वा विद्यायक जमालुददीन सिददीकी, ताहिर हुसैन सिददीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी, सपा नेता अरशद जमाल सिददीकी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिददीकी, तसकीन सिददीकी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जुनैद सिददीकी सहित मदरसे के शिक्षकगण मौजूद रहे।

# हेल्मेट चालान से बचनें के लिये नहीं, जान बचानें के लिये पहनें

■ टीएसआई ने सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन नियमों का उलंघन करने बालों को बांटा गुलाब का फूल



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** शासन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डा. प्रियंका बाजपेई के निर्देशन तथा प्रभारी यातायात रवि शंकर त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में एक जनवरी से चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन उपनिरीक्षक यातायात अरशद अली ने छिबरामऊ कस्बे के फर्रुखाबाद चौराहा, तालग्राम चौराहा एवं पूर्वी बाईपास पर जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया। जिसके अंतर्गत जो वाहन चालक यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे थे। टीएसआई अरशद अली ने उन्हें रोका और गुलाब का फूल देकर उन्हें आगे से यातायात नियमों का पालन करने का पाठ पढ़ाया। उप निरीक्षक यातायात अरशद अली ने कहा कि ÷सुरक्षा घर से शुरू होती है÷। माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बच्चे बिना हेलमेट के घर से बाहर न निकलें। याद रखें, आपका इंतजार घर पर कोई कर रहा है। सावधान रहें, सुरक्षित रहें और हमेशा हेलमेट पहने। हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी जान बचाने के लिए पहनें। एक छोटा सा फैसला आपके परिवार की खुशियां सुरक्षित रख सकता है। इस अभियान में होमगार्ड रामेंद्र दुबे, ओमशरण, पीआरडी सतीश चंद एवं सर्वेश आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में सड़क सुरक्षा माह का समापन

**बहराइच।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित यातायात सुरक्षा माह के समापन अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व नगर के अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी पुसिल यातायात राज सिंह यादव, ए.आर.टी.ओ. ओ.पी. सिंह, यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), प्रदीप कुमार, प्रभारी यातायात पुलिस राम प्रकाश के साथ उपस्थित मीडिया बन्धुओं, आरक्षियों एवं महिला महाविद्यालय की छात्राओं को लगभग 200 हेलमेट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रक्षिशु पुलिस जवानों, एनसीसी कैडेट्स, एवं महिला महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क दुर्घनाओं पर बचाव की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पैम्फलेट का वितरण किया गया तथा मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।

# मस्जिदों व दरगाहों पर सफाई अभियान चलाने की मांग की



**अवधनामा संवाददाता**

■ शबे बरात के मद्देनजर ईओ को सौंपा ज्ञापन, दिया आश्वासन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में 03 फरवरी को मनाए जाने वाले शबे बरात पर्व के उपलक्ष्य में नगर की विभिन्न मस्जिदों के सामने एवं कब्रिस्तानों में विशेष साफ-सफाई कराए जाने की मांग को लेकर नगरवासियों द्वारा अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। शनिवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि शबे बरात के अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों एवं कब्रिस्तानों में इबादत व फातिहा के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में शबे बरात से पूर्व नगर की सभी प्रमुख मस्जिदों कब्रिस्तानों के आसपास साफ-सफाई एवं चूने का छिड़काव कराया जाए। आवारा घूम रहे सुअरों को रोका जाना अति आवश्यक है। तथा सर्दी का मौसम होने की बजह दरगाहों व मस्जिदों के निकट अलाव जलवाना निहायत जरूरी है। इस पर ईओ ने आश्वासन दिया कि संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित कर शीघ्र ही आवश्यक साफ-सफाई कार्य कराये जाएंगे। इस दौरान समाजसेवी मुनीर कुरैशी, मो. अमन खॉन, हिप्पी फारूखी, मुन्ना खॉन, अकरम खॉन, अशफाक हुसैन,राशिद, अरशद, फैजान कुरैशी, कैयूम मंसूरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ऐसे सेवा कार्य दिव्यांगों को आगे बढ़नें के लिये प्रेरित करते हैं



**अवधनामा संवाददाता**

■ दिव्यांग बच्चों के लिए हुआ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**कन्नौज।** सिकंदरपुर क्षेत्र स्थित भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में दिव्यांग बच्चों की सहभागिता से खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सेवा और सादगी के भाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. शरद द्विवेदी द्वारा दिव्यांग बच्चों को कंबल वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान डॉ. शरद द्विवेदी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, कंबल एवं ट्रैक सूट के स्वेटर वितरित कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इस दौरान उन्होनें कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के साथ खुशियां बांटना ही सबसे बड़ा धर्म है। ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक सोच और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रधानाचार्य योगेंद्र, प्रवेश प्रजापति, सप्तऋषि त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। साथ ही स्थानीय नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिन्होंने इस सेवा कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# अपहरत 4 अभियुक्तों को 10 वर्ष कठोर कारावास की सज़ा

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम व मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरूप थाना दक्षिण क्षेत्रान्तर्गत 11.09.2022 को हुए अपहरण के प्रकरण में 04 अभियुक्तों को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दिलाई गई है। वादी द्वारा थाना दक्षिण पर सूचना दी गई कि उनके बड़े भाई का अभियुक्त संजू बाबू राठौर से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। 11.09.2022 को लगभग 03:00 बजे वादी के भाई अपने मित्र के साथ मोहल्ला हिमायूपुर स्थित एक मकान पर गए थे, तभी अभियुक्त संजू बाबू राठौर, उसका भाई विशाल उर्फ राजू, रिश्तेदार संजय, देवेन्द्र राठौर व अन्य द्वारा संजू बाबू की लाइसेंसी रिवाल्वर के बल पर जबरन अपहरण कर वादी के भाई को अपनी कार न्च83 ।न् 8086 (हुंडई एक्सेंट) में बैठाकर ले गये। उक्त प्रकरण में थाना दक्षिण पर मु0अ0सं0 529/2022 धारा 364 भादवि पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा एसओजी-सर्विलांस सहित 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया। 12.09.2022 को अभियुक्तगण संजू बाबू राठौर, विशाल उर्फ राजू, संजय, देवेन्द्र राठौर को गिरफ्तार कर अपहृत वादी के भाई को सकुशल बरामद किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त संजू बाबू राठौर से उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर भी बरामद की गई। विवेचक द्वारा भौतिक साक्ष्यों के संकलन उपरांत 18.10.2022 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। फिरोजाबाद पुलिस टीम द्वारा की गई प्रभावी पैरवी व मॉनिटरिंग सेल की सतत निगरानी के फलस्वरूप न्यायालय ने 31.01.2026 को अभियुक्तगण संजू बाबू राठौर पुत्र रमेश चन्द्र राठौर निवासी हिमायुपुर थाना दक्षिण, विशाल उर्फ राजू पुत्र रमेश चन्द्र निवासी हिमायुपुर थाना दक्षिण, संजय पुत्र जाहर सिंह निवासी हिमायुपुर थाना दक्षिण, देवेन्द्र राठौर पुत्र राजबहादुर निवासी हिमायुपुर थाना दक्षिण को धारा 364 भादवि में 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही अभियुक्त संजू बाबू राठौर को धारा 30 आयुध अधिनियम के अंतर्गत 06 माह का कारावास व 500/- अर्थदंड से दंडित किया गया। सजा दिलाने में न्यायाधीश सुनील कुमार मिश्रा, अभियोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, विवेचक उ0नि0 विकल सिंह ढाका, पुलिस मॉनिटरिंग सेल और पैरोकार है0का0 हरेन्द्र कुमार शर्मा की अहम भूमिका रही।

# सम्मान एवं सेवानिवृत्ति समारोह

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जिले के कोऑपरेटिव विभाग में तैनात सहायक निबंधक (एआर) अंजनी कुमार के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को उनका भव्य सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम विकास भवन परिसर स्थित प्रेरणा सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह के निर्देश पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी ने की। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम के.डी. गोस्वामी, जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी डीएसडीओ ददन कुमार सहायक अभियंता (लघु सिंचाई) मंगल यादव सहित जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं कोऑपरेटिव विभाग से जुड़े लोग उपस्थित रहे। 30 वर्षों का समर्पित एवं अनुकरणीय कार्य का लगभग तीन दशकों के सेवाकाल में अंजनी कुमार ने कोऑपरेटिव विभाग को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। खाद की किल्लत जैसी गंभीर समस्याओं से लेकर विभागीय जटिलताओं तक, उन्होंने हर परिस्थिति में समन्वय, धैर्य और दृढ़ निर्णय क्षमता के साथ कार्य किया। उनके कार्यकाल में हाईकोर्ट से संबंधित कई मामलों का सफल निस्तारण किया गया, जो उनकी प्रशासनिक दक्षता और अनुभव को दर्शाता है। समय पालन और अनुशासन की मिसाल अधिकारियों ने अपने संबोधन में बताया कि अंजनी कुमार प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक विकास भवन पहुंचकर कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा करते थे। कर्मचारियों के साथ नियमित बैठक कर वे समस्याओं पर गंभीर चर्चा करते और त्वरित समाधान सुनिश्चित करते थे। इसी कारण वे विभाग में एक अनुशासित, कर्मठ एवं सहयोगी अधिकारी के रूप में जाने जाते रहे।

## फिरोजाबाद-हाथरस सड़क मार्ग चौड़ीकरण हेतु मुख्य अभियंता से मिले श्री कृष्ण

**टूंडला।** जलेसर-हाथरस 75 किलोमीटर सड़क मार्ग को राज्य मार्ग घोषित किए जाने के संबंध में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता विजय सिंह से उनके कार्यालय अलीगढ़ में मुलाकात की और अनुरोध किया कि हाथरस के सांसद अनूप प्रधान के पत्र पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद जलेसर-हाथरस सड़क मार्ग जिसकी लंबाई 75 किलोमीटर है, 10 मीटर चौड़ीकरण एवं राज्यमार्ग घोषित किए जाने का प्रस्ताव मांगा था जो अभी तक भेजा नहीं गया है। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग अलीगढ़ ने श्री गौतम को बताया कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है और इसकी लंबाई हम हाथरस से आगे बढ़ाकर जनपद अलीगढ़ के इगलास होते हुए गोंडा तक राज्यमार्ग घोषित करने हेतु प्रस्ताव तैयार हो रहा है जो अप्रैल 2026 में लखनऊ मुख्यालय में भेजा जाएगा। फिरोजाबाद से हाथरस तक 07 मीटर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका है।

# बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के प्रति जागरूकता एवं व्यक्तिगत विकास

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** आज चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के अन्तर्गत संचालित इटावा परिसर स्थित कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविलय एवं मत्स्य विज्ञान एवं शोध केन्द्र द्वारा आयोजित संयुक्त रूप से ''बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के प्रति जागरूकता एवं व्यक्तिगत विकास'' एक दिवसीय संगोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। सर्व प्रथम मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल किया गया। यह गोष्ठी दो सत्रों में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूवात कृषि अभियंत्र संकाय के अधिष्ठाता डा0 देवन्द्र सिंह एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा0 अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में वक्ता के रूप में कानपुर से पधारे आमेन्द्र भारत ने विदेशी कम्पनियों के भारत में विभिन्न प्रकार के षडयंत्रों के प्रति जागरूप किया। विशेष रूप से अमेरिका द्वारा प्रायोजित ''डीपस्टेट'' के बारे मे विस्तृत जानकारी देकर इस बात बहुत जोर दिया कि बंगलादेश में जो हिंसा हुई वह अमेरिका के डीपस्टेट का ही प्रभाव था। हम सब भारतीयों को अमेरिका के इस दुष्प्रभाव को समझना होगा और स्वावलम्बी बनकर अभिनय भारत का निर्माण करना होगा। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र मे व्याख्यान देने सैफई आर्युविज्ञान संस्थान से पधारे डा0 अनिल शर्मा, वरिष्ठ सर्जन ने मानव जीवन एवं मस्तिक के प्रभाव पर विचार प्रकट किये। उन्होने अपने आहवान में आग्रह किया कि हम जैसा सोचते है और जैसे दिमाग में प्रोग्रामिंग करते है वैसा ही जीवन हमारा बनता है। हम सब मानव प्रार्णी को कठिन समय में भी अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिए। हमारा मन बहुत चंचल होता है। कभी कभी इस पर नियंत्रण करना बहुत कठिन होता है। अंत में कार्यक्रम के समन्वयक डा0 आशीष कुमार ने सभी आए हुये अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में डा0 प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया, उप कुलसचिव, डा0 तरूण कुमार माहेश्वरी, डा0 राजीव सिंह, डा0 के0के0 पटेल, ई0 दिलीप कुमार वर्मा, ई0 पवन यादव आदि शिक्षकों का सार्थक योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल बनाने में महाविद्यालय के छात्र मो0 दानिश इकबाल, प्रियेश कुशवाहा, अभिशेष यादव, राज शर्मा ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# एनटीपीसी सिंगरौली की खेलकूद प्रतियोगिता अंतिम चरण में

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों में अपार उत्साह, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव देखने को मिला। दूसरे दिन 400 मीटर, 200 मीटर एवं 100 मीटर दौड़, क्रिकेट, रिले रेस, लंबी कूद, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी एवं रस्सा कस्सी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अब तक संपन्न सभी प्रतिस्पर्धाओं में ग्रामीण खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना एवं शानदार प्रदर्शन का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। एथलेटिक्स एवं टीम स्पर्धाओं में विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कई मुकाबले अत्यंत रोमांचक एवं निर्णायक क्षणों से भरपूर रहे। विशेष रूप से कबड्डी एवं रस्सा कस्सी जैसी टीम स्पर्धाओं में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों का जोश, समर्पण एवं सामूहिक भावना सराहनीय रही। चयनित खिलाड़ी अब फाइनल मुकाबलों के लिए अपनी दावेदारी को और अधिक सशक्त बना रहे हैं। खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, अनुशासन एवं खेल कौशल ने यह स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यह प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल को निखारने का माध्यम बनी है, बल्कि खिलाड़ियों के बीच आपसी भाईचारे, सहयोग, नेतृत्व एवं सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ कर रही है। काली मंदिर, बस स्टैंड, बलिया नाला, अंबेडकर नगर, चिलकाडांड, निमियाटांड, दिया पहरी, कोहरौल, घरसड़ी एवं चंदुआर सहित अनेक गांवों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस वर्ष की प्रतियोगिता की एक उल्लेखनीय विशेषता ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय एवं सशक्त सहभागिता रही। महिला खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध किया कि वे खेल के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता, दृढ़ संकल्प एवं सफलता की नई मिसाल स्थापित कर रही हैं।

# एफएस विश्वविद्यालय में टेलीपरफॉर्मेंस कंपनी द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 34 छात्र चयनित



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** एफ एस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रतिष्ठित कंपनी टेलिपरफार्मेंस द्वारा बैंकिंग प्रक्रिया हेतु एक प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस ड्राइव में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की संप्रेषण क्षमता, व्यक्तिगत संबंध कौशल तथा बैंकिंग प्रक्रियाओं से संबंधित समझ का मूल्यांकन किया गया। कंपनी के प्रमुख मानव संसाधन अधिकारी प्रशांत गुरुमुख ने स्वयं सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। कुल 127 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति डॉ दिलीप यादव ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एफएस विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे व्यावसायिक जीवन के लिए बेहतर रूप से तैयार होते हैं। इस अवसर पर प्रति कुलाधिपति डॉ योगेश यादव, ट्रस्टी डॉ राहुल यादव एवं डॉ नितिन यादव, महानिदेशक डॉ अभिनव श्रीवास्तव तथा कुलपति संजीव भारद्वाज ने इस सफल आयोजन के लिए प्लेसमेंट प्रकोष्ठ एवं संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। एफ एस विश्वविद्यालय उद्योग और शिक्षा के बीच मजबूत सेतु स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को रोजगार के ठोस अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी दिशा में प्रभावी व परिणामोन्मुख पहलें करता रहेगा।

# ब्लाक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में विकास कार्ययोजना की हुई स्वीकृति

**अवधनामा संवाददाता**



**धनपतगंज/सुलतानपुर।** ब्लाक प्रमुख पार्वती सरोज की अध्यक्षता में और सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह की अगुवाई में आज धनपतगंज ब्लाक परिसर में महत्वपूर्व बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दर्जनों क्षेत्र पंचायत सहित कई जनप्रतिनिधि खंड विकास अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। क्षेत्रपंचायत की इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के विकास कार्ययोजना की पुष्टि की है, साथ ही वर्ष 2026-27 के विकास कार्य योजना की स्वीकृति की गई। क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भी अपनी सहमति दी। वहीं विधायक विनोद सिंह ने भी सभी चिह्नित कार्यों को लेकर विकास करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता है। अब तक जिन गांव में जनहित की जरूरतें हैं, उसे पूरा करवाने के लिए हम कटिबद्ध हैं। बैठक के बाद सभी ने विधायक विनोद सिंह का आभार व्यक्त किया, साथ ही विकास को लेकर हर समय साथ रहने का भरोसा दिलाया।

# गोल्ड मेडल प्राप्त करने के संकल्प के साथ सम्पूर्णता अभियान-2.0 का आगाज़

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में सम्पूर्णता अभियान-2.0 की लांचिग के अवसर पर कपूरथना परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्वलित कर लांचिग सेरेमनी का शुभारम्भ किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया। इस अवसर विधायकगण ने कहा कि उन्हें आशा की नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व एवं मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन में 14 अप्रैल 2026 तक चलने वाले सम्पूर्णता अभियान-2.0 में जनपद को गोल्ड मेडल प्राप्त होगा। विधायकद्वय ने सम्पूर्णता अभियान-2.0 के लिए सभी सम्बन्धित विभागों एवं फ्रंटलाईन वर्कर्स को शुभकामनाएं दी।

इससे पूर्व विधायकगण ने अधिकारियों के साथ आडिटोरियम परिसर में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, कृषि एवं उद्यान, पशुपालन, ओडीओपी तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा सजाये गये प्रदर्शनी पण्डालों का अवलोकन किया। उद्यान विभाग के स्टाल निरीक्षण के दौरान कृषक सियाराम, जीवन लाल मौर्य, लालता प्रसाद, त्रिलोकी तथा राजकीय पौधशाला द्वारा उत्पादित की जैविक सब्ज़ी ब्रोक्ली गोभी, लाल गोभी, फूल गोभी, संकर टमाटर, शिमला व अचारी मिर्च, मूली, लौकी तथा कद्दू के बारे में जानकारी प्राप्त की। नवकृषि नेटवर्क द्वारा लगाये गये स्टाल के निरीक्षण के दौरान प्रदर्शित किये गये सोलर लाइट ट्रैप, फेरोमैन ट्रैप, मैनुअल सीडर, फल मक्खी जार इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आडिटोरियम के बरामदे में उकेरी गई रंग बिरंगी रंगोली का भी विधायकगण द्वारा अवलोकन कर सराहना की गई।

आडिटोरिसम में आयोजित कार्यक्रम का संयुक्त रूप से संचालन करते हुए डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह व डीटीओ डॉ. पीयूष नायक ने बताया कि आकांक्षी जनपद प्रोग्राम (एडीपी) के अन्तर्गत 05 सूचकांकों स्वास्थ्य एवं पोषण के अन्तर्गत 03 जन्म के समय बच्चों का वजन, क्षय रोगियों का चिन्हांकन एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों व उप केन्द्रों तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सत्रों का आयोजन, शिक्षा के अन्तर्गत सभी स्कूलों में बालिका शौचालयों की व्यवस्था, कृषि एवं पशुधन सेक्टर में समस्त मवेशियों का टीकाकरण तथा (एबीपी) अन्तर्गत आकांक्षी ब्लाक हुजूरपुर में 06 सूचकांकों स्वास्थ्य एवं पोषण के अन्तर्गत 06 साल तक के बच्चों पूरक पोषाहार, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में वजन नापने की क्षमता का विकास, कार्यरत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, शिक्षा के अन्तर्गत सभी स्कूलों में बालिका शौचालयों की व्यवस्था, कृषि एवं पशुधन सेक्टर में समस्त मवेशियों का खुरपका मुंहपका टीकाकरण कराये जाने हेतु 14 अप्रैल 2025 तक अभियान संचालित किया जाना है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने कहा कि सम्पूर्णता अभियान-1.0 में जनपद ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर देश में अपना रोशन किया था। उन्होंने कहा कि मुढे विश्वास है अभियान-2.0 में जिले के सभी सम्बन्धित अधिकारी व फ्रंटलाईन वर्कर्स जिलाधिकारी के नेतृत्व में ऐसा प्रयास करेंगे कि हम जनपद व ब्लाक कैटेगरी में गोल्ड में अवश्य प्राप्त करें। श्री चन्द्र अधिकारियों को सुझाव दिया कि पिछले अभियान से सीख लेते हुए इस अभियान हेतु फुल प्रूफ कार्ययोजना बनाकर नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों के साथ-साथ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं प्रथम स्थान कर प्रदेश के अग्रणी जनपदों में बहराइच को पहुंचाने का प्रयास करें।

# जैसलमेर में लें दुबई जैसा मज़ा, विंटर ट्रिप के लिए परफेक्ट है गोल्डन सिटी



सर्दियों में दुबई जैसी डेजर्ट सफारी का अनुभव लेने के लिए राजस्थान के गोल्डन सिटी जैसलमेर की यात्रा करें। यहां आप सोनार किला और सम सैंड ड्यून्स जैसी जगहों पर एडवेंचर एक्टिविटीज के साथ राजस्थानी संस्कृति का भी आनंद ले सकते हैं। इस समय भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दियों के सीजन में लोग ऐसी जगहें घूमने का प्लान करते हैं, जहां गुनगुनी धूप के साथ एडवेंचर एक्टीविटी का भी मजा मिले। इसके लिए आप राजस्थान के गोल्डन सिटी में घूमने का प्लान बनाएं। जैसलमेर सर्दियों में घूमने क लिए सबसे बेस्ट जगहों में से एक है। यहां पर आपको दुबई वाली फीलिंग मिलने वाली है क्योंकि डेजर्ट सफारी का भी मजा एक अलग ही होता है। इसके साथ ही रेत के मैदान में मिलने वाले शानदार नजारे भी नजर आएंगे। रात को आप साफ-सुथरे आसमान के बीच टिमटिमाते तारों के अलावा दूरबीन की मदद से आसमान को भी निहारने का मौका पा सकते हैं। दिल्ली से जैसलमेर की ट्रिप का प्लान करना भी काफी आसान होता है।

यहां पर घूमने-फिरने के साथ खाने के भी ऑप्शन मिलेंगे और आप दो रात तीन दिन में जैसलमेर के खूबसूरत नजारों को लेकर वापस भी लौट सकते हैं। यदि आप भी घूमने का प्लान बना रही हैं, तो जैसलमेर बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकती है।

यदि आप सेफ्टी के साथ ही बजट में ट्रैवल करना चाहते हैं, तो ट्रेन का ऑप्शन बेस्ट है। खासतौर पर पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से कई ट्रेने हैं, जो जैसलमेर के लिए चलती हैं। करीब 15 घंटे के रास्ते को नापकर आप राजस्थान के इस शहर में पहुंच सकते हैं। शाम के 6 बजे के करीब चलने वाली ट्रेन जैसलमेर सुबह 9 बजे आराम से पहुंचा देती है। इस बात का ध्यान रखें कि अगर आप ट्रेन से ट्रैवल करना चाहते हैं, तो टिकट को पहले ही बुक कर लें। आप चाहे तो फ्लाइट से भी सफर कर सकते हैं, जैसलमेर एयरपोर्ट पहुंचकर, अपनी ट्रिप को एन्जॉय करें।

जैसलमेर का सोनार किला दूर से ही दिखाई देता है। गोल्डन रंग के इस किले में अंदर पतली कलरफुल गलियां, हवेलियां, तोपें, मंदिर और म्यूजियम भी है। ये किला अंदर से किसी छोटे शहर जैसा है जिसमें अभी भी लोग रहते हैं।

अगर आप भी रेगिस्तान को ओरिजनली देखना चाहते हैं तो यहां पर जरुर जाएं। लेकिन ये जगह जैसलमेर से 40 किमी दूर है। यहां पर जाने के लिए आपको प्राइवेटस लोकल कैब या टैक्सी करना सही होगा। यदि आप अकेले हैं तो बाइक भी ले सकते हैं। इधर आपको रेत का मैदान और छोटी झाड़ियां दिखाई देती हैं जो किसी सपने की तरह लगती हैं। सम सैनड्यून्स में आपको कई तरह की एक्टीविटीज करने को मिल जाएंगी।

इसके अलावा, यहां पर डिनर, ब्रेकफास्ट के साथ ही कैंपिंग की भी सुविधा मिलती है। जिसे आप लोकर ही जाकर बुक कर सकते हैं।

इस बात का ध्यान रखें कि यहां कैंप की ऑनलाइन बुकिंग करने से बचें नहीं तो फॉड के चांस ज्यादा बढ़ जाते हैं।

पाकिस्तान की सीमा से लगा ये मंदिर बेहद खास है। इस मंदिर को अर्मी ने डेवलप किया है और यहां तक जाने के लिए राजस्थान की रोडवेज बसें भी चलती हैं। इस मंदिर से आगे ही एक घंटे की दूरी पर लोंगेवाला वार म्यूजियम है।

दो-तीन दिन में घूमने के लिए जैसलमेर में पटवा की हवेली भी शामिल है। यहां पर विदेशी टूरिस्ट सबसे ज्यादा है।

## कर्तव्य पथ पर देखना चाहते हैं गणतंत्र दिवस परेड घर बैठे ऐसे बुक करें अपना टिकट



77वें गणतंत्र दिवस परेड 2026 के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो गई है; दर्शक कर्तव्य पथ पर होने वाले इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पोर्टल के माध्यम से 20 से 100 रुपये में अपनी सीट आरक्षित कर सकते हैं। इस साल 26 जनवरी 2026 को भारत में 77वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की खास परेड का आयोजन होता है। इस परेड को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। हर कोई चाहता है कि गणतंत्र दिवस पर परेड देखने जरुर जाएं। वैसे करीब से परेड देखने का अनुभव अलग ही होता है और देश की शान देखकर हाथ के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यदि आप भी इस अनुभव को करीब से फील करना चाहते हैं, तो अभी से परेड के लिए ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं दिल्ली में आयोजित होने वाली इस परेड के लिए ऑनलाइन बुकिंग कैसे करनी है और कितने रुपये लगेंगे।

आपको बता दें कि, गणतंत्र दिवस के पूरे प्रोग्राम की डिटेल्स अलग-अलग दिन में तय की गई हैं। सैनिकों की परेड राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होगी। इसके अतिरिक्त बाद में 28 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल प्रोग्राम होगा और फिर 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट प्रोग्राम होगा। इन सभी कार्यक्रम के लिए अलग-अलग टिकट बुक होगी।

## आईआरसीटीसी का सुंदर सौराष्ट्र पैकेज: अब बजट में करें द्वारका-सोमनाथ के दर्शन



IRCTC सुंदर सौराष्ट्र नामक एक किफायती टूर पैकेज लेकर आया है, जो 7 रात और 8 दिनों में गुजरात के द्वारका और सोमनाथ जैसे प्रमुख स्थलों की यात्रा कराएगा। इस पैकेज में ट्रेन यात्रा, एसी होटल में रहना और भोजन जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जिसकी बुकिंग IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट से की जा सकती है। अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। वैसे तो सोशल मीडिया पर ऐसे कई टूर पैकेज वायरल होते रहते हैं, जिसमें बजट में ट्रिप प्लान करने का ऑफर मिलता है। लेकिन ऑनलाइन वायरल पैकेज पर आसानी से भरोसा भी नहीं किया जा सकता है। अगर आप भरोसमंद टूर पैकेज को सर्च कर रहे हैं, तो आपको बता दें कि IRCTC का टूर पैकेज लेकर आया शानदार ट्रिप का मौका। इस पैकेज को बुक करने के लिए आपको आधिकारिक वेबसाइट से ही करनी है। तो चलिए बिना देर किए आपको इस टूर पैकेज के बारे में बताते हैं।

## चिनाब ब्रिज के साथ इन जगहों को देखें, लिस्ट में मिनी कश्मीर भी है शामिल



अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, जो चेनाब ब्रिज का दीदार करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि अगर आप भी चेनाब ब्रिज देखने के लिए जा रहे हैं, तो यहां आसपास घूमने के लिए कई जगहें हैं। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चेनाब ब्रिज चेनाब नदी पर बना है। यह जम्मू-कश्मीर हैं और इस पुल को देखने के लिए लगभर हर कोई बेताब है। हर कोई इस खूबसूरत ब्रिज को देखना चाहता है। अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, जो चेनाब ब्रिज का दीदार करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि अगर आप भी चेनाब ब्रिज देखने के लिए जा रहे हैं, तो यहां आसपास घूमने के लिए कई जगहें हैं।

बता दें कि यहां का नजारा एकदम स्वर्ग जैसा होता है। यहां पर बर्फ से ढके पहाड़ और हरियाली देखने लायक होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो चेनाब ब्रिज के पास हैं। ऐसे में आप कुछ घंटों की यात्रा करके यहां पहुंच सकते हैं।

चेनाब नदी के किनारे बसा एक छोटा सा लेकिन बेहद सुंदर गांव डोडा है। डोडा की पहाड़ियां और साफ हवा आपके मन को शांति देने का काम करती है। एडवेंचर पसंद करने वाले लोग यहां पर ट्रेकिंग और रिवर राफ्टिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

भद्रवाह को मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। भद्रवाह चेनाब नदी के पास है और चारों ओर हरियाली, पहाड़ और सुंदर फूलों से घिरी है। आप यहां पर जई घाटी, सीरी नदी और चेराला आदि एक्सप्लोर कर सकते हैं। भद्रवाह ट्रेकिंग और कैंपिंग के लिए फेमस है। अगर आपको ट्रेक करना पसंद है, तो आपको एक बार भद्रवाह जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

चेनाब ब्रिज से करीब 60 किमी दूरी पर कटरा है। जोकि वैष्णों देवी मंदिर के लिए जाना जाता है। धार्मिक आस्था से जुड़ी यह जगह पहाड़ों की गोद में बसी है। ऐसे में आप चेनाब ब्रिज को एक्सप्लोर करने के बाद वैष्णों देवी के दर्शन के लिए जा सकते हैं। वैष्णों देवी जाने वाले लोग शिवखोरी जरूर जाते हैं। शिवखोरी गुफा भगवान शिव को समर्पित है और तमाम फेमस तीर्थ स्थलों में से एक है। शिवखोरी चेनाब ब्रिज से करीब 70 किमी दूर है। बता दें कि पटनीटॉप एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां की दूरी चेनाब नदी से ज्यादा नहीं है। यहां आकर आप पैराग्लाइडिंग, बर्फबारी और ट्रेकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। देवदार के पेड़, ठंडी हवा और खुला आसमान इस जगह को बेहद खास बनाते हैं।

## बर्फ से ढकी यमुनोत्री घाटी, हनुमान चट्टी से शुरू करें अपना विंटर एडवेंचर ट्रेक



सर्दियों में चार धाम यात्रा बंद होने पर भी यमुनोत्री के आस-पास की वादियां बर्फ की सफेद चादर से ढक जाती हैं। उत्तरकाशी की यात्रा पर आप हनुमान चट्टी, जानकी चट्टी और बरकोट जैसी खूबसूरत जगहों पर प्राकृतिक सुंदरता और शांति का अनुभव कर सकते हैं। वैसे तो इस समय चार धाम की यात्रा बंद है। वहीं, सबसे पहले आप यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुले हैं। इसके बाद केदारनाथ और फिर बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाते हैं। कपाट बंद होने के बाद भी लोग यहां से आस-पास घूमने के लिए जगहें सर्च करते हैं, क्योंकि सर्दियों में यहां सुंदर नजारा देखने को मिलता है। सर्दियों में ये जगहें और भी खूबसूरत हो जाती है। इस समय तो कपाट बंद होते हैं लेकिन बाद में चार धाम के आस-पास घूमने लायक जगहें खोजते हैं, जहां सुकून, प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शांति एक साथ महसूस होती है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं यमुनोत्री धाम के आस-पास घूमने की शानदार जगहें बताते हैं, जहां आप ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। यमुनोत्री धाम की यात्रा हनुमान चट्टी होते हुए जाती है। यह यमुनोत्री से 13 किमी की दूरी पर स्थित है। डोडीताल ट्रेक भी इसी रास्ते से होते हुए ही लोग जाते हैं। इसलिए डोडीताल के ट्रेक पर जाने वाले लोग हनुमान चट्टी होकर जाते हैं। यह नगर यमुनोत्री के पावन मंदिर की यात्रा मार्ग में स्थित है। श्रद्धालु अपनी यात्रा की शुरुआत इसी स्थान से होकर आगे बढ़ते हैं, इसलिए यहां रुककर स्थानीय दर्शनीय स्थलों को देखकर यात्रा को आगे बढ़ाया जा सकता है अगर आप हनुमान चट्टी से गुजरते हैं, तो आप जानकी चट्टी जा सकते हैं, यहां हरा-भरा क्षेत्र है जो घूमने के लिए सबसे बेस्ट जगह है। यह यमुनोत्री धाम से मात्र 7 किमी की दूरी पर स्थित है। यमुनोत्री धाम पर जाने वाले लोग यहां रात गुजारने का प्लान बना सकते हैं। यदि आपको भी पहुंचते-पहुंचते अंधेरा हो जाता है, तो आप यहां रुक कर आगे बढ़ सकते हैं।

# भारत का वो सीक्रेट हिल स्टेशन जहां विदेशियों की है नो एंट्री



उत्तराखंड का चकराता एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, लेकिन यह एक उच्च-सुरक्षा वाला सैन्य छावनी क्षेत्र होने के कारण यहां विदेशी नागरिकों का प्रवेश प्रतिबंधित है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील इस इलाके में भारतीय पर्यटकों को भी कुछ नियमों का पालन करना होता है, जैसे प्रतिबंधित जगहों पर फोटोग्राफी न करना।

आमतौर पर भारत में एक ऐसा हिल स्टेशन है, जहां विदेशों नागरिक इस हिल स्टेशन में प्रवेश नहीं कर सकते हैं, यदि विदेशी पर्यटक यहां जाने का प्रयास करेंगे तो उन्हें पहले ही रोक दिया जाएगा। इस जगह की खास बात तो यह है कि ऊंचाई पर चढ़ने से पहले ही, बेरिगेटिंग लगी होती है, जहां आपकी आईडी भी देखी जा सकती है। बता दें कि, यह एक ऑफबीट हिल स्टेशन है, जिसका नाम चकराता है। इस जगह पर यदि किसी विदेशी नागरिक के साथ यहां घूमने का प्लान कर रही हैं, तो पहले ही रुक जाएं। हालांकि, कई लोग नहीं जानते है कि यहां ऐसा क्यों होता है? क्यों इस हिल स्टेशन पर विदेशी नागरिकों का आना मना है। चलिए आपको बताते हैं चकराता के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

यह हिल स्टेशन देश के उच्च सुरक्षा वाली जगह में से एक है। इधर आपको जगह-जगह आर्मी फोर्स भी देखने को मिलेंगी, क्योंकि यह उच्च सुरक्षा वाला सैन्य छावनी क्षेत्र (ष्ट्ठ्ठह्लश्ठ्ठद्गठ्ठह्ल 'श्ठ्ठद्ग) में आता है। आपको बता दें कि, यहां पर भारतीय सेना की टीम राजनीतिक कार्य करती हैं और खुफिया एजेंसियां भी यहां मौजूद है।

चकराता ऊंचाई पर स्थित है और भारत-चीन सीमा के करीब भी पड़ता है, इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के हिसाब से यह संवेदनशील क्षेत्र भी माना जाता है। इसी कारण, यहां पर विदेशी नागरिकों का आना मना है। यदि कोई विदेशी नागरिक, खुफिया बनकर यहां आया, तो खतरनाक हो सकता है।

सिर्फ गृह मंत्रालय की अनुमति के बाद यहां विदेशी नागरिक आ सकते हैं, वरना इसके अलावा गृह मंत्रालय की अनुमति नहीं हैं।

चकराता एक ऐसी जगह है, जहां भारतीय नागरिकों को भी फोटो लेना प्रतिबंध है। कुछ जगहों पर बोर्ड लगे हैं, जहां फोटो वीडियो बनाना सख्त मना है। यदि आप इन बातों को ध्यान नहीं रखती हैं, तो हो सकता है कि आर्मी ऑफिसर को आप पर शक हो जाए। ऐसे में आपको पकड़कर पूछताछ भी हो सकती है और आपसे आईडी प्रूफ भी मांगा जा सकता है। इस बात का ध्यान रखें कि जबां पर फोटो लेने से मना किया गया है, वहां फोने जेब से बाहर ना निकालें।

इस लोकेशन पर आप रात के समय ड्राइव न करें, उजाले में ही होटल ले लें। चकराता पूरा पहाड़ी इलाका है। सड़कें पर ज्यादा चौड़ी नहीं है और मोड़ भी खतरनाक है। यहां पर सड़कों पर लाइटें भी नहीं है, इसलिए आपको यात्रा में परेशानी हो जाएगी। अंधेरा होने से पहले ही कहीं होटल लेकर रुक जाएं।

चकराता में होटल या रिसॉर्ट

# महाबलेश्वर और लोनावला ट्रिप: जेब पर भारी नहीं पड़ा महाबलेश्वर



आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर महाबलेश्वर और लोनावाला हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र के दो बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन लोनावला और महाबलेश्वर हैं। यह दोनों हिल स्टेशन हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। गर्मी हो या मानसून आप किसी भी मौसम में लोनावला और महाबलेश्वर घूमने जा सकते हैं। यह दोनों ही हिल स्टेशन प्रकृति की गोद में समाए हैं। यहां पहुंचकर आप सुकून महसूस कर सकते हैं। यह दोनों ही जगहें बजट फ्रेंडली ट्रिप के लिए बेहतरीन है। अगर आप भी प्रकृति के बीच शांति और थोड़ा सा एडवेंचर करना चाहते हैं, तो आपको महाबलेश्वर और लोनावला ट्रिप एकदम परफेक्ट है। ऐसे में आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर इन दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। साथ ही आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

इन हिल स्टेशनों तक जाने के लिए आप मुंबई या पुणे से यात्रा शुरूकर सकते हैं। मुंबई या पुणे से लोनावला सिर्फ 2 घंटे की दूरी पर है। बस, ट्रेन और कार आप तीनों से ही यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। वहीं अगर आप पुणे से महाबलेश्वर की यात्रा कर रहे हैं, तो आप बस या फिर प्राइवेट टैक्सी के करिए 120 किमी का सफर तय कर सकते हैं। वहीं मुंबई से महाबलेश्वर की दूरी करीब 260 किमी है। मानसून में लोनावला की गए हैं तो आपको भूशी डैम जरूर जाना चाहिए। वहीं बेहतरीन सनसेट व्यू पॉइंट देखने के लिए टाइगर पॉइंट जा सकते हैं। अगर आप भी ट्रैकिंग लवर्स हैं, तो राजमाची फोर्ट बेहतरीन जगह है। वहीं आप लोनावला की ऐतिहासिक बौद्ध गुफाएं कार्ला और भाजा केव्स स्थित है। इसके साथ ही आप पावना झील और लोहेगढ़ किला देखने जा सकते हैं।

महाबलेश्वर की शानदार वादियों का नजारा देखने के लिए आप अरथर सीट पॉइंट को एक्सप्लोर करें। नौकाविहार और खूबसूरत फोटोशूट के लिए वीना लेक जाएं। इसके अलावा महाबलेश्वर मंदिर और एलिफेंट हेड पॉइंट जा सकते हैं। वहीं फिल्मों में दिखने वाले खूबसूरत नजारों का सामने से लुत्फ उठाने के लिए पंचगनीकी टेबललैंड जरूर जाएं। बता दें कि लोनावला में एक हजार से दो हजार रुपए में प्रति रात के लिए अच्छा होम स्टे या होटल मिल जाएगा। वहीं महाबलेश्वर में लॉज, होटल या रिसॉर्ट्स में स्टे के लिए डेढ़ से ढाई हजार रुपए के करीब खर्चा आ सकता है।

कम पैसों में स्टे के लिए आप ऑफ-सीजन में ऑनलाइन बुकिंग से भी सस्ते दामों में रुकने का मौका मिल सकता है।

इन जगहों पर आने के लिए स्थानीय परिवहन पर करीब 2000-3000 रुपए का खर्च आ सकता है।

वहीं इस दौरान 3-4 दिन रुकने के लिए आपको करीब 5000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं पर्यटन स्थलों के टिकट्स और खानपान पर करीब 2000 रुपए का खर्च आ सकता है। इस ट्रिप के लिए प्रति व्यक्ति कुल अनुमानित खर्च 6000-8000 रुपए हो सकता है।

# यूपी फेमस वॉटरफॉल

## इन शानदार वॉटरफॉल्स पर एंट्री है फ्री, फैमिली संग बनाएं पिकनिक का प्लान



उत्तर प्रदेश के झरने न सिर्फ प्रकृति की खूबसूरती को निहारने का मौका देते हैं, बल्कि आपको मानसिक सुकून भी पहुंचाएंगे। ऐसे में आज हम आपको उत्तर प्रदेश के 5 फेमस और खूबसूरत वॉटरफॉल के बारे में बताने जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश अपनी ऐतिहासिक इमारतों, विश्व धरोहरों, धार्मिक स्थलों और दुनिया के सातवें अजूबे के लिए फेमस है। लेकिन यूपी सिर्फ धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के लिए नहीं बल्कि अपनी छुपी हुई प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यूपी में कई खूबसूरत झरने भी मौजूद हैं, जिनको एक्सप्लोर करके आपके मन और शरीर को फिर से तरोताजा कर देगी। ऐसे में अगर आप भी यूपी की खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के यह झरने न सिर्फ प्रकृति की खूबसूरती को निहारने का मौका देते हैं, बल्कि आपको मानसिक सुकून भी पहुंचाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तर प्रदेश ह्यके 5 फेमस और खूबसूरत वॉटरफॉल के बारे में बताने जा रहे हैं।

चंदौली जिले के रॉबर्ट्सगंज के पास दो बेहद खूबसूरत जदारी और देवदारी वॉटरफॉल है। कैमूर की पहाड़ियों के बीच स्थित यह दोनों जुड़वा झरने बेहद मनोरम हैं। यहां पर ऊंचाई से गिरता पानी, शांत वातावरण और हरियाली इस जगह को एक परफेक्ट पिकनिक स्पॉट बनाते हैं। जुलाई से लेकर अक्तूबर तक आप यहां पर आ सकते हैं।

काशी रेलवे स्टेशन से राजदारी वॉटरफॉल 65 किमी दूर है। यहां पर सभी के लिए प्रवेश निशुल्क है। आप बस, ट्रेन, कार या टैक्सी के जरिए यहां पर आ सकते हैं। इसके अलावा जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। राजदारी के पास देवदारी वॉटरफॉल है। आप यहां पर सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे तक घूम सकते हैं। वहीं यहां पर स्टे के लिए रिसॉर्ट भी है, जहां पर पर्यटक रुक सकते हैं। राजदारी की तरह देवदारी वॉटरफॉल में भी एंट्री फ्री है।

बनारस के करीब 55 किमी दूर विंध्याचल पर्वतमाला में लखनिया वॉटरफॉल है। यहां पर एंट्री के लिए आपको 50 रुपए देने होंगे। यह झरना सुरम्य जंगल के बीच मौजूद है। मानसून में यह झरना बेहद खूबसूरत नजर आता है। आप यहां पर पहुंचकर प्रकृति की आवाजें जैसे पानी की गर्जना, पक्षियों की चहचहाहट और पत्तों की सरसराहट सुन सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर ट्रेकिंग और फोटोग्राफी भी कर सकते हैं। बनाकरस मंडल में मौजूद सोनभद्र जिला बेहद खूबसूरत है। यहां ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक जगहों के खूबसूरत नजारों का आनंद ले सकते हैं। सोनभद्र में रिहंद नदी पर 35-40 फीट ऊंचा सोनभद्र वॉटरफॉल है। मानसून में सोनभद्र की प्राकृतिक सुंदरता देखते रह जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में ललितपुर जिले में बेहद खूबसूरत तुगलपुर झरना है। कम भीड़भाड़ वाला यह वॉटरफॉल ट्रैकिंग और कैंपिंग प्रेमियों के लिए शानदार डेस्टिनेशन है। गर्मियों में यहां की ठंडी फुहारें आपको सुकून देती हैं। अब तक बहुत कम लोगों को भी इस वॉटरफॉल के बारे में पता है। आपको यहां की शांति और सुंदरता आपको पसंद आएगी।

# जाह्नवी कुकरेजा हत्याकांड में दोस्त ही निकला कातिल, कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**आरोपी**

**मुंबई की एक सत्र अदालत ने 19 वर्षीय जाह्नवी कुकरेजा की हत्या के मामले में आरोपी श्री जोगधनकर को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दोषी पाया।**



**मुंबई।** मुंबई की सत्र अदालत ने 2021 के जाह्नवी कुकरेजा हत्याकांड में उसके दोस्त श्री जोगधनकर को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने पाया कि न्यू ईयर पार्टी के बाद हुए विवाद में जाह्नवी की हत्या की गई। सह-आरोपी दिया पाडलकर को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। मुंबई के चर्चित 2021 जाह्नवी कुकरेजा हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। करीब चार साल बाद आए इस फैसले में अदालत ने पीड़िता के दोस्त श्री जोगधनकर को उम्रकैद की सजा सुनाई, जबकि दूसरी आरोपी दिया पाडलकर को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इस मामले ने उस समय शहर को झकझोर दिया था, क्योंकि हत्या में शामिल लोग मृतका के करीबी दोस्त थे। मुंबई की एक सत्र अदालत ने 19 वर्षीय जाह्नवी कुकरेजा की हत्या के मामले में आरोपी श्री जोगधनकर को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दोषी पाया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सत्यनारायण नवंदर ने कहा कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। अदालत ने सह-आरोपी दिया पाडलकर को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। पुलिस के अनुसार, एक जनवरी 2021 की रात मुंबई के खार इलाके की एक इमारत की छत पर न्यू ईयर पार्टी चल रही थी। इसी दौरान जाह्नवी, जोगधनकर और पाडलकर के बीच विवाद हुआ। जांच में सामने आया कि झगड़ा जोगधनकर और पाडलकर की कथित नजदीकियों को लेकर शुरू हुआ, जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने अदालत को बताया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर जाह्नवी पर हमला किया और उसकी हत्या कर दी।

## विश्व आर्थिक मंच में कर्नाटक ने 46 कंपनियों से की द्विपक्षीय बातचीत, नहीं हुआ कोई समझौता




**बंगलूरू।** मंत्री एमबी पाटिल ने बंगलूरू में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमने डब्ल्यूईएफ में वैश्विक और भारतीय कंपनियों, निवेशकों, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न देशों के नेताओं के साथ कुल 46 द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने बताया कि इनमें 26 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और 15 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल थीं। ये बैठकें एयरोस्पेस और रक्षा, विनिर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, डाटा केंद्र, डिजिटल बुनियादी ढांचा और स्वच्छ उर्जा जैसे क्षेत्रों से जुड़ी थीं।

पाटिल ने कहा कि इन बैठकों से कर्नाटक के लिए एक मजबूत निवेश पाइपलाइन तैयार हुई है। उन्होंने कहा, दावाओ से कर्नाटक के लिए विमानन और लॉजिस्टिक्स, पेय पदार्थ और खाद्य प्रसंस्करण, स्वच्छ उर्जा, उन्नत विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग), अंतरिक्ष तकनीक, डाटा केंद्र, जीसीसी और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्रों में निवेश और साझेदारी की एक भरोसेमंद पाइपलाइन बनी है।

मंत्री के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान सरकार के स्तर पर भी बातचीत हुई। उन्होंने कहा, हमने लिकटेंस्टीन और सिंगापुर के साथ सरकार के स्तर पर चर्चाएं कीं, ताकि सहयोग को मजबूत किया जा सके और संयुक्त रूप से कर्नाटक में निवेश आकर्षित किया जा सके।

# मेडिकल तरीके से गिराया जा सकेगा 31 हफ्ते का भ्रूण, अदालत ने इन आधारों पर दी अनुमति

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने एक दंपती राहत दी है। कोर्ट ने उनके 31 हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दी। यह भ्रूण दिमाग और सिर से जुड़ी जन्मजात गंभीर विकृतियों से पीड़ित है।




जस्टिस शोभा अन्नम्मा ईप्पन ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर गर्भपात की इजाजत दी। बोर्ड ने राय दी थी कि अगर बच्चे का जन्म होता है तो वह गंभीर शारीरिक विकृतियों से ग्रस्त होगा। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि गर्भावस्था को आगे बढ़ाना महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री, इस विषय से जुड़े स्थापित कानूनी सिद्धांतों और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे केवल नतीजे में देरी होगी और परिवार की तकलीफ और बढ़ेगी। कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को गर्भपात कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को तुरंत एक मेडिकल टीम गठित करने और प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने कहा, मेडिकल टीम अपने विवेक और सर्वोत्तम निर्णय के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सुझाई गई सबसे उचित प्रक्रिया अपनाएगी, ताकि गर्भपात किया जा सके और पहली याचिकाकर्ता (महिला) की जान बचाई जा सके। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि गर्भपात से पहले अंतिम स्कैन कर भ्रूण की विकृतियों की दोबारा पुष्टि की जाए। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर भ्रूण जीवित जन्म लेता है, तो अस्पताल उसे जीवित रखने के लिए सभी आवश्यक सहायता देगा, जिसमें इन्क्यूबेशन और किसी भी सुपर-स्पेशलिटी में इलाज शामिल है। कोर्ट ने कहा, बच्चे को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार दिया जाएगा और याचिकाकर्ता पति-पत्नी बच्चे की पूरी जिम्मेदारी लेंगे तथा इलाज का खर्च भी वहन करेंगे। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया था कि भ्रूण दिमाग और सिर की जन्मजात विकृतियों से पीड़ित है, जिनमें माइक्रोसेफली जैसे लक्षण शामिल हैं, जिससे गंभीर और जीवनभर रहने वाली शारीरिक व न्यूरोलॉजिकल विकलांगता की आशंका बहुत अधिक है।

## बिना सलाह के फैसले लेना सरकार की आदतः कपिल सिब्बल



**नई दिल्ली।** यूजीसी के नए संसदीय नियमों पर विवाद के बीच कपिल सिब्बल ने सरकार पर बिना परामर्श फैसले लेने का आरोप लगाया। सुप्रीम कोर्ट ने इन नियमों पर अंतरिम रोक लगाते हुए उन्हें अस्पष्ट बताया है। हालांकि छात्रों के विरोध के बीच सरकार ने भरोसा दिया है कि भेदभाव नहीं होगा।

यूजीसी के संसदीय नियमों को लेकर जारी विवाद के बीच राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार का किसी से सलाह-मशविरा न करने का रवैया उसके हर फैसले में दिखाई देता है। सिब्बल ने चेतावनी दी कि समाज के किसी भी वर्ग को नजरअंदाज करना देश के भविष्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

सिब्बल ने एक इंटरव्यू में कहा कि यूजीसी के नए संसदीय नियमों पर मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है, इसलिए इस पर सीधे टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। लेकिन व्यापक दृष्टिकोण से उन्होंने कहा कि भारत तभी विकसित राष्ट्र बन सकता है, जब हर वर्ग को साथ लेकर नीतियां बनाई जाएं। उन्होंने कहा कि समाज में विभाजन पैदा करने वाली कोई भी कोशिश देश के हित में नहीं है। सिब्बल ने कहा कि 2014 से जब भारत सरकार में मौजूदा नेतृत्व आया, तब से नीतियां बिना व्यापक चर्चा के बनाई जा रही हैं। उनके अनुसार, सरकार अपने विचार किसी से साझा नहीं करती और यही प्रवृत्ति हर बड़े फैसले में नजर आती है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधता वाले देश में सभी समुदायों की चिंताओं को ध्यान में रखना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने हाल ही में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के 2026 के संसदीय रेगुलेशंस पर अंतरिम रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि नियम पहली नजर में अस्पष्ट हैं, इनके परिणाम बहुत व्यापक हो सकते हैं और समाज पर खतरनाक असर डाल सकते हैं। कोर्ट ने केंद्र और यूजीसी से 19 मार्च तक जवाब मांगा है। इन याचिकाओं में कहा गया है कि नियमों में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा सीमित कर दी गई है। 13 जनवरी को अधिसूचित इन नियमों के तहत सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को भेदभाव की शिकायतों की जांच और समानता बढ़ाने के लिए संसदीय कमेटी बनाना अनिवार्य किया गया है। इन समितियों में ओबीसी, एससी, एसटी, दिव्यांग और महिलाओं के प्रतिनिधियों को शामिल करने का प्रावधान है।

# इंसान से ज्यादा जरूरी कुर्सीः शिंदे गुट के मंत्री



**मुंबई।** विमान हादसे में अजित पवार के निधन के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने अपना नेता सुनेत्रा पवार को चुना है। शनिवार को विधायक दल की बैठक में सुनेत्रा पवार के नाम पर मुहर लगी। ऐसे में अब शाम पांच बजे डिप्टी सीएम के तौर पर सुनेत्रा शपथ लेंगी। इस पूरे घटनाक्रम पर अब महाराष्ट्र के मंत्री और शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाट की प्रतिक्रिया सामने आई है।

महाराष्ट्र के बारामती में 28 जनवरी को विमान हादसे में एनसीपी प्रमुख और पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया। इस दुखद घटना के तीन दिन बाद अब एनसीपी विधायक की दल की बैठक में सर्वसम्मति से अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को नेता चुना गया है। ऐसे में अब शाम पांच बजे सुनेत्रा पवार डिप्टी सीएम पद की शपथ लेंगी। इस बीच शपथ ग्रहण को लेकर की जा रही कथित जल्दबाजी पर महराष्ट्र सरकार के मंत्री और शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाट की प्रतिक्रिया सामने आई है।

महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने अपने बयान में कहा कि 28 जनवरी को अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत के कुछ ही दिनों बाद नए उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को बाद में होना चाहिए था%। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि इस घटनाक्रम से पता चलता है कि कुर्सी इंसान से ज्यादा जरूरी है। इसी के साथ मंत्री संजय शिरसाट ने हा कि ऐसा लगता है कि यह जल्दबाजी एनसीपी की कुछ अंदरूनी राजनीति का नतीजा है।छत्रपति संभाजीनगर में मीडिया से बात करते हुए शिरसात ने कहा कि पिछले दो दिनों की घटनाओं से पता चलता है कि कुर्सी इंसान से ज्यादा जरूरी है। आम लोगों को यह पसंद नहीं है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि ये शपथ ग्रहण समारोह थोड़ा बाद में होने चाहिए थे। उन्होंने आगे कहा कि, अजित पवार के निधन के बाद जो घटनाएं हम देख रहे हैं, वे एक दिन तो होनी ही थीं। लेकिन सुनेत्रा पवार का इतनी जल्दी मुंबई रवाना होना और उनके (एनसीपी) पार्टी नेताओं के बयान हमें स्वीकार्य नहीं लग रहे हैं। इतनी जल्दबाजी क्यों? शपथ ग्रहण समारोह एक सप्ताह बाद भी हो सकता था।

शिरसात ने यह भी कहा कि अजित पवार की मृत्यु के बाद बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य के कारण एनसीपी और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) के विलय में अब लंबा समय लग सकता है। शिरसात ने अपने बयान में कहा, कहा जा रहा है कि विलय के लिए बैठकें हुई थीं। पहले अजित पवार के फैसले का किसी ने विरोध नहीं किया था। लेकिन अब जब वे नहीं रहे, तो विलय का फैसला सामूहिक रूप से लिया जाएगा। इस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है।

इधर, सुनेत्रा पवार के महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम की शपथ लेने पर शिवसेना नेता संजय निरुपम का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा कि यह एनसीपी का अंदरूनी मामला है। सभी विधायकों और एनसीपी नेताओं को लगा कि अजित दादा की मौत से जो जगह खाली हुई है, उसे जल्दी भरा जाना चाहिए। मुझे लगता है कि इस विचार का सम्मान किया जाना चाहिए और इस पर बेवजह कोई विवाद नहीं होना चाहिए। वहीं एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय की खबरों पर उन्होंने कहा कि दोनों एनसीपी का विलय उनका अंदरूनी मामला है।

### टीएमसी की विदाई का समय आ गया, बंगाल में ममता बनर्जी पर बरसे शाह

**परगना।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि अब बंगाल से टीएमसी की विदाई का समय आ गया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस कड़ी में अब शनिवार को उत्तर 24 परगना में दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि अब टीएमसी की विदाई का समय आ गया है। इसी के गृहमंत्री अमित शाह ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है।

## कर्ज के लिए भीख मांगने में शर्म से झुका सिर, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का कबूलनामा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर कबूला है कि उन्हें बार-बार कर्ज मांगने में शर्मिंदगी महसूस हुई है। उन्होंने ये भी बताया वे और सेना प्रमुख असीम मुनीर ने चुपचाप कई देशों का दौरा किया और अरबों डॉलर के कर्ज मांगे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में कारोबारियों और निर्यातकों को संबोधित करते हुए देश की आर्थिक हालत पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा, तब उसे अपने मित्र देशों से कर्ज मांगना पड़ा, जिससे देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने और पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने चुपचाप कई देशों का दौरा किया और अरबों डॉलर के कर्ज की अपील की, ताकि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से राहत पैकेज मिल सके और विदेशी वित्तीय कमी को पूरा किया जा सके।

शहबाज शरीफ ने कहा कि कर्ज लेने की प्रक्रिया आसान नहीं होती। जब कोई देश कर्ज मांगता है तो उसे कई शर्तें और दबाव झेलने पड़ते हैं, जिनका कई बार कोई ठोस औचित्य भी नहीं होता। उन्होंने साफ शब्दों में माना कि ऐसे हालात में देश को दूसरों की शर्तें माननी पड़ती हैं, चाहे वे उचित हों या नहीं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के कठिन समय में कई मित्र देशों ने मदद की, जिनमें चीन सबसे आगे रहा। उन्होंने इन देशों का आभार जताया, लेकिन साथ ही स्वीकार किया कि कर्ज लेने की एक कीमत चुकानी पड़ती है- और वह कीमत है राष्ट्रीय सम्मान से समझौता।

यह पहली बार नहीं है जब शहबाज शरीफ ने इस तरह की बात कही हो। जनवरी 2023 में भी उन्होंने कहा था कि बार-बार कर्ज मांगना उन्हें शर्मिंदा करता है, खासकर तब जब सऊदी अरब जैसे देश पाकिस्तान की मदद करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि पाकिस्तान का लक्ष्य होना चाहिए कि वह आईएमएफ के कार्यक्रमों से बाहर निकले, आत्मनिर्भर बने और हमेशा कर्ज पर निर्भर रहने की नीति से छुटकारा पाए।

### एक-दूसरे से नफरत करते हैं जेलेंस्की-पुतिन

**वॉशिंगटन।** रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि शांति समझौता अब बहुत करीब है, लेकिन जेलेंस्की और पुतिन की आपसी नफरत इस राह की बड़ी मुश्किल बनी हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में बताया कि उन्होंने खुद पुतिन से बात कर कीव पर हमले रोकने की अपील की थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की दिशा में बातचीत अब काफी नजदीक पहुंच चुकी है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गहरी दुश्मनी शांति समझौते को मुश्किल बना रही है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, जेलेंस्की और पुतिन एक-दूसरे से नफरत करते हैं, और इससे समझौता करना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि हम समाधान के बहुत करीब हैं।

# एपस्टीन फाइल्स में सामने आया जोहरान ममदानी की मां मीरा नायर का नाम

**दावा**

**एपस्टीन फाइलों में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भी नाम है। दस्तावेजों में एपस्टीन और मस्क के बीच हुए कई ईमेल मिलने का दावा किया गया है।**



**वाशिंगटन।** अमेरिका में जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज में 2009 की एक आफ्टरपार्टी का जिक्र है। इसमें फिल्म निर्देशक मीरा नायर का नाम भी सामने आया है। दस्तावेजों में एलन मस्क के साथ एपस्टीन की ईमेल बातचीत भी शामिल बताई गई है। अमेरिका में जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों ने एक बार फिर तहलका मचा दिया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने हाल ही में एपस्टीन केस से जुड़े 30 लाख से ज्यादा पेजों के दस्तावेज जारी किए हैं, जिसमें 2,000 वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें शामिल हैं। इन नए दस्तावेजों में न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां और फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर का नाम भी सामने आया है।

दस्तावेजों में दावा किया गया है कि मीरा नायर ने 2009 में अपनी फिल्म अमेलिया के लिए आयोजित एक आफ्टर-पार्टी में शिरकत की थी। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पार्टी यौन तस्करी की दोषी गिसलेन मैक्सवेल के घर पर हुई थी।

यह जानकारी 21 अक्टूबर 2009 के एक ईमेल से सामने आई है। यह ईमेल पब्लिसिस्ट पैगी सीगल ने जेफरी एपस्टीन को भेजा था। ईमेल पार्टी के ठीक बाद सुबह के समय भेजा गया था। इस ईमेल में पार्टी में शामिल हुए मेहमानों के बारे में बताया गया था, जिसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस भी शामिल थे। ईमेल में लिखा था, फिल्म की पार्टी के बाद अभी-अभी घिसलेन के घर से निकली हूं। बिल क्लिंटन और जेफ बेजोस भी वहां थे। डायरेक्टर मीरा नायर आदि। ईमेल में दावा किया गया कि मीरा नायर की फिल्म को लेकर मेहमानों की प्रतिक्रिया कुछ खास नहीं थी।

एपस्टीन फाइलों में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भी नाम है। दस्तावेजों में एपस्टीन और मस्क के बीच हुए कई ईमेल मिलने का दावा किया गया है। नवंबर 2012 में एपस्टीन ने मस्क को एक ईमेल भेजकर पूछा, द्वीप पर हेलीकाप्टर से कितने लोग आएंगे। इस पर मस्क ने 25 नवंबर 2012 को जवाब दिया, शायद बस मैं और तलुलाह। आपके द्वीप पर सबसे जबरदस्त पार्टी किस दिन या रात होगी। इस खुलासे ने कई नई बहसों को जन्म दे दिया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 लाख से ज्यादा पन्नों के दस्तावेज जारी किए हैं, जिनमें 2,000 वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें शामिल हैं।

### वित्तीय संकट के कगार पर यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) वित्तीय संकट के कगार पर खड़ा है। सदस्य देशों के पास करोड़ो अरबों की राशि बकाया हैं। ऐसे में जब चिंता बढ़ी तब यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पत्र लिखकर सभी 193 सदस्य देशों को चेतावनी दी है। गुटेरेस ने कहा कि अगर सभी सदस्य देश बजट का भुगतान समय पर नहीं करेंगे, तो यूएन को नकदी संकट का सामना करना पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी 193 सदस्य देशों को एक बड़ी चेतावनी दी है। गुटेरेस ने कहा कि अगर सभी सदस्य देश अपने बजट का भुगतान समय पर नहीं करेंगे तो संयुक्त राष्ट्र वित्तीय संकट का सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका समेत कई बड़े देशों के बकाया ने नकदी को खत्म कर दिया है और संगठन का 2026 का तीन अरब पैंतालीस करोड़ डॉलर का बजट खतरे में है।

# अमेरिका में एक बार फिर से सरकार का शटडाउन



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर से आंशिक शटडाउन शुरू हो गया है। क्योंकि अमेरिकी संसद 31 जनवरी, 2026 की अंतिम सीमा तक फंडिंग बिल पास नहीं कर पाई और इस वजह से सरकारी खर्च रुक गया। इसका कारण राष्ट्रपति ट्रंप की आव्रजन संबंधी सख्त नीतियों को लेकर जारी गतिरोध माना जा रहा है। पिछले साल नवंबर महीने में अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन खत्म हुआ था, लेकिन इसके कुछ महीने बाद एक बार फिर से अमेरिका में शटडाउन शुरू हो गया है। अब फिर से 31 जनवरी को अमेरिका एक और आंशिक बंदी शुरू हो गई, क्योंकि सांसद 30 जनवरी की समय सीमा तक फंडिंग बिल पारित करने में विफल हो गए। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि बजट आवंटन में यह रुकावट कितने समय तक चलेगी। लेकिन सीनेट में डेमोक्रेट, रिपब्लिकन और व्हाइट हाउस के बीच हाल के दिनों में बनी गति को देखते हुए, इसके पिछली बार की तरह लंबे समय तक खिंचने की संभावना नहीं है।

सीनेट ने शुक्रवार शाम को एक व्यय विधेयक पारित किया, जो गृह सुरक्षा विभाग (जो आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन और सीमा गश्ती की देखरेख करता है) के लिए व्यय को दो सप्ताह के लिए बढ़ाता है, जबकि सांसद आईसीई सुधारों पर बातचीत करते हैं, और सितंबर तक अन्य सरकारी एजेंसियों को धन उपलब्ध कराता है। मिनियापोलिस में संघीय आव्रजन एजेंटों द्वारा रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से डीएचएस और आईसीई विवादों में घिरे हुए हैं। हाल के दिनों में डेमोक्रेट्स ने आव्रजन प्रवर्तन में बदलाव की मांग की है, जिससे कामकाज ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। अब यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में जाएगा, जो फिलहाल अवकाश पर है। रिपब्लिकन प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा कि सोमवार को ही सदन में मतदान होने की संभावना है। बता दें कि यह पूर्ण बंद नहीं, केवल आंशिक रूप से बंद है, कुछ एजेंसियों का काम चलता रहेगा, कुछ सरकारी सेवाएं फिलहाल बंद रहेंगी। सबसे बड़ा विवाद अमेरिकी गृह विभाग (डीएचएस) और उसके तहत आने वाले एजेंसियां- जैसे आईसीई (आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) और बॉर्डर पेट्रोल को लेकर है। डेमोक्रेट सांसद इस बात पर नाराज हैं कि मिनियापोलिस शहर में दो नागरिकों को संघीय एजेंटों ने गोली मारकर मार दिया। इस कारण डेमोक्रेट चाहते हैं कि डीएचएस और आईसीई पर कठोर सुधार, जवाबदेही और निगरानी लागू की जाएं- तभी वे फंड देने पर सहमत होंगे। डेमोक्रेट्स ने कहा कि वे डीएचएस के लिए फंडिंग बिना सुधारों के नहीं देंगे। इस पर सीनेट और व्हाइट हाउस ने एक समझौता किया, जिसमें डीएचएस को केवल दो हफ्तों तक के लिए फंड दिया गया है ताकि सुधारों पर बातचीत जारी रहे, लेकिन इससे भी तत्काल फंडिंग मंजूर नहीं हो पाई।

सरकारी सेवाओं में रुकावट के कारण कुछ विभागों की सेवाएं थम सकती हैं। सरकारी कर्मचारी अंशतः छुट्टी पर, कुछ कर्मचारियों को बिना वेतन के घर भेजा जा सकता है। सुरक्षा एजेंसियां कुछ हद तक काम जारी रख सकती हैं। लेकिन यह बंद पिछली बार जैसा नहीं रहने की उम्मीद है- क्योंकि सीनेट का समझौता जल्द ही प्रतिनिधि सभा के वोट के लिए लौटेगा।

## न्याय विभाग ने एक फाइल को हटाकर फिर से किया जारी




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने चर्चित एपस्टीन फाइल्स की एक और खेप को जारी कर दिया है। जिसमें 30 लाख दस्तावेज, 1.80 लाख फोटो और 2 हजार वीडियो शामिल है। न्याय विभाग की वेबसाइट पर जारी की गई फाइलों में वो लाखों पन्नों के रिकॉर्ड भी शामिल हैं, जिन्हें दिसंबर में प्रारंभिक रिलीज से रोका रखा था। अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार (30 जनवरी) को एपस्टीन फाइल्स से जुड़े और डॉक्यूमेंट्स जारी कर दिए हैं। जिसमें 30 लाख से अधिक पन्ने, 2000 से ज्यादा वीडियो और करीब 180,000 तस्वीरें शामिल हैं। इस बीच अमेरिका के न्याय विभाग ने एक ऐसी फाइल को अस्थायी रूप से अपनी वेबसाइट से हटा दिया, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप और यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े आरोपों का जिक्र था। हालांकि बाद में इस फाइल को दोबारा प्रकाशित कर दिया गया। इस फाइल में एफबीआई के नेशनल थ्रेट ऑपरेशन सेंटर को मिली शिकायतों का एक स्प्रेडशीट सारांश शामिल था। इन शिकायतों में ट्रंप और एपस्टीन से जुड़े कथित आरोपों का जिक्र है, हालांकि इन शिकायतों के सत्यापन का कोई ठोस प्रमाण सामने नहीं आया है। न्याय विभाग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि फाइल को क्यों हटाया गया और फिर दोबारा क्यों जारी किया गया। विभाग की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। दस्तावेज के मुताबिक कुछ शिकायतें करीब 35 साल पुरानी हैं। फाइल के साथ जुड़े एक ईमेल में लिखा है कि यह वह सूची है, जिसे व्हिटनी को ट्रंप पर आरोप लगाने वालों के नामों के साथ भेजा था। इस दस्तावेज में कुल 16 शिकायतों का जिक्र है, जिनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और दिवंगत सिंगर लिसा मैरी प्रेस्ली जैसे अन्य चर्चित नाम भी शामिल बताए गए हैं। शिकायतों के सारांश से यह भी सामने आया है कि कम से कम आठ शिकायतकर्ताओं ने अपनी पहचान या संपर्क विवरण साझा नहीं किया था। वहीं एक नोट में कहा गया है कि, कुछ लोग दूसरों से सुनी गई बातों के आधार पर जानकारी दे रहे हैं। एक शिकायत के जवाब में लिखा गया है कि कॉल करने वाले से बातचीत की गई और मामला वॉशिंगटन कार्यालय को इंटरव्यू के लिए भेजा गया, लेकिन उस इंटरव्यू से क्या निष्कर्ष निकला, यह स्पष्ट नहीं है।

# शराब पीकर वाहन न चलाए : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में सड़क सुरक्षा माह-2026 का सफलतापूर्वक आयोजन 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक किया गया। सड़क सुरक्षा माह-2026 के समापन समारोह के अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। सहायक प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार के द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों, एन.सी.सी. के बच्चों, पुलिस के जवानों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। जनपद में सड़क सुरक्षा के दौरान घायल व्यक्तियों को मदद पहूँचाने वाले 03 राह-वीरों (मो. राशिद, अनिल कुमार, घनश्याम) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त के साथ

**डीएम व एसपी ने यातायात प्रभारी को किया सम्मानित**

माध्यमिक एवं महाविद्यालय के जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनक कुमार इंटर कालेज, टी.डी.पी.जी. कालेज के एनसीसी केडेटस, हरिहर इंटर नेशनल स्कूल, गुलाबी देवी इंटर कालेज के बच्चों को यातायात माह के दौरान जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने पर उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी और कहा गया कि सभी बच्चे सड़क सुरक्षा के नियमों को मन में आत्म सात कर ले और उसके पालन करने के लिए अपने प्रत्येक दिन के कार्य का हिस्सा बना लें। वाहन चलाने के दौरान स्पीड पर नियंत्रण रखें। शराब पीकर वाहन न चलाए। उन्होंने कहा कि जो जीवन मिला है यह अनमोल है। इस तरह की दुर्घटना में मृत्यु होना



पीड़ादायक होती है। यदि कोई घायल मिलता है तो उसे बिना डरे नजदीकी अस्पताल ले जाए, ऐसे लोगो को सम्मानित करने का प्राविधान भी है। उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से अपील किया कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान जनपद में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आमजन, छात्र-छात्राओं, वाहन चालकों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक के मध्य जनपद में विभिन्न कार्यक्रम चलाये गये। जिसमें 15 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित 06 कार्यशाला, बस/ट्रक/रिक्शा चालकों को जागरूक किया जाना, हेलमेट, सीटबेल्ट, नशे की हालत में वाहन न चलाया जाना, कोहरे में वाहन चलाने हेतु बचाव हेतु जागरूक किया गया, राह-वीर एवं कैशलेश योजना का प्रचार-प्रसार एंव जनपद के विभिन्न मार्गो पर कुल 250 ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेफ्लेक्टर लगाये गये। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन के अवसर पर सी.ओ. ट्रैफिक गिरेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, अधिशासी अभियन्ता प्रा.ख. लो.नि.वि. राजेन्द्र कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह, सी.ओ. सदर देवेश सिंह, आर.आई. पुलिस लाइन दीन दयाल दीक्षित, चिकित्साधिकारी अरूण यादव, यात्री/मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) जौनपुर अशोक कुमार यादव, यातायात निरीक्षक सुशील मिश्रा, एन.आई.सी. से सलीम, एन.सी.सी. 98 यू.पी. बटालियान से सूबेदार एवं मेजर कृष्णपाल सिंह, एन.सी.सी. 96 यू.पी. बटालियन से कुंवर विभूति व विक्रम सिंह तथा गुलाबी देवी बालिका इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य उदय राज सिंह के साथ यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## घर से सिंचाई को गये किसान का शव संदिग्ध हाल में खेत में मिला

**जौनपुर (खुटहन)** नगवां गांव में शनिवार की सुबह घर से खेत की सिंचाई करने गया अधेड़ किसान का शव संदिग्ध हाल में खेत में पड़ा मिला। स्वजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक छानबीन कर शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। गांव निवासी 53 वर्षीय दिनेश शर्मा शनिवार की सुबह घर से लगभग एक किमी दूर चौबाहे बाबा मंदिर के पास अपनी चक में बोई गई फसल की सिंचाई करने गया था। दोपहर में स्वजन उसे भोजन लेकर गये तो आवाज लगाने पर भी वह नहीं बोले। खोजने पर उसका शव खेत के मेड़ के पास पड़ा मिला। शोरगुल सुन तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोष्टमार्टम हेतु भेज दिया। वही मृतक की पत्नी श्रीमती देवी ने थाने में तहरीर देकर पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# जिलाधिकारी ने बनवासी समूह को बांटा कंबल



**जिलाधिकारी ने एसआइआर पुनरीक्षण कार्य में लगे सुपर वाइजर बीएलओ से भी संवाद किया**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (रामपुर)** दुरगामी क्षेत्र गोरापट्टी कंम्पोजिट विद्यालय में शीतलहर को देखते हुए जिलाप्रशासन ने बनवासी समूहों के लिए कंम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणा में दूरगामी गोरापट्टी क्षेत्र में कोई भी नहीं पहुंच पाते थे इतने दुर बांटने के लिए जिलाधिकारी के इस सराहनीय कार्य को क्षेत्र के लोगों ने खूब किया प्रशंसा बनवासी समूह को कम्बल कार्यक्रम में जौनपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने जरूरतमंद बनवासी परिवारों को कंबल वितरित किए। फल और लंच पैकेट भी दिए। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया कोई पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नवीन कुमार, तहसीलदार राकेश कुमार रामपुर खंड विकास अधिकारी अभिनव सरोज बरसठी खण्ड विकास अधिकारी वर्षा बंग एडीओ पंचायत प्रदीप कुमार अब्दुल आजाद (लेखपाल) अभिलाष यादव (लेखपाल) नितिश पाठक सहित क्षेत्र के प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने कहा कि शासन की मंशा है कि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद असहाय न रहे वंचित। प्रशासन द्वारा निरंतर ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री दिशा निर्देशन में कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने कंम्बल पाकर प्रसन्नता जताई।

# पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का भारी मात्रा में सामान और नकदी बरामद की है। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गंगासागर मिश्रा व पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे तरहटी तिराहा के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विकास पटेल निवासी लतहरिया मंडी गेट के सामने, सोनू मौर्या मछलीशहर रोड साहबगंज तथा अजीत पटेल निवासी पकड़ी के रूप में हुई है। तीनों अभियुक्त थाना मुगराबादशाहपुर क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली है। पुलिस को बरामद सामान

**लाखों का सामान बरामद**

में 53.100 किलोग्राम काजू, 19 किलोग्राम इलायची, 29.400 किलोग्राम रामदाना, 9 किलोग्राम लौंग, 11.200 किलोग्राम बादाम, एक ग्राइंडर कटर मशीन तथा 2727 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।

बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि बीते दिनों नगर के स्टेशन रोड स्थित पवन केसरवानी की किराना दुकान में हुई चोरी की घटना को तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक गंगासागर मिश्रा, का. पंकज मिश्र, का. दिनेश सोनकर, का. गोविंदा चौहान, का. आनंद कुमार सिंह, का. प्रदीप कुमार, का. जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

## शिवेंद्र के शतक से एएस हनुमानगंज क्लब विजयी

**प्रयागराज।** शिवेंद्र सिंह के हरफनमौला खेल (108 रन, 60 गेंद, 12 चौके, चार छक्के एवं दो विकेट) के दम पर एएस हनुमानगंज क्लब ने मिलेनियम क्लब को 189 रन से हराकर एएस हनुमानगंज कप अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।



एएस हनुमानगंज क्लब ने शनिवार को अपने मैदान पर पहले खेल कर 30 ओवर में 8 विकेट पर 289 रन (शिवेंद्र सिंह 108, युवराज शुक्ला 60, तौफीक अली 26 नाबाद, मनु यादव 23, प्रिंस यादव 3/53, शिवांश सिंह 2/34, शिवम सरोज 1/54) बनाए। जवाब में मिलेनियम क्लब की टीम 26 ओवर में 100 रन (ओजस सिंह 29, सौरभ तिवारी 22, शिवेंद्र सिंह 2/07, प्रशांत 2/17, मयंक यादव 2/28) पर सिमट गई। शिवेंद्र सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# आरटीओ कार्यालय पर हुआ सड़क सुरक्षा माह का समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम सम्भागीय एवं उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, प्रयागराज में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में प्रयागराज जनपद के वाहन स्वामी, विभिन्न ट्रान्सपोर्ट यूनियनों के पदाधिकारी एवं आम जनमानस उपस्थित रहे। कार्यकम में उपस्थित आम जनमानस को वाहन चलाते समय यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, गलत लेन में वाहन न चलाने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने हेतु अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि वह सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन अवश्य करें। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव, नवप्रोन्नत सम्भागीय परिवहन अधिकारी / सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्रयागराज द्वारा की गयी। सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में आनन्द प्रताप राव, एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रयागराज प्रथम दल, श्रीमती केकी मिश्रा यात्री एवं मालकर अधिकारी, प्रयागराज, रामसागर यात्री एवं मालकर अधिकारी, प्रयागराज, मिथिलेश कुमार सिंह यात्री एवं मालकर अधिकारी, प्रयागराज, रघुनाथ द्विवेदी, टैम्पो-टैक्सी यूनियन, प्रयागराज एवं समस्त कार्यालय कार्मिक एवं प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहे।

## साहित्यकार संजय कुमार पांडे को को सम्मानित किया गया



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद का प्रतिष्ठित गार्डेनिया रिजॉर्ट्स शाहगंज झुमरी पर आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रवक्ता साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तत्पश्चात उपस्थित स्टाफ द्वारा राष्ट्रगान भारत माता की जय के नारे लगाए गये। गार्डेनिया रिजॉर्ज के जनरल मैनेजर विशाल भटनागर द्वारा साहित्यकार संजय कुमार पांडे को सरस को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता साहित्यकार संजय कुमार पांडे सरस ने अमर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ और देश को एक लोकतांत्रिक गणराज्य का दर्जा मिला आज हम स्वतंत्र भारत में खुली हवा में सांस ले रहे। इस अवसर पर गार्डेनिया रिसॉर्ट के जनरल मैनेजर विशाल भटनागर समाजसेवी रमेश यादव, निपेंद्र सिंह, भानु यादव, उज्जवल, सना अंसारी, निशा कुमारी, सुधीर यादव आदि लोग उपस्थित रहे। प्रयास गांधी जयंती गांधी जी की पूरी तिथि पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया।

## शहर कांग्रेस कमेटी ने लगाया चौपाल



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मोहल्ला बाजबहादुर में चौपाल लगाया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेयाजुल हसन का कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया, इस मौके पर शहर अध्यक्ष कांग्रेस रेयाजुल हसन ने कहा कि सन 2005 में मनरेगा यूपीए सरकार ने लागू किया था। एक अधिकार आधारित कानून है जो प्रत्येक ग्रामीण शोषित वंचित परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है कानून के तहत राज्य सरकार 15 दिनों के अंदर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है, इस योजनाओं से विशेष रूप से महिलाओं दलितों आदिवासियों और वंचित समुदाय का लाभ हुआ है, शहर अध्यक्ष रेयाजुल हसन ने निर्णय लिया है कि कम से अधिक अधिकार की रक्षा करेंगे और मनरेगा को उसके मूल अधिकार को बहाल किया जाएगा, इस अवसर पर शहजाद अहमद मंडल अध्यक्ष , फैज़ पठान, अल्ताफ, आमिर, मुशीर अहमद ,बालचंद राम,महताब, रन्नो, बृजेश पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

# रेप पीड़िता से ब्लैकमेलिंग कर रहे दरोगा पर एफआईआर दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र में रेप पीड़िता से दरोगा द्वारा ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाया गया है। उसका कहना है कि कुछ समय पहले तक उसके मुकदमे का विवेचक रहा दरोगा, मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी के साथ मिलकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा है और बदनाम करने की साजिश भी रच रहा है। पीड़िता की शिकायत पर दरोगा समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पीड़िता के अनुसार, उसने 13 सितंबर 2025 को झूंसी थाने में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट समेत अन्य आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। वह एक पैथोलॉजी में काम करती थी और इसी दौरान उसके साथ यह घटना की गई। इस मामले की विवेचना उस समय दरोगा नरेश यादव कर रहे थे, जिन्हें बाद में किसी कारणवश लाइन हाजिर कर दिया गया।

आरोप है कि लाइन हाजिर होने के बाद दरोगा नरेश यादव ने आरोपी विनोद मिश्रा और उसकी पत्नी के

**मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी के साथ मिलकर किया खेल**

साथ मिलकर उसे ब्लैकमेल कर रहे है। पीड़िता का आरोप है कि उसे लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं और उसके पति व भाई को ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजकर डराने- धमकाने की कोशिश की गई है।

पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसे धमकाया भी कि अगर वह किसी अधिकारी के पास गई तो उसे जान से मार दिया जाएगा और उसकी सामाजिक छवि खराब कर दी जाएगी। महिला का कहना है कि दरोगा नरेश यादव, विनोद मिश्रा और अमृता मिश्रा मिलकर उसे झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार धमकी से जुड़ी ऑडियो रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट उसके पास मौजूद हैं, जिन्हें उसने साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध कराया है। उसका कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के चलते उसका परिवार खौफ में है। पीड़िता ने बताया कि वह शादीशुदा है और उसके दो छोटे बच्चे हैं।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन आज़मगढ़ कांग्रेस द्वारा किया गया, जिसमें कांग्रेसजनों ने गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रियाजुल हसन ने की। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में रियाज़ुल हसन ने कहा कि ÷महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और मानवता की जीवंत विचारधारा हैं। आज के समय में उनके विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। कांग्रेस पार्टी गांधी जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक न्याय, भाईचारे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तेजबहादुर यादव, चंद्रपाल सिंह यादव, बेलाल बेग, मुन्नू यादव, पूर्णमासी प्रजापति, प्रेमा चौहान, मोहम्मद आमिर, प्रमोद कुमार यादव, बलचंद्र राम, गोविंद शर्मा, महताब आलम, अब्दुल्ला फैज़, प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन और राजनीतिक आचरण में आत्मसात करेंगे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर हुआ गहन मंथन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के सभागार में विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय के संयोजन में विद्या भारती द्वारा संचालित प्रयाग महानगर के समस्त विद्यालयों के लगभग 450 आचार्यों एवं आचार्या बहनों की बृहद बैठक तथा इसके पश्चात महानगर के समस्त शिशु एवं विद्या मंदिरों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंध समितियों की बैठक ज्वाला देवी में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना था। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के अखिल भारतीय महामंत्री देशराज शर्मा, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर, प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी, क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख विजय उपाध्याय एवं प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. रघुराज प्रताप सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि बैठक के दौरान शिक्षा के विभिन्न आयामों पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि देशराज शर्मा ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की बारीकियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नीति भारतीय मूल्यों पर आधारित आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने वाली है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख जगदीश सिंह, सुमंत पाण्डेय, प्रधानाचार्यगण युगल किशोर मिश्रा, विक्रम बहादुर सिंह, मीरा पाठक एवं वेदांती प्रसाद पाठक समस्त प्रधानाचार्य एवं आचार्य बंधु एवं भगिनियों की उपस्थिति प्रमुख रही।

## रैदास जयंती पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन आज

**प्रयागराज।** सन्त शिरोमणि गुरू रैदास ने युगों-युगों तक अपने विचारों और शिक्षाओं से लाखों लोगों का मार्गदर्शन किया और प्रेरणा दी। उन्होंने जीवन पर्यन्त समतामूलक समाज के निर्माण के लिए कार्य किया। इसी कारण उन्हें सामाजिक क्रांति का अग्रदूत के रूप में याद किया जाता है। सन्त शिरोमणि गुरू रैदास (जन्म माघी पूर्णिमा) की जयंती के पवन अवसर पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में आज 01 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से यमुनापार की तहसील बारा के विकास खण्ड जसरा के परिसर में सन्त रैदास के समर्थक एकत्रित होकर पहले गौहनिया बाजार उसके बाद जसरा बाजार तक भव्य शोभायात्रा निकाल कर अपने उद्गम स्थल जसरा ब्लाक पहुंचकर संत सम्मेलन कर सादगीपूर्ण ढंग से कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। शोभायात्रा के मुख्य संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सदस्य आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) आईपी रामबृज ने बताया कि मध्यकाल में देश में ऊँच-नीच, भेदभाव, जाति-पाति, धर्मभेद, मतांतरण, धर्मांतरण, छुआछूत का बोल-बाला था। सन्त शिरोमणि गुरू रैदास ने समाज में फैली कुरीतियों, बुराइयों को दूर करने के लिए भूली भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया।

## खुद्दामे हज कमेटी ने आयोजित की पहली हज ट्रेनिंग



**प्रयागराज।** खुद्दामे हज कमेटी पालकी गेस्ट हाउस, नूरुल्लाह रोड, प्रयागराज कि तरफ से हज 2026 के लिए पहली हज ट्रेनिंग फ़ज़ाइल हज तफ़सीर से बताया गया। जलसे की शुरूआत तिलावते कलाम पाक से हुई। मुफ्ती सैफुर्रहमान कासमी ने हज के फजायल को विस्तार से बयान किया। इस बार मस्तूरात में जिला हज ट्रेनर अलीमा शमामा परवीन और हज्जिन नुसरत जबीन ने औरतों की मसाइले हल किया। आए हुए लोगों का शुक्रिया कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट अल्तमश नाजिम अंसारी ने किया। हज कमेटी के महासचिव हाजी मोईन अहमद खाँ ने हज के विशेष जानकारी प्रदान की। कमेटी के उपाध्यक्ष अल हाज डॉ0 आसिफ अनवार ने हाजियों को सफरे हज और स्वास्थ की अहम जानकारियां प्रदान किया। शाह सऊद ने जलसे का संचालन किया। इस जलसे में हाजी सादिक अली, हाजी मजहर, हाजी मोहम्मद हुसैन, डॉ0 तारिक उमर सिद्दीकी, हाजी अनीस, हाज्जिन शमाम परवीन, हाज्जिन नुसरत जबीं, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद यासिर ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# प्रत्येक पात्र व्यक्ति का गोल्डन कार्ड प्राथमिकता पर बनाया जाये

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जन-सुनावई के दौरान जब पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख जब ग्राम बरहट नि. सत्यराम, आशाराम, राम नारायन, बाचाराम, विजयपाल, रामलखन, हरीराम ने विपक्षियों द्वारा दबंगई, गुण्डागर्दी के बल पर आम रास्ते पर निर्माण कार्य कर अवरोध उत्पन्न करने, गनेशपुर शरीफपुर नि. संजीव कुमार ने दबंगों द्वारा पैमाइश शुदा भूमि की मुड्डी उखाड़कर जबरन कब्जा किये जाने, ग्राम आसपुर नि. केला देवी ने विपक्षियों द्वारा सरकारी आवास को तोड़कर अनाधिकृत कब्जा किये जाने, करीमगंज नि. आशुष पाण्डेय ने आमरास्ते पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाने, ग्राम खिरिया नि. विनोद कुमार ने गाटा संख्या-7249 पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किये जाने, ब्योंति नि. राजेश कुमार गुप्ता ने गाटा संख्या-1396 पर किये गये अनाधिकृत कब्जे को हटवाने, मु. गाड़ीवान नि. संध्या गुप्ता ने गाटा संख्या-637 पर किये गये कब्जे को खाली कराये जाने की शिकायत अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से की, जिस पर उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि सार्वजनिक, निजी भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रही हैं, पक्की पैमाइश के बाद भी दबंगों द्वारा मुड्डी उखाड़कर कब्जा किया जा रहा है, बार-बार निर्देशों के बाद भी अनाधिकृत कब्जा करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए, कमजोर वर्ग के लोगों की भूमि पर कोई दबंग काबिज न हो।



पर्यटन मंत्री ने खरगजीत नगर नि. पूजा देवी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने की मांग पर कहा कि जिन पात्र व्यक्तियों के गोल्डन कार्ड बनने से शेष हैं, उनके प्राथमिकता पर गोल्डन कार्ड बनाये जायें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें योजना का लाभ मिल सके, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिन पात्र व्यक्तियों के गोल्डन कार्ड जारी किये गए हैं, उन्हें इम्पैनल्ड चिकित्सालयों में निःशुल्क बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं, किसी भी गोल्डन कार्ड धारक को स्वास्थ्य सेवाएं पाने में किसी भी स्तर पर असुविधा का सामना न करना पड़े, जो इम्पैनल्ड चिकित्सालय गोल्डन कार्ड धारकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में लापरवाही बरतें उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि जन-सुनवाई में प्राप्त शिकायतों का 01 सप्ताह के भीतर निस्तारण कर संबंधित अधिकारी, उप जिलाधिकारी के माध्यम से आख्या प्रस्तुत करें, आमजन की शिकायतों का समयबद्व, गुणवत्तापरक निराकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जा रही है इसलिए सभी अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मान जन-शिकायतों का निदान करें। आज जन-सुनवाई के दौरान ग्राम अंगदपुर नि. सरोज देवी ने दबंगों द्वारा मकान निर्माण में अवरोध उत्पन्न करने, मु. हरीपुरम नि. गीता देवी ने पति की मृत्युपरांत ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित कर घर से निकाले जाने, ग्राम पडुरा नि. जवाहर लाल ने भूमि की पैमाइश कराये जाने, ग्राम पंचायत बलारपुर-रामनगर नि. लखमी चन्द्र ने क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन, पोल को बदलवाये जाने, ग्राम घमुर्रा नि. बृजेश कुमार ने दबंगों द्वारा घर में जबरदस्ती घुस कर मारपीट कर घर का सामान क्षतिग्रस्त करने, रमईहार नि. चन्द्रप्रकाश ने विपक्षियों द्वारा धोखाधड़ी कर प्लाट के स्थान पर पूरी जमीन का बैनामा करने, ग्राम जलालपुर नि. सुनील कुमार ने नक्शा दुरूस्ती की पत्रावली के निर्णय तक कोई कार्यवाही न करने तथा मौके पर यथास्थिति बनाये रखने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिन्हे सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल गुणवत्तापरक निराकरण हेतु उपलब्ध कराया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, बबलू पाण्डेय, उदय चौहान, हितेन्द्र शेखर, शिव प्रताप, अमित गुप्ता, लालू जादौन, अर्जुन चौहान, प्रवेश शर्मा के अलावा उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1.; ई–प्रापण निविदा सं.:** उप मु०ई०–नि०–गोण्डा–02–2026 क्लोजिंग दिनांक 23.02.2026; **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा–बुढ़वल तीसरी लाइन परियोजना के अन्तर्गत गोण्डा कचहरी–करनैलगंज–घाघराघाट खण्ड के कमीशनिंग के पश्चात पैदल उपरिगामी पुल, लघु पुलों, प्लेटफॉर्म एवं अन्य विविध कार्यों के बकाया कार्यों का सम्पादन।; **अनुमानित निविदा मूल्य(₹):** ₹9,71,76,751.30; **बयाना राशि (₹):** ₹6,35,900/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 00; **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 (छः) माह। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि–दिनांक 09.02.2026। • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि– दिनांक 23.02.2026 को 15:00 बजे तक। • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 23.02.2026 को 15:30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे। **श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, सकापाई/नि०/गोण्डा–I, मो० 9794844286.**

उप मुख्य इंजी०/नि० गोण्डा

मुजाधि/डब्ल्यू–441

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **नि० सूचना संख्या – 10 वर्ष 2026,** कार्य का विवरण : GKP और LJN स्टेशनों पर मौजूदा पुराने सीसीटीवी कैमरों को नए और नवीनतम सीसीटीवी कैमरों से बदलाव।, अनुमानित लागत : ₹ 2,41,75,400.77, बयाना राशि : ₹ 2,70,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू. 00.00, कार्य समापन अवधिः 150 दिन, **नि० सूचना संख्या – 11 वर्ष 2026,** कार्य का विवरण : नकाहा जंगल–सुभागपुरः– LJN डिवीजन के अंतर्गत SSE/Sig/GKP और GD के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 13 इंटरलॉक्ड ट्रैफिक गेट पर ELB की व्यवस्था।, अनुमानित लागत : ₹ 1,75,06,882.16, बयाना राशि : ₹ 2,37,500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू. 00.00, कार्य समापन अवधिः 06 माह, (1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय : **24.02.2026 को 15.00 बजे।** **नोटः**– इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

वमसिदूई/पूउरे/लखनऊ

मुजाधि/सिगनल - 92

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# बजट के बीच कर्मचारी संगठन ने दी 12 फरवरी को हड़ताल की धमकी

**नई दिल्ली।** देश के 1.1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय सरकारी कर्मचारी और पेंशनधारक रविवार को पेश होने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 से 8वें वेतन आयोग को लेकर किसी बड़े संकेत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। सभी की नजर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण पर रहेगी कि क्या वेतन और पेंशन बढ़ाने की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा।

लेकिन इसी बीच सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारियों और पेंशनरों की एक प्रमुख संस्था, कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स ने कैबिनेट सेक्रेटरी को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि अगर 8वें वेतन आयोग और अन्य मुद्दों पर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे 12 फरवरी, 2026 को एक दिन की हड़ताल करेंगे।

**12 फरवरी को हड़ताल करेंगे केंद्रीय कर्मचारी?**

लेटर में CCGEW के सेक्रेटरी जनरल एसबी यादव ने बताया कि CCGEW से जुड़े संगठनों के कर्मचारी 12 फरवरी, 2026 को एक दिन की हड़ताल में हिस्सा लेंगे। कर्मचारी समूह ने 8वें वेतन आयोग और दूसरे मामलों से जुड़ी मांगों की

**बहाल**

**CCGEW ने मांग की है कि केंद्र सरकार नेशनल पेंशन सिस्टम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम को खत्म करें और सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करे।**

एक लिस्ट दी है, जो इस प्लान की गई हड़ताल का आधार है।

कर्मचारी संगठन ने कैबिनेट सेक्रेटरी को पत्र लिखकर 8वें CPC के ToR में बदलाव करने की मांग की है, जिसमें कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन में संशोधन पर कॉन्फेडरेशन और जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी की नेशनल काउंसिल (स्टाफ साइड) द्वारा दिए गए सुझावों/विचारों को शामिल किया जाए।

इसमें 50% महंगाई भत्ता/महंगाई राहत को बेसिक सैलरी/पेंशन के



साथ मिलाने और 1 जनवरी, 2026 से 20% सैलरी/पेंशन को अंतरिम राहत के तौर पर देने के लिए लिखा गया है।

CCGEW ने मांग की है कि केंद्र सरकार नेशनल पेंशन सिस्टम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम को खत्म करें और सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करे।

कर्मचारी संगठन का कहना है कि रिटायरमेंट की तारीख और सेंट्रल पे कमीशन की मानी गई सिफारिशों जैसे फैक्टर्स के आधार पर पेंशन पाने वालों के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

कर्मचारी संगठन चाहता है कि सरकार अनुकंपा नियुक्ति पर लगाई गई 5% की सीमा को हटा दे और मृत कर्मचारियों के बच्चों/आश्रितों को सभी मामलों में अनुकंपा नियुक्ति दे।

**कब लागू होगा 8वां वेतन आयोग?**

वित्त वर्ष 2026-27 में वेतन और पेंशन बढ़ोतरी को पूरी तरह लागू किया जाना अभी मुश्किल माना जा रहा है। बजट के दिन 8वें वेतन आयोग के औपचारिक गठन को केवल तीन महीने ही पूरे हुए होंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आयोग को अपनी रिपोर्ट देने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है। ऐसे में यह संभावना कम है कि वित्त वर्ष 2026-27 में वेतन और पेंशन बढ़ोतरी लागू हो पाए।

अगर बजट में वेतन और पेंशन बढ़ोतरी से सरकार पर पड़ने वाले खर्च के लिए अलग से राशि का प्रावधान किया जाता है, तो इससे यह संकेत मिल सकता है कि सरकार इस प्रक्रिया को तेज करना चाहती है। अगर ऐसा होता है, तो वेतन आयोग कर्मचारियों और अन्य संबंधित पक्षों से बातचीत की प्रक्रिया तेज कर सकता है और तय समय से पहले ही अपनी रिपोर्ट सौंप सकता है।

फिलहाल आयोग की रिपोर्ट की आखिरी तारीख मई 2027 है। जब भी नया वेतन आयोग लागू होता है, तो महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत को पहले शून्य कर दिया जाता है और फिर धीरे-धीरे बढ़ाया जाता है। रिपोर्ट की मानें तो 8वां वेतन आयोग 2027 के अंत या फिर 2028 की शुरुआत में लागू हो सकता है।

# टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में 574 CKM लंबी 765 kV मैनपुरी बारा और मैनपुरी-उन्नाव ट्रांसमिशन लाइनों को चालू

**नई दिल्ली।** भारत की एक सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी, टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण 765 kV एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (EHV) ट्रांसमिशन कॉरिडोर सफलतापूर्वक शुरू किए हैं। यह कदम उत्तरी क्षेत्र के बिजली ट्रांसमिशन नेटवर्क को मज़बूत करने और पूरे राज्य में ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

हाल ही में चालू किए गए ये कॉरिडोर 380 सर्किट किलोमीटर लंबा मैनपुरी-बारा और 194 सर्किट किलोमीटर लंबा मैनपुरी-उन्नाव साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड परियोजना के तहत विकसित किए गए हैं। ये टाटा पावर के बढ़ते राष्ट्रीय ट्रांसमिशन पोर्टफोलियो का एक हिस्सा हैं। ये दोनों लाइनें मिलकर उत्तर प्रदेश और उत्तरी ग्रिड में बिना किसी रुकावट के बिजली पहुँचाने के लिए एक मजबूत आधार का काम करेंगी।

यह प्रोजेक्ट रिसर्जेंट पावर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अधिग्रहीत की गई है, जो टाटा पावर, आईसीआईसीआई बैंक और वैश्विक निवेशकों के नेतृत्व में एक संयुक्त उद्यम है। किसी कारणवश रुके हुए बिजली प्रोजेक्ट्स को अधिग्रहण करके उबारने की कोशिश का यह एक हिस्सा है। एक बार पूरी तरह चालू हो जाने पर, ये दोनों कॉरिडोर राज्य के भीतर पैदा होने वाली 3,000 मेगावाट से अधिक थर्मल पावर की निकासी में सुविधा प्रदान करेंगे, जिससे ग्रिड की स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार होगा और उत्तर प्रदेश के दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा उद्देश्यों को समर्थन मिलेगा।

इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए उच्च स्तर की इंजीनियरिंग और भारी मात्रा में मशीनरी व जनशक्ति का उपयोग किया गया। टावरों को बनाने के लिए 42,000 मीट्रिक टन से अधिक स्टील का उपयोग हुआ और 6,900 किलोमीटर लंबी बिजली की तारें बिछाई गईं। लाइनों को बिछाने के दौरान 100 से अधिक ऐसी जगहें आईं जहाँ उन्हें रेलवे लाइनों, नदियों और पहले से मौजूद बिजली की लाइनों के ऊपर से गुजारना पड़ा। ये बिजली की लाइनें जंगली इलाकों से भी गुज़री हैं, इसलिए इनका निर्माण पर्यावरण और सरकारी नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए किया गया है।

इतनी बाधाओं के बाद भी, टाटा पावर ने अपनी बेहतरीन क्वालिटी और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए इस काम को पूरा किया, और ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी साख और योग्यता को और मज़बूत किया है। टाटा पावर ने यह साबित कर दिया है कि वह बड़े और जटिल प्रोजेक्ट्स को सुरक्षित और सही तरीके से निभाने में सक्षम है।

इन दो 765 kV कॉरिडोर के शुरू होने के साथ, टाटा पावर की कुल परिचालन ट्रांसमिशन लाइनें अब 5,312 सर्किट किलोमीटर हो गई हैं, जबकि 1,997 सर्किट किलोमीटर का काम अभी चल रहा है। यह दिखाता है कि भारत के बिजली नेटवर्क को आधुनिक बनाने में टाटा पावर बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है। आज के समय में देश की तरक्की के लिए बिजली के इस नेटवर्क को मज़बूत करना बहुत ज़रूरी है।

# आधार हाउसिंग फाइनेंस ने 20% से अधिक एयूएम और लाभ वृद्धि हासिल की

**लखनऊ।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की अवधि के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए। कंपनी की नौ महीने की मजबूत प्रगति इस वर्ष के लिए दिए गए एयूएम और लाभ मार्गदर्शन को प्राप्त करने के प्रति उसके आत्मविश्वास को मजबूत करती है। पिछले अवधि के सेवा लागत से संबंधित नए श्रम संहिता के प्रभाव को छोड़कर, जो 16 करोड़ (कर सहित 12 करोड़) है। इसमें मई 2024 में 1000 करोड़ के प्राथमिक निवेश का निम्न आधार प्रभाव शामिल है।

**प्रदर्शन की मुख्य बातें- Q3 और 9M FY26**

प्रबंधन के अंतर्गत परिसंपत्तियां (एयूएम) 31 दिसंबर, 2025 को सालाना आधार पर 20% बढ़कर 28,790 करोड़ हो गईं, जबकि 31 दिसंबर, 2024 को यह 23,976 करोड़ थीं। 31 दिसंबर, 2025 तक कुल ऋण खातों की संख्या 3,24,000 से अधिक हो गई।

कर पश्चात लाभ में वार्षिक

**प्रभाव**

**पिछले अवधि के सेवा लागत से संबंधित नए श्रम संहिता के प्रभाव को छोड़कर, जो 16 करोड़ (कर सहित 12 करोड़) है।**

आधार पर 20% की वृद्धि हुई और यह वित्त वर्ष 2025 के 9वें वित्त वर्ष 2026 में 797 करोड़ तक पहुंच गया, जो 667 करोड़ था।

कर पश्चात लाभ में वार्षिक आधार पर 23% की वृद्धि हुई और यह वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही 239 करोड़ से बढ़कर 294 करोड़ हो गया। 31 दिसंबर, 2025 तक कुल संपत्ति 7,185 करोड़ रही।

वित्तीय वर्ष 2026 के 9 महीनों में परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) 4.4% रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2025 के 9 महीनों में यह 4.3% था। इक्विटी पर प्रतिफल



(आरओई) वित्तीय वर्ष 2026 के 9 महीनों में 15.6% रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2025 के 9 महीनों में यह 16.8% था। 31 दिसंबर 2025 तक सकल निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 1.38% रहीं, जबकि 31 दिसंबर 2024 तक यह 1.36% थीं। उपरोक्त प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, एमडी और सीईओ श्री ऋषि आनंद ने कहा आधार हाउसिंग फाइनेंस ने वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में अपनी मजबूत विकास गति को बरकरार रखा है, जिससे कम आय वाले आवास वित्त क्षेत्र में हमारी नेतृत्व स्थिति और मजबूत हुई है। हमारी रणनीतिक शहरी और उभरते शाखा मॉडल से महत्वपूर्ण परिणाम मिल रहे हैं, क्योंकि हम वंचितों की सेवा करने के लिए 621 से अधिक शाखाओं में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहे हैं। 31 दिसंबर, 2025 तक हमारी परिसंपत्ति बकाया राशि 28,790 करोड़ थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20% की वृद्धि दर्शाती है। वित्त वर्ष 2026 के नौ महीनों के लिए कर पश्चात लाभ में भी पिछले वर्ष की तुलना में 20% की वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 797 करोड़ हो गया है। वर्तमान व्यापक आर्थिक परिदृश्य निम्न-आय वर्ग के आवास क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण अनुकूल परिस्थितियां प्रदान करता है, साथ ही जीएसटी 2.0 ढांचे के निरंतर लाभ, जो डेवलपर्स के लिए निर्माण लागत को कम करता है, आवास बाजार को 2026 में मजबूत स्थिति में रखता है।

# रियलमी ने भारत में अपना नया ब्रांड रियलमी पी4 पावर 5जी लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** युवाओं के बीच लोकप्रिय ब्रांड रियलमी ने भारत में अपना नया ब्रांड रियलमी पी4 पावर 5जी लॉन्च किया है, जो देश का पहला और अब तक की सबसे बड़ी 10,001mAh बैटरी के साथ आता है। कंपनी का दावा है कि यह बैटरी इनोवेशन के क्षेत्र में नई मानक स्थापित करना चाहती है। फोन की बड़ी बैटरी सिर्फ 9.08 मिमी और वजन 219 ग्राम है।





रियलमी पी4 पावर 5जी में मीडियाटेक डाइमेंशन 7400 अल्ट्रा 5जी ग्राफिक्स, हाइपरविजन + एआई चिप और 144H5 4D कर्व्ड AMOLED डिस्प्ले दिया गया है। यह डिस्प्ले 6500 निट्स तक पीकनेस ब्राइट और 1.07 कलर कलर्स को सपोर्ट करता है। फ़ोन में 80W फ़ास्ट रिक्रायरमेंट के साथ 27W फ़ास्ट रिक्रायरमेंट भी दिया गया है। कंपनी के मुताबिक, यह फोन 36 मिनट में 50% तक चार्ज हो जाता है। बैटरी को 1650 चार्ज साइकल और 8 साल तक 80% स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पर 4 साल की बैटरी भी मिलती है।

डिज़ाइन के मामले में यह फोन पर्ल अकादमी के सहयोग से ट्रांसव्यू कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जिसमें ट्रांसऑरेंज, ट्रांससिल्वर और ट्रांसब्लू कलर विकल्प शामिल हैं। फ़ोन IP69, IP68 और IP66 लाइटनिंग, गोरिल्ला ग्लास और आर्मरशेल सुरक्षा के साथ आता है। यह 8GB+128GB, 8GB+256GB और 12GB+256GB अलग-अलग वेरिएंट में उपलब्ध होगा। पहली सेल में इसकी शुरुआती कीमत 23,999 रखी गई है। बैंक और ऑफर के साथ 5,999 रुपये तक का लाभ मिलेगा। 5 फरवरी से रियलमी.कॉम, इलेक्ट्रॉनिक्स और ट्रेडिशनल स्टोर्स की बिक्री शुरू होगी।

रियलमी ने अपने साथ रियलमी बड्स क्लिप भी पेश किया है, जो क्लिप-स्टाइल डिजाइन के साथ 11mm डुअल ड्राइवर, 3D स्पेलिस्टिक ऑडियंस, AI ENC कॉलिंग और 36 घंटे की बैटरी लाइफ देता है। इनकी कीमत 5,999 है, जबकि पहली सेल में 5,499 उपलब्ध होगी। यह 5 से 7 फरवरी तक ऑनलाइन और नेशनल स्टोर्स पर उपलब्ध रहेगा।

साथ ही कंपनी ने रियलमी टेकलाइफ 45W केबल्ड पावर बैंक (20,000mAh) भी लॉन्च किया है, जिसमें 45W फास्ट फास्टैग और तीन प्लेयर्स पोर्ट हैं। यह मार्च से 2,799 में उपलब्ध होगा। रियलमी का यह लॉन्च बैटरी, डिजाइन और सैटेलाइट एक्सपीरियंस के मामले में नया ट्रेंड सेट जारी कर रहा है।

## दिवाला समाधान मामलों में देरी चिंता का सबब

**नई दिल्ली।** आगामी केंद्रीय बजट में सरकार को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। इससे दिवाला मामलों का निपटारा तेज और प्रभावी हो पाएगा। यह बात अनूप रावत, नेशनल प्रैक्टिस हेड, ने कही।

रावत ने कहा कि इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड को तुरंत मजबूत करने के लिए सबसे जरूरी कदम एनसीएलटी में इंफ्रास्ट्रक्चर और बेंचों की संख्या बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हमें एनसीएलटी में ज्यादा से ज्यादा बेंचों की जरूरत है। इससे मामलों के निपटारे की रफ्तार बढ़ेगी। रावत ने कहा कि आईबीसी लागू होने के बाद निवेशकों का भरोसा काफी बढ़ा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार आर्थिक हालात के अनुसार कोड में समय-समय पर संशोधन करती रही है चाहे वह महामारी जैसी परिस्थितियां हों या फिर कर्जदाताओं और अन्य हितधारकों की अपेक्षाएं।

# उत्तर भारत में लिवर ट्रांसप्लांट में बढ़ोतरी, जागरूकता और लिविंग डोनेशन से मिल रहा बल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लिवर से जुड़ी बीमारियां तेजी से एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही हैं। इसी बीच मरीजों और उनके परिवारों की सोच में एक साफ बदलाव दिख रहा है। अब लोग लिवर ट्रांसप्लांट को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हैं। समय पर जांच, सही सलाह और लिविंग लिवर डोनेशन को लेकर बढ़ती स्वीकार्यता के कारण मरीज ट्रांसप्लांट के लिए पहले पहुंच रहे हैं और निर्णायक उपचार की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

इलाज की इस बड़ी जरूरत को देखते हुए अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने लिवर से जुड़ी सभी सेवाओं, विशेषज्ञों और आधुनिक सुविधाओं को एक ही छत के नीचे एकजुट किया है। यहां जांच से लेकर दवाओं द्वारा इलाज, जटिल हेपेटो-पैंक्रियाटो-बिलियरी सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट तक की पूरी सुविधा उपलब्ध है। देश में हर साल करीब 2.5 से 3 लाख लोगों की मौत लिवर रोग और सिरोसिस के कारण होती है। यह बीमारी अब देश में मौत का 8वां बड़ा कारण बन चुकी है, जबकि एक दशक पहले यह 10वें स्थान पर थी। उत्तर प्रदेश में स्थिति और भी चिंताजनक है। देश की करीब 17% आबादी यहां रहती है, लेकिन हर साल अनुमानित 50,000 से 60,000 लोगों की मौत लिवर से जुड़ी बीमारियों से हो जाती है। इसके मुकाबले पूरे प्रदेश में सालाना केवल 200 से 250 लिवर ट्रांसप्लांट ही हो पाते हैं, जिनमें से अधिकांश एनसीआर में होते हैं। प्रदेश में गिने-चुने ही लिवर ट्रांसप्लांट सेंटर हैं, जिसके कारण बड़ी संख्या में मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है।

डॉ. अभिषेक यादव, सीनियर डायरेक्टर और प्रमुख, लिवर ट्रांसप्लांट व एचपीबी सर्जरी,अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने बताया, समस्या को और गंभीर बनाती है फैटी लिवर डिजीज, जो अब 30 से 35% आबादी को प्रभावित कर रही है और कुछ क्षेत्रों में यह आंकड़ा 50% तक पहुंच चुका है। यह बीमारी अक्सर बिना लक्षणों के धीरे-धीरे सिरोसिस और लिवर फेल्योर तक पहुंच जाती है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि अब एक सकारात्मक बदलाव भी दिख रहा है।

# हयात प्लेस बुटवल ने भारतीय डेस्टिनेशन वेडिंग मैप पर नेपाल को दिलाई नई पहचान



**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे भारतीय कपल्स अपनी डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए एक्सॉटिक और इंटिमेट वेन्यूज़की तलाश बढ़ा रहे हैं, वैसे-वैसे नए और खास स्थानों की मांग भी तेज़ी से बढ़ रही है।हिमालय की तलहटी में स्थितहाल ही में शुरू हुआ प्रीमियम होटलहयात प्लेस बुटवलइस ट्रेंड को नया आयाम दे रहा है। यहबुटवल शहर का पहला अंतरराष्ट्रीय ब्रांडेड फाइव-स्टार होटलहै, जो भारतीय कपल्स के लिए एकड्रीम डेस्टिनेशन वेडिंग लोकेशनके रूप में तेजी से उभर रहा है। तुषार नागर, जनरल मैनेजर, हयात प्लेस बुटवलने कहा भारतीय परिवार शादियों कोभव्य, बहु-दिवसीय उत्सवके रूप में अपनों के साथ मिलकर मनाते हैं, जहांमेहंदी और संगीत से लेकर फेरे और रिसेप्शन तक हर रस्मसाथ होने की गर्मजोशी में संजोई जाती है, उन्होंने आगे कहा, हयात प्लेस बुटवलमें हम हर छोटी बड़ी जरूरतों पर खास ध्यान देते हैं, ताकि ये खास पलअविस्मरणीय यादोंमें बदल सकें और इसी वजह से हम इन यादगार समारोहों के लिएएक आदर्श डेस्टिनेशन बनते हैं। होटल में कुल109 सुसज्जितकमरे और सुइट्स हैं, जो दोनों परिवारों के सदस्यों को आरामदायक ठहराव की सुविधा प्रदान करते हैं। होटल काभव्य ग्रैंड बॉलरूम (444.55 वर्ग मीटर)एक साथ500 मेहमानोंके बैठने की क्षमता रखता है। इसके अलावा, यहांछोटे बैंक्वेट हॉल्स, निजी प्री-फंक्शन एरिया और 466 वर्ग मीटर का ओपन-एयर लॉनभी उपलब्ध है, जहां कपल्समेहंदी, संगीत, फेरे, कॉकटेल पार्टी और रिसेप्शनजैसे भव्य भारतीय वेडिंग फंक्शन्स का आयोजन कर सकते हैं। ये सभी बहुउपयोगी वेन्यूज़प्रोफेशनल इवेंट प्लानिंग, कस्टमाइज़्ड और क्यूरेटेड मेन्यू, तथापरिवारों को अनुकूल सुविधाएंप्रदान करते हैं। साथ ही, वेडिंग पार्टी के खूबसूरती से सजाए गए कमरे इस खास मौके को और भी यादगार बना देते हैं।

# आईएचसीएल की पहल पथ्य को आईएमडी बिज़नेस स्कूल लूज़ान स्विटज़रलैंड की एक विस्तृत केस स्टडी में शामिल किया गया

सस्टेनेबल और दायित्वपूर्ण आतिथ्य हेतु की गई इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) की पहल पथ्य को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी बिज़नेस स्कूल) लूज़ान स्विटज़रलैंड की एक विस्तृत केस स्टडी में शामिल किया गया है। यह स्टडी सस्टेनेबिलिटी के लिए आईएचसीएल के संरचित तरीके और व्यापार रणनीतिक में इसके एकीकरण की पड़ताल करती है।

आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष मानव संसाधन श्री गौरव पोखरियाल ने कहा भारत की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में अग्रदूत के तौर पर आईएचसीएल ने इस क्षेत्र में कई मानक स्थापित किए हैं, जो लगातार विकसित हो रहे हैं। आज, हॉस्पिटैलिटी को सस्टेनेबल बनाना एक साझा ज़िम्मेदारी है। पथ्य एक ऐसे भविष्य की राह है जहां वृद्धि और ज़िम्मेदारी साथ-साथ चलें। हमने अपने 2030 के लक्ष्यों की ओर सार्थक रूप से आगे बढ़ते हुए





उल्लेखनीय तरक्की की है; 70 से ज्यादा बॉटलिंग प्लांट, 51 प्रतिशत पानी रीसायकल, 41 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से और साझेदारियां कर के 73 कौशल केन्द्र को सक्षम बनाया है, जिन्होंने 35,000 से अधिक वंचित युवाओं को प्रशिक्षित किया है।

उन्होंने कहा आईएमडी जैसे बड़े वैश्विक संस्थान द्वारा आईएचसीएल के पथ्य फ्रेमवर्क को अपने अध्ययन में शामिल किया जाना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह पहचान हमारे कारोबार के मूल में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करने में हमारी टीमों के सम्मिलित प्रयास को दर्शाती है।

आईएचसीएल अपने उद्देश्य के अनुसार दक्षिण एशिया का सबसे आइकॉनिक, ज़िम्मेदार और लाभकारी हॉस्पिटैलिटी ईको-सिस्टम बनने के विज़न के साथ बदलाव के सफर पर अग्रसर है।

प्रोफेसर फ्लोरियन हूस और केस स्टडी के लेखक श्री मनोजकुमार सेल्वराज सुश्री हर्षा डोड्डीहाल श्री पीटर दम्यानोव ने कहा आईएचसीएल केस स्टडी सेवा-चालित उद्योग में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करने की कठिन और पथ्य जैसी स्ट्रक्चर्ड अप्रोच के महत्व को दिखाती है।

## जल्द आ रही है: प्राइवेसी की एक नई लेयर

हमारे फ़ोन हमारी सबसे पर्सनल जगह होते हैं, लेकिन हम उन्हें सबसे कम प्राइवेट जगहों पर इस्तेमाल करते हैं। बस में, लिफ्ट में, और जहाँ भी हम लाइन में इंतज़ार कर रहे होते हैं, हमारी डिजिटल बातें सबके सामने आ जाती हैं। और जैसे-जैसे फ़ोन हमारी आदतों और पसंद के हिसाब से होते जा रहे हैं, प्राइवेसी को लेकर चिंताएँ बढ़ती जा रही हैं।

इसीलिए सैमसंग जल्द ही प्राइवेसी की एक नई लेयर पेश करेगा ताकि आप जहाँ भी जाएँ, आपका फ़ोन शोल्डर सर्फिंग से सुरक्षित रहे। आपको पब्लिक ट्रांसपोर्ट में अपने मैसेज चेक करने या पासवर्ड डालने के लिए जगह मिलेगी, बिना यह सोचे कि कौन देख रहा है।

हर किसी को एक ही लेवल की प्राइवेसी की ज़रूरत नहीं होती। यह नई लेयर आपको यह चुनने का मौका देती है कि आपके लिए सबसे अच्छा क्या काम करता है। आप इसे खास ऐप्स के साथ या अपने फ़ोन के ज़्यादा प्राइवेट हिस्सों के लिए एक्सेस डिटेल्स डालते समय अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए कस्टमाइज़ कर सकते हैं। विज़िबिलिटी को एडजस्ट करने के लिए कई सेटिंग्स के साथ, आप अपनी ज़रूरत के प्राइवेसी प्रोटेक्शन लेवल के आधार पर यह सीमित कर सकते हैं कि दूसरे क्या देख सकते हैं।

आप अपने अनुभव के खास हिस्सों, जैसे कि नोटिफिकेशन पॉप-अप को भी सुरक्षित रखना चुन सकते हैं। यह एक कस्टमाइज़्ड तरीका है जिसे आप ठीक कर सकते हैं या पूरी तरह से बंद कर सकते हैं, न कि कोई आम तरीका। यहाँ तक पहुँचने में पाँच साल से ज़्यादा की इंजीनियरिंग, टेस्टिंग और सुधार लगा। हमने स्टडी किया कि लोग अपने फ़ोन का इस्तेमाल कैसे करते हैं, वे किसे प्राइवेट मानते हैं, और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सुरक्षा कैसी महसूस होनी चाहिए। नतीजा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का एक ऐसा मेल है जिसे आपको परेशान किए बिना आपकी सुरक्षा के लिए बेहतरीन तरीके से कैलिब्रेट किया गया है।

# बच्चों और परिवारों में स्वस्थ आदतें विकसित करने की पहल

**सेसमी वर्कशॉप और एबॉट का संयुक्त प्रयास**

**लखनऊ।** सेसमी स्ट्रीट के पीछे काम करने वाली वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था सेसमी वर्कशॉप ने स्वास्थ्य सेवा कंपनी एबॉट के सहयोग से भारत में बच्चों और परिवारों के लिए स्वस्थ आदतों से जुड़े नए संसाधनों की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य बचपन से ही पोषण, शारीरिक गतिविधि और अच्छी नींद जैसी स्वस्थ दिनचर्या को बढ़ावा देना है, ताकि बच्चों के जीवनभर के स्वास्थ्य की मज़बूत नींव रखी जा सके और भविष्य में बीमारियों का खतरा कम हो।

भारत में इस कार्यक्रम के तहत एबॉट और सेसमी वर्कशॉप द्वारा हिन्दी भाषा में स्वास्थ्य से जुड़ी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे परिवारों के लिए इन बातों को समझना और अपनाना आसान हो सके। यह कार्यक्रम भारत की स्थानीय संस्कृति, समुदाय और बच्चों व देखभाल करने वालों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

इस पहल के अंतर्गत 'एल्मोज़ वर्ल्ड- डांस पार्टी' नामक एक विशेष पारिवारिक कार्यक्रम हिन्दी में भारत के यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया गया है। इसमें सेसमी स्ट्रीट के लोकप्रिय पात्र, संगीत और मज़ेदार गतिविधियाँ शामिल हैं, जो बच्चों और अभिभावकों को मिलकर स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

इस कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ 20 जनवरी को लखनऊ में महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरकार, सेसमी वर्कशॉप इंडिया, एबॉट इंडिया और स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह आयोजन जमीनी स्तर पर बचपन से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा



में एक अहम कदम है।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वस्थ आदतों से जुड़े विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराए गए। इससे यह स्पष्ट होता है कि समुदाय और सरकारी सहयोग स्वस्थ व्यवहार को आगे बढ़ाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन संसाधनों में सेसमी स्ट्रीट के पात्रों के माध्यम से खेल-आधारित सीख और आसान गतिविधियाँ शामिल हैं, जो बच्चों और माता-पिता दोनों के लिए उपयोगी हैं।

भारत में इस कार्यक्रम के तहत हिन्दी भाषा में कहानी की किताबें, गतिविधि पुस्तकें, योग गाइड, कैलेंडर, फ्लैशकार्ड और इंटरैक्टिव खेल उपलब्ध कराए गए हैं। ये संसाधन आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक मंचों और डिजिटल माध्यमों के ज़रिये परिवारों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं तक पहुँचाए जा रहे हैं।

शुभारंभ अवसर पर लीना जौहरी ने बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर समय रहते ध्यान देने की ज़रूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, सही दिनचर्या और सकारात्मक सोच जैसी आदतें बचपन से अपनाने पर बच्चे स्वस्थ और सशक्त बनते हैं। उन्होंने दूरदराज़ और वंचित क्षेत्रों में विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और मानसिक कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए सरकार, समुदाय, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के बीच सहयोग को आवश्यक बताया।

इस पहल पर प्रतिक्रिया देते हुए सेसमी वर्कशॉप इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर सोनाली खान ने कहा कि यदि स्वस्थ आदतें बचपन में विकसित की जाएँ, तो वे जीवनभर के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से वे आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर 10,000 से अधिक बच्चों और देखभाल करने वालों तक सीधे पहुँच बना रहे हैं, वहीं डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिये लाखों परिवारों से भी जुड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में चल रहे सरकारी कार्यक्रमों के साथ यह पहल पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास के प्रयासों को मज़बूत करती है।

# पडरौना में चंद्रयान की प्रेरणा से इतिहास रच रहा छोटा शहर

- देश की पहली अंतरिक्ष विज्ञान लैब की तैयारी

शकील अहमद


पडरौना में लैब की तैयारी का जायजा लेते अध्यक्ष विनय जायसवाल


लैब में रखा गया रॉकेट मॉडल

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** छोटे शहर, बड़े सपने कुशीनगर जिले के पडरौना नगर ने इसरो की चंद्रयान विजय की प्रेरणा से वैज्ञानिक इतिहास रचने की ठान ली है। नगर पालिका परिषद देश की पहली ऐसी नगर पालिका बनने जा रही है, जो अंतरिक्ष विज्ञान एवं इनोवेशन प्रयोगशाला स्थापित कर रही है। अध्यक्ष विनय जायसवाल की दूरदर्शी पहल से 90त्न तैयारी पूरी हो चुकी है। भवन चयन से लेकर उपकरण खरीद और डिजिटल सेटअप तक। जल्द ही नामी वैज्ञानिक इसका उद्घाटन करेंगे।÷यह भविष्य के वैज्ञानिकों की पाठशाला बनेगी÷।

बेशक ! जिला मुख्यालय पडरौना नगर अब सिर्फ प्रशासनिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विज्ञान और नवाचार के मानचित्र पर भी अपनी अलग छाप छोड़ने की तैयारी में है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल की दूरदर्शी सोच और पहल पर पडरौना शहर में अंतरिक्ष विज्ञान एवं इनोवेशन प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य तेज़ी से अंतिम चरण में पहुंच चुका है। खास बात यह है कि पडरौना देश की पहली नगर पालिका परिषद बन रही है जिसने इस स्तर पर अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित करने का साहसिक निर्णय लिया है। अब तक इस तरह की पहल निजी संस्थानों तक सीमित रही हैं, लेकिन नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने यह मिथक तोड़ते हुए छोटे शहरों की क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। बताया जाता है कि प्रयोगशाला की लगभग 90 फीसदी जमीनी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। भवन चयन, तकनीकी उपकरणों की खरीद, डिजिटल सेटअप और प्रशिक्षण मॉड्यूल की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जल्द ही देश के नामी-गिरामी वैज्ञानिकों द्वारा इसका औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा, जो अपने आप में नगर के लिए गौरव का क्षण होगा और उसके साक्षी बनेंगे पडरौना नगर के बाशिंदे।

### हम बच्चों को यहीं मंच देंगे ताकि वे बड़े सपने देखें, और यहीं से उड़ान भरे



पडरौना अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा, चंद्रयान ने साबित किया कि भारतीय प्रतिभा बेजोड़ है। हम कुशीनगर के बच्चों को यही मंच देंगे, ताकि वे बड़े सपने देखें और यहीं उड़ान भरें। प्रयोगशाला में स्पेस साइंस, रोबोटिक्स, एआई, मॉडल सैटेलाइट, 3डी प्रिंटिंग और इनोवेशन प्रोजेक्ट्स पर काम होगा। जूनियर हाई स्कूल में बन रही इस लैब का श्रेय पीएम मोदी के न्यू इंडिया विजन और सीएम योगी की नीतियों को देते हुए उन्होंने कहा, सपनों की कोई सीमा नहीं, बस सोच में उड़ान हो। शिक्षा जगत में जोश, युवाओं में नई उम्मीद स्थानीय शिक्षा प्रवीरों का मानना है कि यह क्रांतिकारी कदम छोटे शहरों की प्रतिभाओं को महानगरों जैसी सुविधाएं देगा। संसाधनों की कमी अब बाधा नहीं बनेगी, पडरौना विज्ञान के मानचित्र पर चमकेगा।

# यूजीसी के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन पदयात्रा निकाल सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता




**कसया, कुशीनगर।** यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) द्वारा लागू किए गए नए नियमों के विरोध में बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने कुशीनगर स्थित मुख्य द्वार से महाविद्यालय परिसर तक पदयात्रा निकालते हुए यूजीसी के नए कानून के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान छात्रों ने एकजुटता का परिचय देते हुए नारेबाजी की और नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

पदयात्रा के दौरान छात्रों ने यूजीसी रोल बैक करो, काला कानून वापस लो, सवर्णों को भी न्याय दो और छात्र एकता जिंदाबाद जैसे नारों के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की। छात्रों का कहना है कि यूजीसी के नए नियमों में कई खामियां हैं, जिनके कारण शिक्षण संस्थानों में असंतुलन और अन्याय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। छात्रों की प्रमुख मांग है कि नए कानून में झूठी शिकायतों पर रोक लगाने के लिए ठोस प्रावधान किए जाएं, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से प्रताड़ित न होना पड़े। इसके साथ ही छात्रों ने यह भी मांग की कि जांच समितियों का स्वरूप समावेशी हो, जिसमें सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे निष्पक्ष और पारदर्शी जांच संभव हो सके। छात्रों ने समान संरक्षण के अधिकार की भी मांग उठाई और कहा कि नियम ऐसे हों, जिनके अंतर्गत सभी वर्ग स्वयं को सुरक्षित और न्यायसंगत महसूस कर सकें।

छात्रों का आरोप है कि वर्तमान नियम एकतरफा हैं और इससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो सकता है। महाविद्यालय में प्राचार्य की अनुपस्थिति के कारण छात्रों ने दुर्गा द्विवेदी जी को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग करते हुए यूजीसी के नए नियमों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। इस विरोध प्रदर्शन में अनुज मिश्रा, आयुष तिवारी, राज मिश्रा, कृष्णा पाण्डेय, अभिनय सिंह, स्नेहिल मिश्रा, आकाश, प्रदीप, श्रेयांश, आदित्य शुक्ला, निक्कू शुक्ला, उज्जवल तिवारी, चन्दन तिवारी, रोहित, अमन तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। सभी छात्रों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

## विधायक ने किया पीपा पुल का उद्घाटन, गोमती नदी के किशनी घाट पर ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

**अमेठी।** शनिवार को विकासखंड बाजार शुकुल क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशनी में गोमती नदी के किशनी घाट पर पीपा पुल का उद्घाटन किया गया। विधानसभा 184 जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी ने इस पुल का भूमि पूजन और उद्घाटन किया।

मंगलवार व शनिवार को किशनी में बाजार लगता है। अयोध्या जिले से आने वाले लोगों को गोमती नदी पार करने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता था, जिसमें काफी समय लगता था।

पीपा पुल के निर्माण से अब लोगों को आवागमन में काफी सुगमता होगी और उनका समय भी बचेगा। और विधायक का कार्यकर्ताओ ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा : इस बार केंद्रों पर रहेगी एसटीएफ की नजर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** यूपी बोर्ड की आगामी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा की दृष्टि से आजमगढ़ जनपद को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जिसके चलते इस बार परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को और अधिक सख्त किया गया है। परीक्षा के दौरान स्थानीय पुलिस बल के साथ-साथ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की भी कड़ी नजर परीक्षा केंद्रों पर रहेगी।

बता दें कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी 2026 से प्रस्तावित हैं। इस वर्ष जिले में हाईस्कूल परीक्षा हाईस्कूल में 58611 और इंटर में 51922 परीक्षार्थी समेत कुल 110533 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षार्थियों की बड़ी संख्या को देखते हुए परीक्षा संचालन को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई है। जिले में बनाए गए 194 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी होगी। अति संवेदनशील और संवेदनशील घोषित केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। वहीं उड़नदस्तों के माध्यम से औचक निरीक्षण कर परीक्षा की शुचिता बनाए रखने की योजना है।

वर्तमान समय में इन परीक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी कीमत पर नकल या अनुचित साधनों का प्रयोग न होने पाए। जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि परीक्षा की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए जाने की भी तैयारी चल रही है।

# लक्ष्य सापेक्ष मार्च तक हर हाल पूर्ण करें आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संस्थागत प्रसव, आशा कार्यकत्रियों के भुगतान, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति, विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रम, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित निर्माण कार्य, नसबंदी, अंतरा इंजेक्शन, एईएस/जेई सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं में हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग में नव नियुक्त 24 एमबीबीएस चिकित्सकों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें बधाई दी गई तथा कार्य के प्रति सजग रहते हुए सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जन औषधि केंद्र संचालित करने वाले वेंडरों से वार्ता कर जन औषधि केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली गई तथा अवशेष केंद्रों की स्थापना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा में पाया गया कि आशा कार्यकत्रियों का भुगतान माह दिसम्बर तक कर दिया गया है। सीएचसी स्तर पर वाई-डिलेवरी से संबंधित विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में जानकारी ली गई, जिस पर एमओवाईसी द्वारा तकनीकी समस्या का उल्लेख करते हुए बताया गया कि उसका विवरण पंजिका में अंकित है।

इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चयनित 5-5 ग्रामों की सूची के अनुसार संबंधित पंजिका अगले सप्ताह कैम्प कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए। बैठक में गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं पंजीकरण प्रक्रिया को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मातृ मृत्यु (मेटर्नल डेथ) के मामलों में की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की गई तथा रिक्त पदों के सापेक्ष अवशेष भर्तियां शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

विभिन्न प्रकार के टीकाकरण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने इन्हें शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत 16 फरवरी से 27 फरवरी तक संचालित होने वाले विशेष अभियान के संबंध में आमजन को व्यापक रूप से जागरूक करने पर बल दिया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनपद में 15,40,233 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष अब तक लगभग 9,67,000 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष कार्ड मार्च माह तक अनिवार्य रूप से बनाए जाएं, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त रेफर किए जाने वाले मरीजों, डेथ ऑडिट, पोस्टमार्टम से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई तथा विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित प्रणाली के अंतर्गत अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ करें तथा किसी भी प्रकार की बहानेबाजी से बचते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में हुआ 965 गाडियों का चालान, 35.20 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया

- सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को बड़े समारोह के साथ हुआ माह का समापन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं को ए आर टी ओ ने पुरस्कार प्रदान किए

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत ए आर टी ओ महेंद्र बाबू और उनके अधीनस्थ अधिकारियों ने 31 दिन में कुल 962 गाडियों का चालान किया है। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान ओवर लोडिंग के आरोप में 56 वाहनों को सीज किया गया है और 35.20 लाख रु की राजस्व वसूली की गई है। शनिवार को ए आर टी ओ कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन किया गया। समापन के दौरान छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के संदेश दिए।

ए आर टी ओ महेंद्र बाबू ने बताया कि एक महीने के भीतर सीट बेल्ट न लगाने वाले 65वाहनों का चालान किया गया है। सड़क पर चलते समय मोबाइल से बातचीत करने वाले 36,शराब पीकर वाहन चलाने वाले 5,रांग साइड वाहन चलाने वाले 57,नो पार्किंग स्थल पर वाहन खड़े करने वाले 128,ओवर स्पीडिंग वाले 17और ओवर लोडिंग वाले 132वाहनों का चालान किया गया है।

अवैध रूप से संचालित दो बसों को बंद किया गया है। फिटनेस के अभाव में 128,रेफ्लक्टिंव टेप न?? लगाने वाले 15,बीमा खत्म होने के बाद भी बिना बीमा के सड़क पर चलने वाले 295वाहनों का चालान किया गया है।28लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। एक महीने के भीतर जन जागरूकता के लिए 31कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन दिवस पर उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय अमेठी के परिसर में वृहद सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा समिति के स्टेक होल्डर विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ-साथ जनपद में स्थापित स्कूलों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य, छात्र/छात्रा व मीडियाकर्मी एवं आम जनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा मंचासीन हेतु हुये सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित चित्रकला, गायन, भाषण एवं नाटक का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया गया जिनको सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) श्री महेन्द्र बाबू गुप्ता द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) महेन्द्र बाबू गुप्ता, क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक दिनेश कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, अधिशासी अभियन्ता प्रांतीय खण्ड शैलेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड रामेश चन्द्र, आईटीआई जायस के प्रधानाचार्य शिवाकांत द्विवेदी, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, यात्रीकर अधिकारी दिनेश कुमार रावत, उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अमेठी के कर्मचारी धर्मराज मिश्रा, प्रांजुल तिवारी, जय प्रकाश, शिवांशु , शिवम गौतम आदि मौजूद रहें।

## कप्तानगंज के प्रथम चेयरमैन रहे अशोक अग्रहरि की ट्रेन से कटकर मौत

- 1996 में कप्तानगंज के प्रथम चेयरमैन चुने गए थे अशोक अग्रहरि

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कप्तानगंज कस्बे में शनिवार को एक दुखद घटना घट गई। नगर के प्रथम चेयरमैन रहे अशोक अग्रहरि की दोपहर बाद कप्तानगंज-नरकटियागंज रेलवे मार्ग पर कप्तानगंज रेलवे ढाला से लगभग 800 मीटर दूर आउटर सिग्नल के पास ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई, वे 58 वर्ष के थे। इनके निधन पर शोक की लहर दौड़ गई।

बता दें कि अशोक अग्रहरि (58) वर्ष पुत्र रामाश्रय अग्रहरि 1996 में कप्तानगंज नगर पंचायत के प्रथम चेयरमैन चुने गए थे। वे समाजवादी पार्टी के सक्रिय नेता भी रहे। बीते चुनाव में उनकी पत्नी ऊषा देवी समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार थीं जो चुनाव हार गई थी। बताया जाता है कि वे सुबह घर से यह कह कर निकले थे कि अभी चौराहे से आ रहे है, लेकिन जैसे ही यह दुखद समाचार मिला तो घर में कोहराम मच गया। नगर के लोग समाचार सुनते रेलवे ट्रेक की तरफ दौड़ पड़े। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया। नगर के समाजवादी पार्टी के नेता ही नहीं आम जन इस घटना को दुखद बताया। इनके निधन पर राजनैतिक दलों समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य का भ्रमण 4 फरवरी को, महिला उत्पीड़न से संबंधित करेंगी समीक्षा

**कुशीनगर।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से आगामी 04 फरवरी को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती जनक नंदिनी द्वारा की जाएगी, जिन्हें कुशीनगर जनपद के लिए नामित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:00 बजे सर्किट हाउस, पड़रौना में विभागीय अधिकारियों से बैठक, 09:30 बजे महिला अस्पताल (पीएचसी/सीएचसी) का निरीक्षण, पूर्वाह्न 11:00 बजे विकास भवन/तहसील सभागार सदर में महिला जनसुनवाई, 12:30 बजे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, दोपहर 02:00 बजे पिंक बूथ, 02:30 बजे कसया ब्लॉक में जागरूकता जन चौपाल, आंगनबाड़ी, गोद भराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम तथा 03:30 बजे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। महिला जनसुनवाई में जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित उनके प्रतिनिधि, संबंधित क्षेत्राधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सश्रम कारावास

**कुशीनगर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट नंबर एक की अदालत ने शनिवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो लाख रुपए अर्थ दंड से दंडित भी किया। थाना रामकोला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 90/2024 धारा 376B, 323 भादवि0 में दोषी अभियुक्त के विरुध्द स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया, जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा शनिवार को अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ विग्गु पुत्र रामनरेश निवासी बरवा खुर्द टोला भरवापट्टी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिध्द करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 2,00,500 रु. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक निरीक्षक विनय कुमार सिंह, एसपीपी फूल बदन व अजय गुप्ता ( विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट नं. एक कुशीनगर), प्र0नि0 रामकोला धनवीर सिंह, पैरोकार राहुल का सराहनीय योगदान रहा है।

### मतदाता सूची से संबंधित कार्य को लेकर चलाया गया अभियान, भरवाएं गए फार्म संख्या-6



**अमेठी।** विधानसभा अमेठी के अंतर्गत नुवावा बूथ संख्या 112 एवं 113 पर संगठन के निर्देशानुसार मतदाता सूची से संबंधित कार्य को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' के बेटे आशुतोष सिंह राणा 'शिवा' के नेतृत्व में फार्म संख्या-6 भरवाने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। जानकारी के अनुसार बूथ संख्या 112 पर कुल 26 तथा बूथ संख्या 113 पर 16 बीएलए-2 के माध्यम से फार्म-6 भरवाए गए। सभी भरे हुए फार्म संबंधित बीएलए किरण मिश्रा एवं धर्मराज को विधिवत रूप से जमा कराए गए। इस अवसर पर आशुतोष सिंह राणा 'शिवा' ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार मतदाता सूची को सुदृढ़ और अद्यतन करना भाजपा की प्राथमिकता है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके।

## तमकुहीराज विधान सभा को सौगात, 27 ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण को हरी झंडी

अवधनामा संवाददाता



**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्थानीय विधायक डा असीम कुमार की पहल पर उत्तर प्रदेश सरकार ने क्षेत्र की 27 जर्जर ग्रामीण सड़कों के सामान्य मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से ग्रामीण इलाकों में आवागमन सुगम होने के साथ लोगों को सुरक्षित और बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।

तमकुहीराज विधायक डॉ असीम कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत लगभग 40 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण एवं नवीनीकरण किया जाएगा। इस कार्य पर करीब 6 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें से 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि जारी भी की जा चुकी है। जल्द ही संबंधित विभाग द्वारा कार्य प्रारंभ कराए जाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।विधायक ने कहा कि इन सड़कों के दुरुस्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और कृषि से जुड़े कार्यों में गति आएगी। गांवों को मुख्य मार्गों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और आमजन के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने इसे तमकुहीराज विधानसभा के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अहम कदम बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ्ङ्कसबका विकास के संकल्प के साथ निरंतर जनहित में कार्य कर रही है। क्षेत्रवासियों ने भी इस स्वीकृति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि वर्षों से जर्जर पड़ी सड़कों से जल्द राहत मिलेगी और विकास की रफ्तार और तेज होगी।

## नगर निगम की मिली भगत से नाले के उपर चल रहा होटल नूरी, थूक लगा रोटी बनाने पर हुआ था सील

**अवधनामा संवाददाता, अलीगढ़।** महानगर के थाना सासनी गेट अंतर्गत जयगंज पुलिस चौकी के नजदीक संचालित होटल नूरी जोकि नाले के उपर बना हुआ है। इस पर नगर निगम की महान कृपा है। इस होटल के कारण हर समय जाम बना रहता है वही स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

पूर्व में थूक लगाकर रोटी बनाने का एक वीडियो वायरल होने पर फूड विभाग ने होटल सील कर दिया था। परंतु 3 दिन बाद ही विभाग ने होटल की सील खोल दी और कोई कार्यवाही नहीं हुई। होटल के मालिक का कहना है कि मेरे उपर जयगंज चौकी के पुलिस कर्मियों का सहयोग है। मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय हैं कि वैसे तो नगर निगम अतिक्रमण करने वालो पर सख्त है तो इस होटल पर कार्यवाही क्यों नहीं होती जबकि यह नाले पर संचालित है। इससे होटल मालिक के हौसले बुलंद हैं।

## बाल श्रम मुक्ति लक्ष्य 2027 के उद्देश्य से जनजागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर के निर्देशानुसार राजबहादुर यादव, सहायक श्रमायुक्त, अम्बेडकरनगर द्वारा बाल श्रम जनपद मुक्त लक्ष्य-2027 एवं बाल विवाह मुक्त जनपद के उद्देश्य से संचालित जन-जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

उक्त जागरूकता रथ आगामी एक माह तक जनपद अम्बेडकरनगर के समस्त विकास खण्डों, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा। रथ के माध्यम से आम जनमानस को बाल श्रम निषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, तथा शासन द्वारा संचालित बाल संरक्षण एवं श्रमिक कल्याण से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त घोषित किए जाने की दिशा में ठोस प्रयास करना, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के प्रति समाज को सचेत करना, तथा बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त अभियान के माध्यम से यह संदेश भी दिया जाएगा कि बाल श्रम एवं बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय भी हैं। रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार के दौरान पम्पलेट, बैनर, पोस्टर, ध्वनि प्रसारण एवं जनसंवाद के माध्यम से नागरिकों को यह जानकारी दी जाएगी कि बाल श्रम अथवा बाल विवाह की किसी भी घटना की सूचना सम्बन्धित विभागों अथवा प्रशासन को तत्काल उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है।

साथ ही शासन द्वारा ऐसे बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा एवं सहायता हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी से अपील की गई कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं, जिससे जनपद अम्बेडकरनगर को बाल श्रम एवं बाल विवाह मुक्त जनपद बनाए जाने के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

# डीएम ने मतदेय स्थलों का किया भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा घोषित तृतीय विशेष अभियान तिथि के अवसर पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित शिविर के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा गणना अवधि के दौरान अप्राप्य श्रेणी में मार्क किये गये निर्वाचकों की सूची यथा अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची को पढ़कर सुनाया गया। शिविर के सफल संचालन हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों का भ्रमण कर फार्म-6, 7 व 8 की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय अमीरमाह में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेबिल अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित स्टाफ तथा मौके पर मौजूद नागरिकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अमीरमाह विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भाग सं. 115 की बीएलओ राजदा बेगम सहायक अध्यापक, 116 की बीएलओ सोनिया भारती, 117 की बीएलओ फात्मा बेगम तथा 118 की बीएलओ विद्या उपस्थित पायी गयीं।

डीएम ने बीएलओ से प्रपत्रों की उपलब्धता तथा सूची के पढ़े जाने इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा यह भी पूछा कि प्रपत्र व घोषणा पत्र के साथ कौन कौन से अभिलेख प्राप्त किये जा रहे हैं। डीएम ने मतदान केन्द्रों पर मौजूद मतदाताओं व आमजन से भी व्यवस्थाओं इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# बाल विवाह दंडनीय अपराध पुलिस को दे सूचनाः एसपी



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में शनिवार को बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जागरूकता रैली निकालते हुए शाहजहांपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पेस संस्थान द्वारा बाल विवाह मुक्ति पहल के अंतर्गत बाल विवाह संबंधित झांकियां के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा गया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ कानूनन दंडनीय अपराध है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास को प्रभावित करता है।

बाल विवाह से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है तथा समाज की उन्नति भी बाधित होती है। उसे बढ़ावा देना अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उसे तत्काल पुलिस अथवा संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएं ताकि समय रहते प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# तार्किक विसंगतियों के सम्बन्ध में डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के सम्बन्ध में तार्किक विसंगतियों (लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी) के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए बताया कि तार्किक विसंगतियां मिलने वाले मतदाताओं को निर्गत की जायेगी। श्री त्रिपाठी ने कहा कि तार्किक विसंगतियों को दुरूस्त करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से इस कार्य में सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ 06 फरवरी 2026 तक अधिक से अधिक प्रपत्र 06 भरवा कर संबंधित बीएलओ या निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा कराये जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, भारतीय जनता पार्टी के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ला, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव व उपाध्यक्ष ज़फर उल्ला खां बन्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) के महासचिव हमज़ा शफीक, प्रदेश कमेटी के सदस्य धर्मेन्द्र चौधरी व जिला उपाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह, बहुजन समाज पार्टी के जिला संयोजक सुखराम प्रजापति व अपना दल एस के प्रदेश महासचिव विधिमंच सन्दीप चौरसिया मौजूद रहे।

# वोटर लिस्ट से ना छूटे किसी भी पात्र व्यक्ति का नामः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत डॉ सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में बूथों का निरीक्षण किया तथा प्राप्त फार्म 6 का अवलोकन किया। प्राप्त फार्मों का गहन निरीक्षण कर उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि फार्म में मतदाता का अंग्रेजी एवं हिंदी के नाम भरने में विशेष ध्यान दिया जाए जिससे फार्म में कोई त्रुटि न हो। फॉर्म भरने के उपरांत उसे अच्छी तरह जांच लें। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी लोग फार्म 6 भरकर कर जमा करें जिससे वोटर लिस्ट में नाम शामिल हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है इसमें किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में छूटने न पाये। इसके लिए विशेष अभियान 31 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा जनसामान्य से दावे/आपत्तियां प्राप्त किये जाने का कार्य किया गया। है विशेष अभियान दिवस में उप जिला निर्वाचन अधिकारी /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बीएलओ सुपरवाइजर्स द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया। इस अवसर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मेडिकल शिक्षा को मिलेगी नई दिशा, सुल्तानपुर में होगा बीसीएमई प्रशिक्षण

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर को बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन कार्यशाला आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्यशाला महाविद्यालय के 30 शिक्षण संकाय सदस्यों के लिए आयोजित की जाएगी। यह तीन दिवसीय कार्यशाला 9 से 11 फरवरी 2026 तक संपन्न होगी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर का क्षेत्रीय केंद्र आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम एनएमसी द्वारा नियुक्त समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एवं पर्यवेक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव के संरक्षण में किया जाएगा। कार्यशाला का समन्वय मेडिकल एजुकेशन यूनिट की समन्वयक डॉ. सुपर्णा दुबे द्वारा किया जाएगा। वहीं, मेडिकल एजुकेशन यूनिट, एएसएमसी सुल्तानपुर के चार अन्य संकाय सदस्य संसाधन व्यक्ति (रिसोर्स पर्सन) के रूप में प्रशिक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# संस्कृत विभाग में बाणभट्ट के जीवन पर संगोष्ठी



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** के.एन.आई, संस्कृत विभाग द्वारा छात्रों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से दिन शनिवार को छात्र संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी बाणभट्ट का जीवन और साहित्यिक योगदान विषय पर रहा। संगोष्ठी की अध्यक्षता संस्कृत विभागाध्यक्ष वंदना सिंह ने की। मुख्य वक्ता के रूप में विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सर्वेश कुमार उपस्थित रहे। डॉ. सर्वेश कुमार ने अपने संबोधन में संस्कृत गद्य परंपरा के महान आचार्य बाणभट्ट के जीवन व्यक्तित्व एवं साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाणभट्ट को संस्कृत गद्य का अप्रतिम शिल्पकार बताया। बाणभट्ट की हर्षचरित ऐतिहासिक संस्कृत गद्य की उत्कृष्ट कृति तथा कादम्बरी संस्कृत कथा-साहित्य का शिखर ग्रंथ है। इन्होंने बताया कि बाणभट्ट ने अलंकार-प्रधान भाषा-शैली सूक्ष्म भावाभिव्यक्ति सजीव प्रकृति-चित्रण एवं आत्मकथात्मक प्रवृत्ति पर विशेष बल दिया। संगोष्ठी के दौरान बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मरियम खान ने बाणभट्ट के साहित्य में निहित सांस्कृतिक चेतना सामाजिक दृष्टि एवं साहित्यिक नवीनता पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जूली मरियम खान अभिषेक कपिल शिवांगी व मुस्कान आदि अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। अध्यक्षीय उद्बोधन में वंदना सिंह ने कहा कि बाणभट्ट का साहित्य संस्कृत गद्य परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो विद्यार्थियों को शास्त्रीय साहित्य के गहन अध्ययन के लिए प्रेरित करता है।

## दहेज हत्या का वांछित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने दहेज हत्या के वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा दौराने देख रेख शान्ति व्यवस्था-चैकिंग थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 50/26 धारा 80(2)/85 बीएनएस व = दहेज प्रतिषेध अधिनियम के वाँछित अभियुक्त रामनरेश पुत्र हरवीर निवासी ग्राम बरगदपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को फतेहाबाद रोड बरी चौराहा के पास से 31.01.2026 को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 प्रदीप कुमार, उ0नि0 निशान्त कुमार, है0का0 623 पुष्पेन्द्र सिंह, का0 18 संजय कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

# भारतीय भाषाओं के सह अस्तित्व का सिलसिला पुराना

- राणा प्रताप पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** हमारा इतिहास इस बात की अनुमति नहीं देता कि हम बिना जाने समझे देश में भाषा को लेकर कोई विवाद करें। भारत में पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण कहीं भी भाषाई संवाद में कभी कोई दिक्कत नहीं रही। भारतीय भाषाओं के सह अस्तित्व का सिलसिला बहुत पुराना है। भारतीय भाषा की अवधारणा को ठीक तरह से समझना जरूरी है। यह बातें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर निरंजन सहाय ने कहीं। वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन प्रथम सत्र को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा निर्गुण आंदोलन व सगुण आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन तक भारत में कभी भी संवाद की भाषा को लेकर कोई विवाद नहीं रहा । आजादी के बाद राजनीतिक कारणों से भाषा विवाद पैदा किए गए। विशिष्ट वक्ता हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गजेंद्र पाठक ने कहा कि विश्व के इतिहास में पहला विश्वविद्यालय भारत में स्थापित हुआ। ईसा से हजारों साल पहले बत्तीस देशों के विद्यार्थी तक्षशिला आकर शिक्षा ग्रहण करते थे। हजारों साल पहले नालंदा विश्वविद्यालय में सिंघली और तिब्बती व्याकरण का निर्माण किया गया था। दुनिया के सभी देशों में विश्वविद्यालय तब शुरू हुये जब भारत के विश्वविद्यालय नष्ट हो गए। अध्यक्षता करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विजय कुमार राय ने कहा अंग्रेजों के आने से पहले भारत में कभी भी भाषा की लड़ाई नहीं थी ।भारत की सभी भाषाओं में एक अंतर्सम्बन्ध हैं। संवेदना के स्तर पर देखें तो सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं। मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय राजस्थान के प्रोफेसर सुरेन्द्र कटारिया ने कहा कि विकास के लिए भाषा की भूमिका महत्वपूर्ण है। भाषा के दुरुपयोग के प्रति सजग रहना चाहिए। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने कहा कि पाश्चात्य चिंतकों कि दृष्टि कभी एकत्ववादी नहीं रही अपनी विभेदकारी सोच के कारण उन्होंने भारतीय भाषाओं में विभाजन के बीज बोये। वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने कहा भाषा का स्वभाव ही साझा होता है। कोई भी जीवित भाषा प्रचलित शब्दों से परहेज नहीं करती । संत तुलसीदास पीजी कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सतीश कुमार सिंह ने कहा कि सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य की अंतरात्मा एक जैसी है। समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ.एम.पी.सिंह संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि व आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर इन्द्रमणि कुमार ने किया। प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर मंचस्थ अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर निशा सिंह, प्रोफेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार, प्रोफेसर रंजना पटेल, डॉ आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ विभा सिंह, डॉ ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, यशस्वी प्रताप सिंह, अभिषेक शुक्ल समेत अनेक महाविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। विभिन्न सत्रों में डॉ अखिलेश सिंह, वीरेंद्र गुप्ता आदि ने शोधपत्र प्रस्तुत किया।

## छात्र हित संरक्षण संघर्ष मोर्चा ने यूजीसी के विरोध में रैली निकाल विधायक को ज्ञापन सौंपा



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** छात्र हित संरक्षण संघर्ष मोर्चा ने रैली निकाल भाजपा विधायक प्रेम पाल धनगर को यूजीसी कानून के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उच्च शिक्षा संस्थानो में समता के संवर्धन हेतु विनिमय 2026 लागू किया गया है, उक्त विनिमय छात्रो के मध्य संमता के अधिकार के बजाय असमता को बढ़ावा देगा। उक्त विनियम से छात्रो के मन पर जातिगत वैमनस्यता की भावना विकसित होगी, संगठन ने विधायक को अवगत कराया कि यूजीसी विनिमय 2026 को लेकर सामान्य वर्ग पूरे भारत में विरोध प्रदर्शन कर रहा है, इसको लेकर विधानसभा टूण्डला में, केन्द्र सरकार के प्रति सामान्य वर्ग में भारी आक्रोश है, एंवम् वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में विधानसभा से सामान्य वर्ग ने आपको अपना 90 प्रतिशत मत देकर आपको विधानसभा में पहुँचाने का कार्य किया है, सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं के हितो को संरक्षित करने के लिए उक्त बिल को वापिस लिया जाना सर्वसमाज के छात्र छात्राओं के हितो को सुरक्षित रखने के लिए नितान्त आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में संजय प्रताप सिंह प्रतिभा उपाध्याय रमेश चंद्र ललित कुमार कपिल कुमार यादवेंद्र सिंह प्रिंस जादौन दिलीप गौड निश्चल शर्मा अविनाश उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# धोखाधड़ी मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम एवं अपराध शाखा की संयुक्त कार्यवाही में धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम एवं अपराध शाखा की संयुक्त कार्यवाही में मु0अ0सं0 479/2022 धारा 388/417/ 420/120बी भादवि में वांछित अभियुक्त रायसिंह उर्फ विशाल उर्फकोठारी पुत्र जोर सिंह एवं अभियुक्ता पिन्की पत्नी राय सिंह उर्फ विशाल उर्फ कोठरी निवासीगण भूड गड्डा थाना एका जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी शम्भू नगर शिकोहाबाद थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों के मसकन हरदयाल एनक्लेव शम्भू नगर शिकोहाबाद से गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। थाना शिकोहाबाद पर पिन्की पत्नी रायसिंह एवं रायसिंह उर्फ विशाल उर्फ कोठारी पुत्र जोर सिंह निवासीगण भूड गड्डा थाना एका जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी हरदयाल एनक्लेव शम्भू नगर शिकोहाबाद थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद द्वारा षणयंत्र के तहत ब्लैकमेल व गुमराह कर धोखाधडी से 50 लाख रूपये ऐंठने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 479/2022 धारा 388/417/ 420/120बी भादवि पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना अपराध शाखा फिरोजाबाद से उ0नि0 गुरूप्रसाद द्वारा सम्पादित की जा रही थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार अपराध शाखा जनपद फिरोजाबाद, प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उ0नि0 गुरुप्रसाद, म0उ0नि0 काजल, है0का0 623 भरत देशवार, का0 404 जितेन्द्र कुमार, का0 437 सचिन कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## फरवरी तक मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चलेगा

**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी नगर मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के अंतर्गत नगर टूंडला में बूथ संख्या 168 भारत माता चौक जीजीआईसी चौराहा बूथ नंबर 162 एवं एटा रोड चौराहा संख्या 151 पर भाजपा द्वारा कैंप लगाकर नये वोट व फॉर्म भरवाए गए।इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि 6 फरवरी तक मतदाता पुनरीक्षण का काम चल रहा है, जिसमें भाजपा द्वारा कैंप लगाकर नए वोटो का पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में नगर में विभिन्न जगहों पर कैंप लगाकर आमजन की सुविधा के लिए नवीन फॉर्म भरे जा रहे हैं।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लीना खान पुत्री श्री आफाक खान निवासी 429/578 आ मोमिन नगर, मोअज्जम नगर, चौक, लखनऊ

मेरा फार्मेसी संख्या-21467 जिसकी वैधता 31-12-2025 थी, जो कहीं खो गया है। उपरोक्त फार्मेसी पंजीकरण का दुरुपयोग होता है तो मेरी जिम्मेदारी नहीं होगी।


## लखनऊ नगर निगम

टी0एन0 मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई–मेलः nnlko@up.nic.in, वेबसाइटः http://lmc.up.nic.in

नगर निगम जोन-8 कार्यालय में प्राप्त नाम परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पत्रों पर नियमानुसार नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(बी-2) की नोटिस जारी की जा चुकी हैं जिसमें निम्न विवरण के अनुसार नाम परिवर्तन प्रस्तावित है, यदि विवरण में अंकित नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति साक्ष्यों सहित जोन-8 कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, आपत्ति प्राप्त न होने पर नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

### नाम परिवर्तन, जोन–8

| क्र. सं. | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नाम परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | **वार्डः श्रद्धेय अटल विहारी बाजपेई** | | |
| 1 | 3-N/B-3/408 भुसावल कलां | विनोद प्रसाद | शिव कुमार व समला देवी | रजिस्ट्री |
| 2 | 3-N/B-6/107 भुसावल कलां | नर्मता वालिया | डा0 जहानारा | रजिस्ट्री |
| 3 | 3-N/B-8/610 भुसावल कलां | लक्ष्मी श्रीनिवासन भाटिया व सुधीर कुमार | सौरभ छिब्बर | रजिस्ट्री |
| 4 | 3-T-1/205 भुसावल कलां | विनीता राय | मेघना राय | रजिस्ट्री |
| 5 | 3/T-4/106 भुसावल कलां | मीरा निहाल | राकेश कुमार मिश्रा | रजिस्ट्री |
| | | **वार्डः खरिका प्रथम** | | |
| 6 | 592/036(GIS) बंगाली टोला | मो0 हुसैन | मो0 इसमाईल | पारिवारिक |
| 7 | 592/036-A बंगाली टोला | मो0 हुसैन | मो0 सलीम | पारिवारिक |
| 8 | 587-A/291(GIS) गांधी नगर | बानो | पंकज तिवारी | रजिस्ट्री |
| 9 | 591IYA/105 कुम्हार मण्डी | मैकू लाल यादव | राम कुमार यादव | वसीयत |
| 10 | 592JHA/528 रथीन्द्र नगर | राजेश्वरी देवी | अमर बहादुर सिंह | पारिवारिक |
| | | **वार्डः शारदा नगर द्वितीय** | | |
| 11 | 590-H1/600 हैवतमऊ मवैया | मेहर प्रताप सिंह | प्रतिभा श्रीवास्तव व विकास श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 12 | ED-II/760 एल्डिको-2 | आनन्द राय चौधरी | मुकेश सिंह व शिप्रा सिंह | रजिस्ट्री |
| 13 | ED-II/307-A एल्डिको-2 | ए0 मुखर्जी व ए0के0 मुखर्जी | आशीष कुमार मुखर्जी | पारिवारिक |
| 14 | SC-G-218 साउथ सिटी | आर0के उपाध्याय | अश्वनी कुमार | रजिस्ट्री |
| 15 | 590-H1/429/D1 हैवतमऊ मवैया | प्रदीप दास | सीमा यादव | रजिस्ट्री |
| 16 | SC/C-007 साउथ सिटी | डा0 गोपा बनर्जी | लिपिका चटर्जी | रजिस्ट्री |
| 17 | ED-II/1088 एल्डिको-2 | सुधा श्रीवास्तव | सिद्धी गुप्ता व विवेक कुमार | रजिस्ट्री |
| 18 | Flat No-301 साउथ सिटी | कृष्ण देव प्रसाद खरे | बिमल कुमार मिश्रा व सविता मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 19 | S-2/297 एल्डिको-2 | वीरेन्द्र लोचन मजुमदार | संकेत कुमार मिश्रा व शोभा मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 20 | S-600 एल्डिको-2 | रज्जन लाल | प्रतिभा चौधरी | रजिस्ट्री |
| 21 | B-929 एल्डिको-2 | अनिल कुमार श्रीवास्तव व वीना श्रीवास्तव | वीना श्रीवास्तव | पारिवारिक |
| 22 | 688(Kanha Nagar) कल्ली पश्चिम | गोमती देवी | पूनम सिंह | उपहार विलेख |
| 23 | ED-II/688-A एल्डिको-2 | मयंक सिंह व संजीता सुमन सिंह | मनोज सिंह व संजीता सुमन सिंह व सुषमा सिंह व उपमा सिंह व रंजना पंकज सिंह व मयंक सिंह | पारिवारिक |
| 24 | 590/K-23/1416 कल्ली पश्चिम | मंजू देवी | मीना बिटालू | रजिस्ट्री |
| | | **वार्डः इब्राहिमपुर द्वितीय** | | |
| 25 | 20/D-4/202 वृन्दावन सेक्टर-20 | शिवम कटियार | रूही वार्षनेय | रजिस्ट्री |
| 26 | 17-AH/09/F-8 सेक्टर-17 | उषा बोष | विवेक कुमार श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 27 | SC/C-138 साउथ सिटी | अतुल कुमार मिश्रा | साक्षी राजपूत | रजिस्ट्री |
| | | **वार्डः शारदा नगर प्रथम** | | |
| 28 | 1/782 रूचि खण्ड-2 | फौजदार सिंह | रेखा सिंह | रजिस्ट्री |
| 29 | 808 एल्डिको-1 | आलोक सक्सेना | कौमुदी त्रिपाठी | रजिस्ट्री |
| 30 | 3/318,319 रूचि खण्ड-1 | राधिका | सुषमा यादव | रजिस्ट्री |
| 31 | E-1/487 रूचि खण्ड-2 | कमलेश कुमार यादव व सुधा यादव | सर्वेश कुमार | रजिस्ट्री |
| 32 | 2/431 रूचि खण्ड-2 | उमा शंकर मिश्रा व तारा मिश्रा | जयलाल यादव | रजिस्ट्री |
| 33 | ED-I/127-A एल्डिको-1 | किरन शर्मा | सुशील कुमार सिंह | रजिस्ट्री |
| | | **वार्डः विद्यावती तृतीय** | | |
| 34 | EWS/248/I सेक्टर-आई0 | एल0डी0ए0 | बुद्धी लाल वर्मा व रवि कुमार व अशोक कुमार पटेल व अनूप कुमार | पारिवारिक |
| 35 | C-099(GIS) सेक्टर-जे0 रेल नगर | पृथ्वी राज वोहरा | राहुल वोहरा | उपहार विलेख |
| 36 | K/762/K सेक्टर-के0 | अंकिता शर्मा व उषा शर्मा | शशांक जोग व दरपन पाण्डेय | रजिस्ट्री |
| 37 | A-1/150 सेक्टर-एल0 | सिकंदर जहां | आशीष कुमार सिन्हा व अल्पना सिन्हा | रजिस्ट्री |
| 38 | M-3/466 सेक्टर-एच0 | सुधलाल पुत्र बाबू लाल | विमला व राजेश कुमार व राकेश कुमार सरोज | पारिवारिक |
| 39 | 570/126-A/1 छोटी पकरी | गुड्डी पत्नी राम खेलावन | संतोष कुमारी | रजिस्ट्री |
| 40 | SS/275/H सेक्टर-एच0 | मोहन लाल विश्वकर्मा व कृष्णा देवी | पूनम व विवेक कुमार विश्वकर्मा | रजिस्ट्री |
| 41 | K/068/K सेक्टर-के0 | दिनेश श्रीवास्तव | गौरव चावला | रजिस्ट्री |
| 42 | E-1/897 सेक्टर-एच0 | सीता देवी | गगन दीप खन्ना | वसीयत |
| 43 | E-3/002/H(GIS) सेक्टर-एच0 | साधना शर्मा | प्रीती श्रीवास्तव व दूरदर्शक श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| | | **वार्डः राजा बिजली पासी प्रथम** | | |
| 44 | SS-3/305 सेक्टर-ओ0 | बबीता यादव | मंजू कुशवाहा | रजिस्ट्री |
| 45 | NB-081 न्यू बस्ती | के0एन0 सिंह | मृत्युंजय | उपहार विलेख |
| 46 | KN-1156 औरंगाबाद खालसा | सुनील कुमार पाण्डेय व मिथिलेश | मनोज कुमार गुप्ता व रूचि गुप्ता | रजिस्ट्री |
| 47 | A-17/12 टी0पी0 नगर | रेखा तिवारी | वन्दना तिवारी | पारिवारिक |
| 48 | E-4/433 सेक्टर-ओ0 | रचना खरे व अमन खरे | मानसी टण्डन व अमन शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 49 | 595/398 औरंगाबाद खालसा | कमरूद्दीन | इरशाद | रजिस्ट्री |
| 50 | 582KA/794 बेहसा | राजेश्वरी देवी | आशीष शर्मा | पारिवारिक |
| 51 | E-43 टी0पी0 नगर | विजय कुमार जैन | मनीष तालचन्दानी | रजिस्ट्री |
| 52 | B-526 ओमेक्स सिटी | ओमेक्स | महेश्वरी प्रसाद पाण्डेय | रजिस्ट्री |
| 53 | CN-3/20 सेक्टर-ओ0 | शिशिर मदान | आशा चन्द्रा | रजिस्ट्री |
| 54 | AN-607 सेक्टर-पी0 | राजेश्वरी व बलराम सिंह | श्याम, भानू, प्रियम अग्रवाल | रजिस्ट्री |
| 55 | B-439 ओमेक्स सिटी | सचिदानन्द व ललिमा चौरसिया | शिवप्रताप सिंह व अंकिता सिंह | रजिस्ट्री |
| 56 | E-1/017 टी0पी0 नगर | उर्मिला देवी | मनीष अग्रवाल व शिल्पा अग्रवाल | रजिस्ट्री |
| 57 | KN-1221/PN-12 औरंगाबाद जागीर | जगजीत कौर | सीता तिवारी | रजिस्ट्री |
| 58 | HN-34 बिजनौर | कृष्णकांता धर द्विवेदी | सौरव नागर | रजिस्ट्री |
| 59 | F-14 न्यू रहीमाबाद | रश्मि शर्मा | अनिल कुमार शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 60 | VN/KN-542 विष्णू नगर | हरिकेश कुमार यादव | भरत सिंह | रजिस्ट्री |
| 61 | E4/1423 सेक्टर-ओ0 | रामकुमार सिंह व नीलम कुमार सिंह | अनिल कुमार व जयदेवी | रजिस्ट्री |
| 62 | N-102 विद्यावती प्रथम | रमेश चन्द्र त्रिपाठी | पंकज त्रिपाठी | पारिवारिक |

जोनल अधिकारी, नगर निगम, लखनऊ

# डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत मीजिल्स रूबेला उन्मूलन के लिय प्रतिवद्ध है। इस अभियान के अन्तर्गत दिनांक 30.01.2026 को जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में सांय 05:30 बजे आयोजित की गयी। जिला अधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि इस कार्यक्रम में वहुत गम्भीरता से कार्य किया जाना है यह कार्यक्रम जनपद के समस्त स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक (5 वर्ष से 10 वर्ष)के सभी बच्चों को एम.आर.बैक्सीन की डोज से आच्छादित किया जाना है। एम.आर.अभियान का आयोजन दिनांक 16 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नॉन आर.आई. दिवसों में (बुधवार एवं शनिवार को छोडकर) किया जाना है। यह अभियान प्रदेश के 45 जनपदों में चलाया जा रहा है। इस अभियान में राज्य स्तर से निर्धारित की गयी समय सारिणी के अनुसार सम्पादित किया जाना है। समस्त शहरी एंव ग्रामीण ए.एन.एम. अपने संबन्धित क्षेत्रों में स्थित सभी सरकारी स्कूलों/मदरसों इत्यादि की कार्ययोजना उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथियों में करना सुनिश्चित करेंगी। स्कूलों में गतिविधियां नॉन आर.आई.दिवसों में की जायेगी। ए.एन.एम.द्वारा प्रतिदिन 100-125 बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करने का लक्ष्य राज्य स्तर से निर्धारित किया गया है। सभी स्कूलों में सत्रो को यूविन पोर्टल पर एम.आर. कैम्पेन टैब पर नियोजित कर समय से पब्लिश किये जायेगें। अभियान की सफलता हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों को ब्लाक एवं शहरी क्षेत्र आंवटित कर अभियान की कार्ययोजना, प्रशिक्षण एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षण सुनिश्चत किया जाये। जनपद/ब्लाक/प्लानिंग यूनिट पर सायंकालीन समीक्षा बैठके आयोजित की जाये। अभियान की रिपोर्ट यूविन पोर्टल पर दैनिक रिपोर्टिंग प्रपत्र पर तथा एच.एम.आई.एस.पोर्टल पर अंकित की जायेगी। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का विशेष सहयोग प्रदान किया जाना है। स्कूलो/ मदरसों में नामांकित लक्षित बच्चों की उपस्थित टीकाकरण के दिन शत प्रतिशत सुनिश्चित करायें एवं सत्र के एक दिन पूर्व स्कूलो/मदरसों में शिक्षको के साथ अभिभावक /माता-पिता के साथ बैठक आयोजित की जाये जिससे सत्र पर अधिक से अधिक बच्चों की उपस्थित सुनिश्चित की जा सके। अल्पसंख्यक, धर्म गुरूओ, बुद्धजीवियों, इमामों एवं अल्पसंख्यक समाज के संभ्रान्त नागरिको द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किये जाने की अपेक्षा की गयी है। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त चिकित्सा अधीक्षक सामु स्वा.केन्द्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, एस. एम.ओ.एन.पी.एस.पी.यूनिट, डी.एम.सी. यूनीसेफ, वी.सी.सी. एम.यू.एन.डी.पी., सी.एस.ओ.गावी, जे.एस.आई उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा आम जनमानस से अपील की जाती है कि प्रदेश एवं जनपद में 15 साल तक के बच्चों में खसरे का प्रकोप (मीजिल्स) काफी तेजी से वढ रहा है जिसको दृष्टिगत रखते हुये शासन के द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में स्कूलों / मदरसों में कक्षा 1 से 5 तक (5 वर्ष से 10 वर्ष) के सभी बच्चों को एम.आर. बैक्सीन(खसरा रूबेला बैक्सीन) के टीके से आच्छादित अवश्य करायें।

# एनएसयूआई व यूथ कांग्रेस ने मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस ने सहकारी कोल्ड स्टोरेज में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शौजब रिज़वी ने कहा कि गांधी जी अमर है वो देश के हर भारतीय के दिल में मौजूद है उनके उच्च विचार हम सबको प्रेरणा देते है कि देश को एकता और अखंडता को बनाए रखना चाहिए तभी भारत देश मजबूत और सशक्त बनेगा। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आसिफ जादरान ने कहा कि महात्मा गांधी ने इस देश को आजादी दिलाई हम सबको आजाद भारत में संविधान और गांधी जी के विचारों को लेकर इस भारत देश को आगे बढ़ाना है लेकिन जिस तरह से आज की सरकार गांधी जी के नाम को मिटाना चाहती है मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाना,गांधी जी के बारे में अपशब्द कहना ये कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हम सब गांधीवादी लोग गांधीवादी विचारधारा से इस सरकार को झुकाने का काम करेंगे और मनरेगा को वापस करवाने का काम करेंगे। इस मौके पर सुहैल वारसी, अभिषेक त्रिपाठी,देवराज,हर्ष ठाकुर, सोंटी तिवारी, अंश पंडित, बिलाल खान, वासु पंडित, अंशुलराज आदि मौजूद रहे।

## दो बाइके आमने सामने भिड़ी, तीन घायल



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली शहर थाना क्षेत्र मे हरदोई बिलग्राम मार्ग पर फरदापुर मोड़ समीप दो बाइको की आमने सामने भिड़ंत मे पांच लोंग गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के राहगीरो की सूचना पर पहुंची 108 की एम्बुलेंस यूपी बत्तीस एफजी जीरो छह सौ ईक्तिस लेकर पहुचे ईएमटी सुरेश कुमार व पायलेट अमित ने पाचो घायलों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। सुरसा थाना क्षेत्र के ओदारा निविलिया निवासी सरोज पुत्र रामनरायन उम्र 30 वर्ष शुक्रवार सुबह 9 बजे बाईक से अपनी पत्नी रिंकी उम्र 28 वर्ष व तीन वर्ष बच्चे ऐकांश के साथ कोतवाली देहात क्षेत्र के मढ़ियां निवासी धानू के यहाँ बच्ची के नामकरण मे शामिल होने गया हुआ था। शुक्रवार देर शाम सरोज अपनी पत्नी रिंकी व ऐकांश के साथ बाईक से घर आ रहा था। कि शहर कोतवाली क्षेत्र मे हरदोई बिलग्राम मार्ग पर फरदापुर मोड़ समीप सामने से आ रही बाईक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाईको पर सवार पांच लोंग गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के राहगीरो की सूचना पर पहुंची 108 की एम्बुलेंस यूपी बत्तीस एफजी जीरो छह सौ ईक्तिस लेकर पहुचे ईएमटी सुरेश कुमार व पायलेट अमित ने पाचो घायलों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया।

## प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना बेहद आवश्यक है : सरिता भदौरिया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के द्वितीय चरण के निमित्त भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में चलाए जा रहें दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता व नेतागण अपने-अपने प्रभार वाले बूथों पर उपस्थित रहें। इसी क्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया सदर विधानसभा के इटावा प्रथम मंडल के मकसूदपुरा शक्ति केंद्र अन्तर्गत बूथ संख्या 270, 271, 272 व 273 पर उपस्थित रहकर नए मतदाता पंजीकरण करवाए। उन्होंने कहा कि कि मतदाता लोकतंत्र कि सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना बेहद आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने सदर विधानसभा के इटावा द्वितीय मंडल अन्तर्गत इस्लामिया इंटर कॉलेज शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 241, 242, 243 व 244 पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहकर नए वोटर पंजीकरण करवाकर नव-मतदाताओं को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहें इस प्रदेशव्यापी अभियान में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहीं है और इसे लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## डीआईजी ने किया मौदहा कोतवाली का औचक निरीक्षण, महिला सुरक्षा पर दिया जोर



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को चित्रकूट धाम मण्डल बांदा के पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) राजेश एस. ने मौदहा कोतवाली का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके आगमन पर पुलिस बल ने उन्हें सलामी दी, जिसके पश्चात उन्होंने कोतवाली के विभिन्न पटल का गहन निरीक्षण किया। डीआईजी ने विशेष रूप से महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति के क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शस्त्र कक्ष, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर कक्ष और विवेचना कक्ष की सफाई व रखरखाव को भी देखा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा और क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आरोपी के अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** लव जिहाद और गैंगरेप जैसे गंभीर मामले के आरोपी मौलाना खान के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। शनिवार शाम एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में आरोपी के गल्ला मंडी स्थित व्यावसायिक भवन के उस हिस्से को जमींदोज कर दिया गया, जो नाले पर अतिक्रमण कर बनाया गया था। इस अवैध निर्माण के कारण मंडी में जलभराव की समस्या बनी रहती थी। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आरोपियों के खिलाफ अभी और भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

## तीन बेटियां होने पर विवाहिता को पीटा, मुकदमा दर्ज

**मौदहा/अवधनामा संवाददाता।** खंडेह निवासी एक विवाहिता ने अपने पति ठाकुरदीन और ससुर ललऊना (बांदा निवासी) के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता सूरी का आरोप है कि 6-7 लाख रुपये दहेज देने के बावजूद अतिरिक्त 2 लाख की मांग की जा रही थी। तीन पुत्रियां होने पर प्रताड़ना और बढ़ गई। ससुरालियों ने पीड़िता और उसके पिता के साथ मारपीट भी की, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नमामि गंगे योजना का हाल बेहाल, सड़कों पर बह रहा पानी

**सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक की पंचायतों में नमामि गंगे परियोजना कागजों तक सीमित नजर आ रही है। विदोखर, इंगोहटा और चंदपुरवा जैसे गांवों में घरों तक पानी नहीं पहुँच रहा है, जबकि सड़कों पर टोटियां न होने से लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। ग्राम प्रधानों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## पत्तियां तोड़ते समय नाले में डूबने से युवक की मौत



**सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** बकरियों के लिए चारा लेने गया 19 वर्षीय युवक जावेद कडोरन नाले में गिर गया। पेड़ से पत्तियां काटते समय संतुलन बिगड़ने के कारण वह गहरे पानी में चला गया। तैरना न आने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कुरारा पुलिस ने 2 किलो गांजा के साथ तस्कर को दबोचा

**कुरारा/अवधनामा संवाददाता।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सैयद बाबा मजार के पास से पवन कुमार नामक युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## शिव बारात की रजत जयंती- इस बार निकलेंगी 25 भव्य झांकियां

**सुमेरपुर।** अमरनाथ सेवा मंडल की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष शिव बारात के 25 वर्ष पूरे होने पर 25 आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। सीताराम गुप्ता को सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है।

## झलोखर गांव में विष्णु महायज्ञ और भंडारे का समापन

**कुरारा।** ग्राम झलोखर में एक सप्ताह से चल रहे विष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति शनिवार को हुई। अयोध्या से आए कथावाचक शिवम जी महाराज ने कृष्ण लीलाओं का वर्णन किया। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी.एम. डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने एन.आर.एल.एम. समूह के खाते बैंकों में खोलने व उन्हें लोन उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहाकि डी.एम.एम., बी.एम.एम. को चेतावनी जारी की जाये, यदि कार्य पद्धति में सुधार नहीं होता तो इनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाये, इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के प्रगति के लिए समीक्षा की, उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के छात्रों के फार्म विद्यालयों से जल्द से जल्द अग्रसारित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, इसी प्रकार से उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल.डी.एम. को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान उन्होंने आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आई. जी.आर.एस. पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाये, उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से नहीं किया जा रहा है।

# ले में पहले मॉड्यूलर ऑपरेशन काम्प्लेक्स का शुभारंभ

- जेके हॉस्पिटल में नो टच पॉलिसी के साथ की गयीं नई शुरुआत

वहाज अली निहाल



**इटावा।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ निजी क्षेत्र में विदेशी तकनीक के बल पर कठिन से कठिन ऑपरेशन की सुविधा अब आसानी से उपलब्ध होगी। जेके हॉस्पिटल में शुक्रवार को मॉड्यूलर ऑपरेशन काम्प्लेक्स का शुभारंभ किया गया। सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के बाद आधुनिक तकनीक पर आधारित यह पहला ऑपरेशन कॉम्पलेक्स है जहां अलग-अलग तकनीक पर चार ऑपरेशन थिएटर की स्थापना की गई है। संस्थान के डायरेक्टर डॉ.मनोज यादव ने मॉड्यूलर ऑपरेशन परिसर का उद्घाटन करते हुए कहा कि जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना संस्थान की जिम्मेदारी है। ऐसे में आयुष्मान योजना के तहत जहां लोगों को बेहतर इलाज मिल रहा है वहीं दूसरी ओर संस्थान विदेशी तकनीक के बल पर लोगों को सहज ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रहा है। डॉ.कुमार कातरेय ने बताया कि चार नई ओटी में यूरोलॉजी, लेप्रोस्कोपी, लेज़र व जनरल ओटी शामिल है। इनमें नो टच पॉलिसी के साथ पूर्ण रूप से संक्रमण विहीन ऑपरेशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यहां दरवाजे व खिड़कियों से लेकर हर चीज को सेंसर युक्त लगाया गया है, जिससे किसी प्रकार का संक्रमण न फैले। उन्होंने बताया कि स्टेरिलाइजेशन के लिए पहली बार इटीओ तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। पीएसी रूम, स्टॉफ व डॉक्टर चेंज रूम के साथ येलो बफर जोन में ओटी स्टोर बनाया गया है। ऑपरेशन में प्रयोग होने वाले औजार, उपकरण व अन्य चीजों को स्टेरिलाइजेशन के बाद पूर्ण रूप से सील करके ओटी स्टोर में रखा जाएगा। इसके बाद रेड जोन शुरू होता है जहां ऑपरेशन थिएटर में सेंसर युक्त लाइट, एसी, सेन्ट्रलाइज गैस, ऑन टेबल एक्सरे की व्यवस्था है। प्री व पोस्ट पेशेंट के लिए चार बेड का बफर जोन बनाया गया है। अमेरिकी तकनीक पर सेंसर युक्त हैंड वॉश की सुविधा है। ओटी- 2 में लेप्रोस्कोपी या दूरबीन तकनीक के ऑपरेशन होंगे।

ओटी-3 में लेज़र ऑपरेशन के लिए 30 प्लस मेगा टावर व एनेस्थीसिया मशीन स्थापित की गई है। 4 के कैमरे से पूरे सर्जरी की निगरानी की भी व्यवस्था की है।

ओटी- 4 माइनर ओटी है जहाँ यूनिवर्सल नियमों के तहत छोटे ऑपरेशन किये जायेंगे। इस मौके पर सुनैना यादव, डॉ साइनी यादव, डॉ.नेहा सिंह, डॉ पंकज गुप्ता, डॉ मधुकर गुप्ता, डॉ निर्मल, डॉ विभोर व अन्य तकनीकी स्टॉफ आदि मौजूद रहा।

## विधायक खेल महाकुंभ का भव्य समापन, खेल से रोजगार की मजबूत नींव: मंत्री

**सोनभद्र।** 25 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुए विधायक खेल महाकुंभ का समापन 31 जनवरी 2026 को उत्साहपूर्ण वातावरण में आज संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान ÷सोन की माटी, सोन का दम, आओ मिलकर खेले हम का नारा खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच प्रेरणा का केंद्र बना रहा। खेल महाकुंभ में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें प्रतिभागियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। वरिष्ठ नागरिकों की रस्साकशी प्रतियोगिता में ब्लॉक चतरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए खेल कुद एवं युवा कल्याण विभाग के माननीय मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि खेलोगे-कूदोगे तो रोजगार मिलेगा।

# हिण्डालको रेनुसागर में सड़क सुरक्षा माह समापन समारोह संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र।** हिण्डालको रेनूसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के दिशा निर्देशन में हिण्डालको रेनुसागर में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित विविध कार्यक्रमों के गरिमामय वातावरण के साथ समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन रोड़ एवं ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स के तत्वावधान में पैराडाइज प्रेक्षागृह रेनुसागर में 30 जनवरी को किया गया, जिसमें कर्मचारियों, संविदाकर्मियों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने फीता काट कर किया।तत्पश्चात सुरक्षा सपथ दिलाई गई।इसके पूर्व रोड़ एवं ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स के अध्यक्ष ललित खुराना ने आये हुये अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया।इस अवसर पर हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि रोड़ सेफ्टी को केवल अभियान तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने व्यवहार और दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ। मुख्य अतिथि ने सम्बोधन में कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी है।काम के बाद काम के साथ, आपकी सुरक्षा आपके हाथ है।उन्होंने कहा कि हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें। तथा अपने घर परिवार के सदस्यों, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें।सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। इसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। वाहन का परिचालन सही उम्र में करें अथवा आवश्यकता पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें, जिससे सड़क दुर्घटना में भी कमी लायी जा सके।

# बुजुर्ग असहाय दिव्यांगजनों का सेवा करना सबसे पुनीत कार्य : एसएचओ बृजेश सिंह

- ऊर्जांचल प्रेस क्लब के द्वारा किया गया कम्बल वितरण



अवधनामा संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र।** ऊर्जांचल प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए बुजुर्ग अत्यंत असहाय एवं दिव्यांगजनों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस मानवीय पहल का उद्देश्य आगामी ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जांचल प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर असहाय, वृद्ध, दिव्यांग और बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर राहत और संतोष साफ दिखाई दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनपरा प्रमोद शुक्ला स्थानीय लोगों ने ऊर्जांचल प्रेस क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के प्रति जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

ऊर्जांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार आर पी सिंह ने कहा कि पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी क्लब की प्राथमिकता है। ठंड के मौसम में असहाय और दिव्यांगजनों की मदद करना मानवता का धर्म है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर किए जाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि थानाअध्यक्ष अनपरा बृजेश सिंह ने आम नागरिकों से अपील की कि वे भी आगे बढ़कर जरूरतमंदों की सहायता करें, ताकि समाज में कोई भी व्यक्ति किसी अभाव के कारण परेशान न हो और जहां उचित जरूरत पर जरूर याद करे। वही समाजसेवी मधुसुदन सिंह, कोषाध्यक्ष रंग बहादुर यादव ने समाज में पिछड़े जरूरतमंद को मदद करने व इस तरह के सराहनीय कार्य करने के लिए पत्रकार टीम को प्रशंसा किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सब इंस्पेटर बहादुर सिंह विक्रम सिंह अशोक गोयलअजय दुबेदी, लालबाबू गुप्ता, जी एन केशरी, मंडल महामंत्री अरिसूदन श्रीवास्तव, रामचन्द्र विश्वकर्मा, बबलु पाण्डे, क्लब के महामंत्री पत्रकार चंद्रमौली मिश्रा, अशोक तिवारी, जगदीश साहनी, गजेंद्र गुप्ता, अनिल निषाद, निलेश मिश्र, उमेश सिंह, रोशन शर्मा, संजय दुबे, राजीव नयन सिंह, एसएसपीएल के प्रबंधक वेंकटेश रेड्डी मौजूद रहे अध्यक्षता आर पी सिंह व संचालन बबलू पाण्डेय ने किया।

# उमंग-3 व वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रतिभा का भव्य संगम

अवधनामा संवाददाता



- संस्कार, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना की जीवंत मिसाल बने पंडित जगन्नाथ शिक्षण संस्थान
- उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने बच्चों के आत्मविश्वास और प्रस्तुतियों की सराहना की

**बिलग्राम (हरदोई)।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पंडित जगन्नाथ पब्लिक स्कूल एवं पंडित जगन्नाथ प्रसाद अग्निहोत्री इंटर कॉलेज में शनिवार को आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिकोत्सव उमंग-3 अत्यंत हर्षोल्लास, भव्यता और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता, संस्कार और आत्मविश्वास का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित अतिथियों व दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी रहीं। उन्होंने इंटर कॉलेज परिसर में सर्वप्रथम स्वर्गीय पंडित कृष्ण प्रसाद अग्निहोत्री एवं पंडित जगन्नाथ प्रसाद अग्निहोत्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इसके उपरांत पंडित जगन्नाथ पब्लिक स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग-3 का शुभारंभ गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

**एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, चार युग, रेट्रो थीम, वृद्धावस्था पर आधारित नाटक, बाल श्रम, महिला सशक्तिकरण, गुरु वंदना, माताङ्कपिता वंदना, राम आएंगे, द्रौपदी चीरहरण, फेस्टिवल्स इन इंडिया, पंजाबी लोकगीत तथा प्रेरणादायी गीत आगाज़ जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को मंच पर जीवंत कर दिया।

विशेष आकर्षण का केंद्र रहे नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ, जिन्होंने अपनी मासूम अदाओं और आत्मविश्वास से दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं।

## संस्कारयुक्त शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव : रजनी

बच्चों की प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्कारयुक्त शिक्षा, अनुशासन और रचनात्मक गतिविधियाँ ही भविष्य के सशक्त, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करती हैं।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी प्रदान कर रहा है।

मंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा, लगन और परिश्रम से शिक्षा ग्रहण करें तथा स्वयं के साथ-साथ अपने विद्यालय, क्षेत्र और देश का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा नगर के पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को मंच पर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने पत्रकारों को समाज और लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ बताते हुए उनके योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार अग्निहोत्री, प्रबंधक कुमुद अग्निहोत्री, कार्यक्रम आयोजक सौरभ अग्निहोत्री, विद्यालय की प्राचार्या कल्पना अग्निहोत्री, नमामि गंगे के जिला संयोजक आकाश तिवारी, दीपा विश्वास सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी बिलग्राम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा मुस्तैदी से निभाई गई।

## मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ बैठक की

# उद्योग यूपी की आर्थिक ताकत : मुख्यमंत्री

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) में राज्य स्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ आहूत एक विशेष बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश केवल एक राज्य में निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया निवेश है। आज उत्तर प्रदेश जिस आर्थिक मजबूती और स्थिरता की ओर बढ़ रहा है, उसमें उद्योग जगत की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश की खुशहाली, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में उद्योग जगत सबसे बड़ा सहयोगी है और सरकार इस साझेदारी को और मजबूत करना चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उद्योगों को केवल निवेश नहीं, बल्कि विकास की साझेदारी का अभिन्न हिस्सा मानती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश में निवेश करने वाला प्रत्येक उद्यमी, सरकार को अपने साथ खड़ा पाएगा और नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर तथा प्रशासन तीनों स्तरों पर सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने उद्योग समूहों से कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास और सामाजिक बदलाव का सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न उद्योग समूह अपनी रुचि और विशेषज्ञता के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सी0एस0आर0 के तहत योगदान कर सकते हैं। सरकार उद्योगों के सामाजिक योगदान को प्रदेश के समावेशी विकास का मजबूत आधार मानती है। मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए एम0एस0एम0ई0 सेक्टर में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुझाव देने की बात कही। उन्होंने पैकेजिंग, डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट प्रमोशन को और मजबूत करने में उद्योग समूहों से सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टर में महिलाओं की बड़ी भूमिका को रेखांकित करते हुए इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए अधिक अवसर सृजित करने हेतु ठोस और व्यावहारिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के अनुरूप समय पर इन्सेंटिव वितरण के लिए उद्यमियों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि घोषित प्रोत्साहन पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उद्योगों तक पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने खिलौना उद्योग की सम्भावनाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में खिलौना पार्क का विकास किया जाए।

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक भूमि की लागत कम करने पर भी विशेष जोर दिया और कहा कि भूमि, लॉजिस्टिक्स और अनुमोदन से जुड़ी लागत को कम कर निवेश को और आकर्षक बनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एम0एस0एम0ई0 इकाइयों और नए उद्यमियों के लिए सुगम वातावरण तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने उद्योग बन्धु की बैठकों को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित उद्योग बन्धु की बैठकों में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। इन बैठकों में उद्योग जगत द्वारा रखी गई समस्याओं और अपेक्षाओं का समाधान अगली बैठक से पहले हर हाल में होना चाहिए।

## लखनऊ में 22 फरवरी को लगेगा मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दिनांक 22 फरवरी 2026 को जनपद लखनऊ में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ मलखान सिंह के कुशल निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। शिविर का उद्देश्य समाज के निर्बल एवं वंचित वर्गों को विधिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

# अली जैदी ने रक्षामंत्री से की मुलाकात



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने शनिवार को दिल्ली में रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से मुलाकात की। रक्षामंत्री के सरकारी आवास पर हुई मुलाकात के दौरान भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली भी मौजूद थे। मुलाकात के दौरान अली जैदी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से वक्फ से जुड़े विषयों के साथ ही शिया समुदाय की सामाजिक, शैक्षिक जरूरतों और वक्फ सम्पत्तियों के संरक्षण और विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान रक्षामंत्री ने सामाजिक सौहार्द, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के लिए मार्गदर्शन किया।

## छोटे इमामबाड़े में जलसे का आयोजन आज

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी को बीते दिनों ईरान में अंतर्राष्ट्रीय इमाम खुमैनी एवार्ड से सम्मानित किये जाने के सम्मान में हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े में रविवार को जलसा आयोजित होगा। सर्वधर्म समभाव का संदेश देने वाले कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम, सिख और ईसाई समाज के धर्मगुरु, संत-महात्मा, उलमा और सामाजिक प्रतिनिधि मंच पर शामिल होंगे। दोपहर 12:30 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मौलाना कल्बे जव्वाद का सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर वक्ता मौलाना के धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक योगदान पर रोशनी डालेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सारिम मेहदी ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं के माध्यम से अमन और इंसानियत का पैगाम दिया जाएगा।

## दुबग्गा में नाबालिग किशोरी के अपहरण का आरोप, पिता की तहरीर पर केस दर्ज

**दुबग्गा लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र के ग्राम सुखलालखेड़ा में नाबालिग किशोरी के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता पवन यादव के अनुसार, उनकी पुत्री मंगलवार रात घर से बिना बताए कहीं चली गई।

# जश्ने उर्दू-2026 का दूसरा दिन साहित्यिक संवाद और मुशायरे के नाम रहा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग तथा आयुक्त संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय जश्ने उर्दू-2026 के दूसरे दिन, 31 जनवरी 2026 को साहित्यिक गतिविधियों की समृद्ध श्रृंखला देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत बैतबाज़ी (साहित्यिक अंत्याक्षरी) से हुई जिसमें विद्यालयों, महाविद्यालियों और विश्वविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने, शायरों और साहित्यप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बैतबाज़ी के निर्णायक के रूप में प्रख्यात शायरा डॉ. परवीन कैफ़ एवं वरिष्ठ शायर मलिक नवेद उपस्थित रहे, जबकि संचालन रिज़वान उद्दीन फ़ारूक़ी ने किया। बैतबाज़ी मुक़ाबले में टीम कैफ़ भोपाली के अबूज़र एवं इल्तिजा बतूल ने प्रथम, टीम राम प्रसाद बिस्मिल के शम्स तबरेज़ एवं गुफ़राना ख़ातून ने द्वितीय एवं टीम हसरत मोहानी के अब्दुल्लाह एवं फ़िरदौस रज़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तदुपरांत आयोजित सेमिनार का केंद्रीय विषय उर्दू साहित्य में 'आत्मबोध से विश्वबोध' की परिकल्पना रहा।

सेमिनार के प्रारम्भ में मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य उर्दू साहित्य के माध्यम से आत्मबोध, वैचारिक स्वावलंबन और सामाजिक समरसता के मूल्यों को समकालीन संदर्भों में रेखांकित करना है। ऐसे विमर्श आज के समय में अधिक संवेदनशील, जागरूक और संवादशील समाज के निर्माण में सहायक होते हैं।

वहीं सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे डॉ. मोहम्मद नौमान ख़ान, वरिष्ठ साहित्यकार, भोपाल ने आत्मनिर्भर भारत का शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिदृश्य विषय पर विचार रखते हुए कहा कि भारत की सभी



भाषाओं के समान उर्दू भाषा का साहित्य भी हमारी सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपराओं का प्रतिबिंब है, जो एक आत्मनिर्भर और गरिमामय जीवन की प्रेरणा देता है।

वहीं, भोपाल के साहित्यकार एवं शायर डॉ. मोहम्मद आज़म ने उर्दू साहित्य में सांस्कृतिक चेतना ‑ दिशा एवं दशा विषय पर बोलते हुए कहा कि,उर्दू पूरी तरह भारतीय भाषा है, जिसमें भारत की सभ्यता और संस्कृति का इतिहास समाया हुआ है। उर्दू साहित्य में विभिन्न धर्मों के दर्शन और ईरानी-अरबी के साथ भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की झलक मिलती है। यह सत्य है कि भारत के बिना उर्दू का अस्तित्व संभव नहीं। इसलिए उर्दू साहित्य को भारतीय सांस्कृतिक और सभ्यतागत चेतना से जुड़ा होना चाहिए। सेमिनार का संचालन डॉ. एहसान आज़मी ने किया।

अंतिम सत्र में आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा जश्ने उर्दू के दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण रहा। मुशायरे की अध्यक्षता भोपाल के वरिष्ठ शायर इजलाल मजीद ने की सशक्त संचालन मोईन शादाब (दिल्ली) द्वारा किया गया। मुशायरे में जिन शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया उनके नाम और अशआर निम्न हैं।

वो तिश्नगी वो तजस्सुस वो इज़्तिराब गया
मिला जो आब तो सर्माया ए सराब गया

**इजलाल मजीद**

दिल के किसी उजाड़ से कोने से आई है
चेहरे पे जो बहार है रोने से आई है

**फ़रहत एहसास**

सियाह रात थी रोशन चराग़ कोई न था
मगर तुम्हारे भी दामन पे दाग़ कोई न था

**शाहज़ादा गुलरेज़**

निकलते वक़्त उनके दिल से ये मेहसूस होता था

## मंगलसूत्र झपटकर फरार हुआ बाइक सवार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। कानपुर बाईपास पर बाइक सवार एक युवक ने सब्जी कारोबारी की पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और मौके से फरार हो गया। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। ग्राम मुन्नाखेड़ा सैथा निवासी शशीकान्त राजपूत, जो दुबग्गा मंडी में सब्जी की आढ़त चलाते हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उनकी पत्नी हरियाली राजपूत अपनी ननद प्राची के साथ खरीदारी के लिए अमीनाबाद जा रही थीं। दोनों महिलाएं ई-रिक्शा से कानपुर बाईपास के पास पहुंचीं ही थीं कि तभी एक अज्ञात बाइक सवार युवक वहां आ धमका और अचानक हरियाली राजपूत के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटकर तेज रफ्तार में फरार हो गया। वारदात इतनी अचानक हुई कि महिलाएं संभल भी नहीं पाईं। हालांकि, पीड़िता की ननद प्राची ने आरोपी को पहचानने का दावा किया है। घटना के बाद घबराई महिलाओं ने परिजनों को सूचना दी।

# दारुल उलूम वारसिया में जलसा दस्तारबंदी का हुआ आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** दारुल उलूम वारसिया में शनिवार को जलसा दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जलसे में इफ्ता, फजीलत, आलमियत, किरअत और हिफ्ज मुकम्मल करने वाले 84 छात्रों की दस्तारबंदी के साथ पुरस्कृत किया गया। गोमती नगर स्थित मदरसे में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रयागराज से आए अल्लामा मुफ्ती मुजाहिद हुसैन मिस्बाही शामिल थे। अलशाह गुलजार इस्माईल कादरी रज्जाकी की सरपरस्ती में आयोजित जलसे का आगाज तिलावते कलामे पाक से हुआ, जिसके बाद बारगाहे रिसालत में मौलाना इस्लाम चिश्ती ने नात का नजराना पेश किया। जलसे में छात्रों को सम्बोधित करते हुए मुफ्ती मुजाहिद हुसैन मिस्बाही ने इल्मे दीन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि इल्मे दीन से आरास्ता होकर आप लोग अपना, अपने घर-खानदान के साथ ही समाज के लोगों को सही राह दिखाने का काम करें। समाज में फैली गुमराहियों को दूर कर एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने दीनी तालीम की अहमियत, कुरान और सुन्नत से जुड़ाव और उलमा की जिम्मेदारियों पर अपने विचार व्यक्त किये। जलसे को खिताब करते हुए प्रतापगढ़ के मानकपुर से आए मुफ्ती शाहनवाज अजहरी ने वर्तमान हालात में दीनी इदारों के किरदार और नई नस्ल की तरबियत पर सम्बोधित किया। दारुल उलूम वारसिया के मुफ्ती शेर मोहम्मद बरकाती ने मदरसे का परिचय कराया। मदरसे के प्रबंधक शरीफुल हसन कादरी की देखरेख में आयोजित जलसे का संचालन मौलाना मोहम्मद जहीर खान बरकाती ने किया। जलसे के समापन पर देश-प्रदेश में अमन-चैन, आपसी भाईचारा, विकास, दीनी इदारों की सरबुलंदी के साथ ही दुनिया में अमनो-सलामती के लिए विशेष दुआएं की गयीं।

# गंभीर जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित नवजात को इंटीग्रल अस्पताल में मिला नया जीवन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** इंटीग्रल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने दो माह की बालिका की जान बचाते हुए जीवनरक्षक हृदय उपचार को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। बच्ची को जटिल सायनोटिक जन्मजात हृदय रोग के कारण अत्यंत गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्ची जन्म से ही गंभीर नीलापन (सायनोसिस) से पीड़ित थी। रोने के दौरान उसके होंठ, नाखून और शरीर का रंग नीला पड़ जाता था। परिजनों ने बताया कि जन्म के बाद से ही वे बच्ची के इलाज के लिए संघर्ष कर रहे थे और लखनऊ व दिल्ली के कई सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों से परामर्श लिया गया, लेकिन बच्ची की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। 28 जनवरी को बच्ची को इंटीग्रल हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसकी हालत अत्यंत नाजुक थी। उस समय बच्ची का ऑक्सीजन सैचुरेशन मात्र 23 प्रतिशत



था। वह बेहद सुस्त थी, दूध नहीं पी पा रही थी और बार-बार उल्टी हो रही थी। तत्काल जांच के बाद पीडियाट्रिक कार्डियक टीम ने आपातकालीन डक्टल स्टेंटिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। चिकित्सकीय जांच में बच्ची को पल्मोनरी एट्रेसिया विद टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट (TOF) पाया गया। फेफड़ों तक पर्याप्त रक्त प्रवाह बहाल करने के लिए दो डक्टल स्टेंट लगाए गए। उपचार के बाद बच्ची का ऑक्सीजन सैचुरेशन 23 प्रतिशत से बढ़कर 93 प्रतिशत हो गया और उसका रंग गहरे नीले से गुलाबी हो गया। एनआईसीयू में निरंतर देखरेख के बाद बच्ची की हालत में लगातार सुधार हुआ और अब उसे स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली है। बच्ची का रंग बदलते देख उसकी पांच वर्षीय बड़ी बहन खुशी से मुस्कुराते हुए बोली, मुन्नी नीली से लाल हो गई। बच्ची के पिता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, हमें लगभग उम्मीद छोड़नी पड़ गई थी, लेकिन इंटीग्रल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने हमारी बच्ची को नया जीवन दिया।

इंटीग्रल हॉस्पिटल ने पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी सेवाओं की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत बच्चों के लिए विशेष ओपीडी परामर्श एवं उन्नत हृदय उपचार उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. सय्यद वसीम अख्तर ने पूरी चिकित्सा टीम को बधाई दी और किफायती व उन्नत बाल हृदय चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई।


